आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* अनंत चतुर्दशी

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 253 | उज्जैन, शुक्रवार 25 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

जिनपिंग अमेरिका पहुंचे, तोपों की सलामी, फाइटर जेट्स उड़े

वॉशिंगटन डीसी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग गुरुवार सुबह अमेरिका पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प प्रोटोकॉल तोड़कर खुद जॉइंट बेस एंड्रयूज एयरपोर्ट गए और उनका स्वागत किया। ट्रम्प के साथ फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी मौजूद थीं। शी के साथ उनकी पत्नी पेंग लियुआन भी अमेरिका पहुंची हैं। आज जिनपिंग का व्हाइट हाउस में औपचारिक स्वागत होगा। इस दौरान सैन्य विमान फ्लाईओवर करेंगे और करीब 500 अमेरिकी सैन्यकर्मी समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद ट्रम्प और शी के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। इसमें व्यापार, टैरिफ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ताइवान और रूस से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

भाजपा ने बंगाल चुनाव में 287 करोड़ रुपये खर्च किए

नई दिल्ली। बीजेपी ने असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में कुल 529.38 करोड़ रुपए खर्च किए। इसमें सबसे ज्यादा 286.99 करोड़ रुपए पश्चिम बंगाल में खर्च हुए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक बंगाल में पार्टी ने चुनाव प्रचार पर 217.16 करोड़ रुपए और उम्मीदवारों पर 69.83 करोड़ रुपए खर्च किए। बाकी 4 राज्यों में पार्टी ने 242 करोड़ रुपए खर्च किए। बीजेपी का बंगाल में खर्च कांग्रेस के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में किए गए कुल 248.55 करोड़ रुपए के खर्च से ज्यादा रहा।

दिल्ली में नाबालिग से रेप 12 दिन में चौथा मामला

नई दिल्ली। दिल्ली के वजीराबाद इलाके की एक होटल में नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी और पीड़ित दोनों वजीराबाद के रहने वाले हैं। आरोपी ने सोशल मीडिया पर लड़की से दोस्ती की और मंगलवार को उसे होटल में बुलाया। घटना के बाद लड़की घर पहुंची और परिवार को पूरी बात बताई। इसके बाद परिवार ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराया और उसका बयान दर्ज किया। मेडिकल जांच और लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है, घटना के बाद से आरोपी फरार है।

लव एंड वॉर से रणबीर कपूर का पहला लुक जारी



मोटी मूंछें, खून के दाग वाली शर्ट और गॉगल्स में दिखा रौबदार अंदाज

मुंबई। फिल्म लव एंड वॉर से रणबीर कपूर का पहला लुक बुधवार को सामने आया है। पोस्टर में रणबीर का इंटेंस और रॉ अंदाज नजर आ रहा है। रणबीर मोटी मूंछें, खून के दाग वाली शर्ट और गॉगल्स में दिखाई दे रहे हैं। उनका लुक किरदार के रफ और मजबूत अंदाज की झलक देता है। शर्ट पर खून के दाग फिल्म की डार्क और एक्शन से भरपूर कहानी की ओर इशारा करते हैं। वहीं, गॉगल्स उनके किरदार को स्टाइलिश लुक दे रहे हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, वो रुतबा, वो रौब, वो जुनून! पोस्टर में रणबीर का यह अवतार उनके अब तक के किरदारों से काफी अलग नजर आ रहा है। फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। लव एंड वॉर दुनियाभर में 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज की जाएगी। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है।

नैनो न्यूज

- **तेहरान :** ईरान बोला-फिर हमला हुआ तो युद्ध हिंद महासागर तक फैलेगा, इससे भारत-चीन पर असर, समुद्र में तनाव बढ़ा तो तेल लाने वाले जहाज भी फंसेंगे।
- **इस्लामाबाद :** इमरान समर्थकों का मार्च रोकने 2 हजार कंटेनर लगाए, हाईवे बंद, बुलडोजर-क्रेन लेकर रास्ता खोलने पहुंचेंगे पीटीआई कार्यकर्ता।
- **इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की, कहा- ड्रोन हमलों का जवाब दिया, तालिबान ने पहले चौकियों पर गोलाबारी की
- **नई दिल्ली :** देशभर में 2-अक्टूबर को यूपीआई से पेमेंट नहीं लेंगे व्यापारी, क्यूआर कोड को काले कपड़े से ढकेंगे, 2 हजार से ज्यादा ट्रांजैक्शन पर चार्ज का विरोध।
- **गाजा :** 2 बोरी आटे के बदले बेटी की शादी, यूएन रिपोर्ट- रेप पीड़िताओं की आरोपियों से शादी, बाल विवाह 123% बढ़े।
- **नई दिल्ली:** देशभर में गणेश विसर्जन आज- हैदराबाद में 30 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 24 ड्रोन और 10 हजार सीसीटीवी से निगरानी होगी।

ज्ञानेश कुमार- ईसीआई विवाद : एसआईआर और मतदाता सूची पर उठे सवाल

48 घंटे में इस्तीफे दें नहीं तो देशव्यापी आंदोलन होगा : अभिजीत दीपके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली को लेकर विवाद उस समय और बढ़ गया, जब एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले करीब 10 महीनों में आयोग के भीतर कम से कम 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। इन आपत्तियों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने-हटाने, नए मतदाताओं के पंजीयन, चुनावी डेटा तक पहुंच और मतदाता सूची से जुड़ी आईटी व्यवस्था के केंद्रीकरण जैसे मुद्दे शामिल बताए गए हैं।

दो निर्वाचन आयुक्तों की आपत्तियों से बढ़ा विवाद- द इंडियन एक्सप्रेस की 23 सितंबर की रिपोर्ट के अनुसार, संधू और जोशी ने कुछ फैसलों को लेकर आपत्ति दर्ज की और आरोप लगाया कि कुछ कदम उनकी जानकारी या मंजूरी के बिना उठाए गए। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि दोनों अधिकारियों ने कुछ बदलावों को अनधिकृत और अवैध बताया। हालांकि, ये उनके द्वारा दर्ज की गई आपत्तियां हैं और इन्हें अपने-आप में किसी न्यायिक संस्था द्वारा भ्रष्टाचार या अवैधता का अंतिम निष्कर्ष नहीं माना जा सकता।





फार्म-6 में बदलाव पर भी आपत्ति- रिपोर्ट के मुताबिक, नए मतदाता के पंजीयन के लिए इस्तेमाल होने वाले फार्म-6 में एसआईआर से संबंधित अतिरिक्त जानकारी मांगी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि विवेक जोशी ने मई में इस बदलाव पर आपत्ति जताई थी, जबकि बाद में सुखबीर सिंह संधू ने भी इसे हटाने की मांग की। यह मुद्दा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि फार्म-6 नए मतदाताओं के पंजीयन की प्रक्रिया का हिस्सा है।

चुनावी डेटा के केंद्रीकरण पर चिंता- दोनों निर्वाचन आयुक्तों की आपत्तियों में चुनावी रोल के डिजिटल डेटाबेस तक पहुंच का मुद्दा भी सामने आया। रिपोर्ट के अनुसार, जोशी ने डेटा के संभावित केंद्रीकरण को लेकर ऑडिट की जरूरत बताई, जबकि संधू ने राज्य स्तर के अधिकारियों की सिस्टम तक पहुंच को लेकर सवाल उठाए। यहां मुख्य सवाल यह है कि मतदाता सूची में बदलाव की वैधानिक जिम्मेदारी रखने वाले अधिकारियों के पास डिजिटल सिस्टम पर पर्याप्त नियंत्रण और पहुंच है या नहीं।

सीजेपी ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया

इसी विवाद के बीच सीजेपी के संस्थापक एवं अध्यक्ष अभिजीत दिपके ने 24 सितंबर को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। दिपके ने कहा कि यदि ज्ञानेश कुमार 48 घंटे के भीतर इस्तीफा नहीं देते हैं तो सीजेपी देशभर में आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने इसे जंतर मंतर 2.0 के रूप में आगे बढ़ाने की बात भी कही। सीजेपी ने केवल इस्तीफे की मांग ही नहीं की, बल्कि एसआईआर पर रोक लगाने, जनवरी 2025 की मतदाता सूची को बहाल करने तथा निर्वाचन आयोग की केंद्रीकृत चुनावी-डेटा व्यवस्था की स्वतंत्र जांच की मांग भी रखी है। पार्टी का आरोप है कि मौजूदा व्यवस्था में वैधानिक स्तर पर किसी मतदाता को पात्र माने जाने के बावजूद सॉफ्टवेयर या केंद्रीकृत प्रक्रिया के कारण उसका नाम अंतिम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सकता। यह सीजेपी का आरोप है, जिसकी स्वतंत्र पुष्टि इस रिपोर्ट में स्थापित तथ्य के रूप में नहीं की गई है।

मोहान यादव परिवार की जमीन के बाद अब ज्ञानेश कुमार पर इंडियन एक्सप्रेस का बड़ा खुलासा

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्टों ने मध्यप्रदेश से जुड़े दो अलग-अलग मामलों को चर्चा में ला दिया है। जून में प्रकाशित जांच में मुख्यमंत्री मोहन यादव के परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों द्वारा उज्जैन में जमीन खरीद का मामला सामने आया था। सितंबर में दूसरी रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व वाले निर्वाचन आयोग में दो निर्वाचन आयुक्तों की 10 महीनों में 14 लिखित आपत्तियों का खुलासा किया गया। इनमें एसआईआर, फार्म-6 और चुनावी डेटा से जुड़े मुद्दे शामिल बताए गए। दोनों मामलों में आरोपों को स्वतंत्र रूप से जांचे जाने की मांग उठी है।

ईसीआई का पक्ष भी सामने आया

निर्वाचन आयोग ने रिपोर्ट में बताए गए मतभेदों को आयोग में टूट के रूप में पेश किए जाने पर आपत्ति जताई है। आयोग का कहना है कि अलग-अलग मुद्दों पर विचार-विमर्श के दौरान अलग राय होना सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है और एसआईआर सहित आयोग के फैसले सर्वसम्मति से लिए गए। इसलिए दो निर्वाचन आयुक्तों की लिखित आपत्तियों को आयोग के अंतिम फैसले या किसी कथित भ्रष्टाचार का स्वतः प्रमाण नहीं माना जा सकता।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों पर पीपीपी की छाया

592 करोड़ का उज्जैन कॉलेज भी चर्चा में

करीब 4 हजार करोड़ के सरकारी निवेश के बाद निजी भागीदारी पर सवाल, 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी पीपीपी मॉडल में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आमजन को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकार की है। ऐसे में मध्यप्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर संचालित करने की कवायद ने सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बहस छेड़ दी है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश के नौ सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मॉडल में लाने की तैयारी की जा रही है। विपक्ष ने इसे सरकारी संसाधनों को निजी हाथों में देने की दिशा में कदम बताते हुए सवाल उठाए हैं।

डॉ. चन्दर सोनाने ने बताया कि नीमच, सिंगरौली, श्योपुर, मंडला, राजगढ़, बुदनी, छतरपुर और दमोह सहित मेडिकल कॉलेजों के नाम सामने आए हैं। विभिन्न रिपोर्टों में इन संस्थानों में भवन, मशीनरी, फर्नीचर और अन्य सुविधाओं सहित सरकारी निवेश करीब 4 हजार करोड़ रुपये बताया गया है। हालांकि प्रस्ताव की अंतिम शर्तें, प्रत्येक संस्थान की पीपीपी संरचना और निजी भागीदार की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से सामने आना अभी बाकी है।

592 करोड़ का उज्जैन मेडिकल कॉलेज भी सवालों के घेरे में- उज्जैन में करीब 592.3 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। वर्ष 2024 में इसके भूमिपूजन और निर्माण लागत की जानकारी सार्वजनिक हुई थी। अब यदि निर्माणाधीन उज्जैन मेडिकल कॉलेज को भी पीपीपी व्यवस्था में शामिल किए जाने की तैयारी की जा रही है, तो उज्जैन के लोगों के सामने स्वाभाविक सवाल है कि जिस संस्थान का निर्माण सरकारी निवेश से किया जा रहा है, उसके संचालन की व्यवस्था भविष्य में किसके हाथ में होगी और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा शुल्क का निर्धारण किस व्यवस्था से होगा?

सवाल सिर्फ कॉलेज का नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था का है

करीब 4 हजार करोड़ रुपये के सरकारी निवेश से तैयार अथवा विकसित हो रहे मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मॉडल में लाने की खबर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव का मामला नहीं है। इसका सीधा संबंध मेडिकल शिक्षा, डॉक्टरों की उपलब्धता और आम मरीज के इलाज से है। सरकार यदि पीपीपी मॉडल को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का माध्यम मानती है तो उसे इसकी पूरी शर्तें सार्वजनिक करनी चाहिए। किस संस्था को कितना अधिकार मिलेगा, सरकार का नियंत्रण कितना रहेगा, मरीजों के लिए शुल्क की सीमा क्या होगी, गरीब मरीजों का इलाज कैसे सुनिश्चित होगा और पीपीपी की अवधि समाप्त होने के बाद संस्थान की स्थिति क्या होगी—इन सवालों के जवाब सार्वजनिक होना जरूरी है। उज्जैन के मामले में तो यह सवाल और महत्वपूर्ण है। 592 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा मेडिकल कॉलेज उज्जैन के लोगों की वर्षों पुरानी स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत से जुड़ा प्रोजेक्ट है। इसलिए शहर यह जानना चाहेगा कि यह कॉलेज अंततः सरकारी रहेगा या पीपीपी व्यवस्था में जाएगा और यदि जाएगा तो आम मरीज के लिए उसकी शर्तें क्या होंगी। सरकार की ओर से पीपीपी को स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का मॉडल बताया जा रहा है, जबकि विपक्ष और अन्य आलोचक इसे सरकारी स्वास्थ्य ढांचे के निजीकरण की दिशा में कदम बता रहे हैं। अब आवश्यकता आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर प्रस्ताव की पूरी शर्तें और मरीजों के हितों की गारंटी सार्वजनिक करने की है।

केंद्र-राज्य के पैसे से बने कॉलेजों पर भी सवाल

डॉ. चन्दर सोनाने ने बताया की कुछ मेडिकल कॉलेज केंद्र प्रायोजित योजना के तहत केंद्र और राज्य की साझी भागीदारी से विकसित हुए हैं। केंद्र सरकार के आधिकारिक दस्तावेजों में मध्यप्रदेश के राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, श्योपुर और सिंगरौली जैसे जिलों के मेडिकल कॉलेजों को केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत स्वीकृत कॉलेजों में सूचीबद्ध किया गया है। वहीं सरकार स्वयं पीपीपी मॉडल को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के विस्तार का माध्यम बता रही है। सितंबर 2026 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मध्यप्रदेश में पीपीपी मॉडल के जरिए मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार की सराहना की। केंद्र के अनुसार धार, पन्ना, कटनी और बैतूल में पीपीपी आधारित नए मेडिकल कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं। डॉ. चन्दर सोनाने ने बताया की सरकार का तर्क यह है कि पीपीपी के जरिए निजी क्षेत्र की क्षमता और निवेश का इस्तेमाल करके मेडिकल शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा सकता है। दूसरी ओर सवाल यह है कि सरकारी जमीन, सरकारी निवेश और सार्वजनिक अस्पतालों से जुड़े संस्थानों में निजी भागीदारी होने पर आम मरीज के हितों की गारंटी कैसे होगी?

मामला केवल मेडिकल कॉलेजों तक सीमित नहीं

मामला केवल मेडिकल कॉलेजों तक सीमित नहीं है। जून 2026 में मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा रीवा, देवास और गुना जिलों के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की मंजूरी की रिपोर्ट सामने आई थी। इनमें रीवा के आठ, देवास के चार और गुना के छह सीएचसी बताए गए हैं। सरकार की ओर से इसका उद्देश्य डॉक्टरों की कमी दूर करना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना बताया गया। लेकिन यहां भी सवाल वही है—क्या सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निजी भागीदारी के साथ गरीब और ग्रामीण मरीजों के लिए इलाज, जांच और दवाओं की मौजूदा सुविधाएं उसी तरह सुनिश्चित रहेंगी?

सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोरी का समाधान पीपीपी ही क्यों?

सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों की कमी, विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पद, मशीनों के रखरखाव और व्यवस्थागत समस्याएं वास्तविक चुनौतियां हैं। यदि इन समस्याओं के समाधान के लिए पीपीपी मॉडल अपनाया जा रहा है तो सरकार को सार्वजनिक रूप से यह बताना होगा कि निजी भागीदार को क्या अधिकार मिलेंगे और सरकार की निगरानी किस स्तर पर रहेगी। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि गरीब मरीजों के लिए मुफ्त या रियायती इलाज, जांच, दवाइयां, आयुष्मान भारत के मरीजों का उपचार और मेडिकल छात्रों की फीस जैसी व्यवस्थाओं पर इसका क्या असर पड़ेगा।

उज्जैन में वर्ष 2021 में भी मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मॉडल से जोड़ने की चर्चा सामने आई थी। मौजूदा प्रस्तावों में उज्जैन का नाम शामिल होने का दावा राजनीतिक और मीडिया रिपोर्टों में किया गया है, हालांकि इसकी अंतिम सरकारी सूची और शर्तों की आधिकारिक प्रति सार्वजनिक होना इस पूरे मामले को स्पष्ट करने के लिए जरूरी है।

मुख्यमंत्री यादव सहित अन्य भाजपा नेताओं का

रावण रूपी पुतला फूंकने पर चार कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य भाजपा नेताओं के चेहरों वाले रावण रूपी पुतले के दहन का मामला अब राजनीतिक तकरार का मुद्दा बन गया है। मामले में पुलिस ने कांग्रेस के चार नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रिपोर्टों के अनुसार इनमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती का नाम भी शामिल है।

एफआईआर की कार्रवाई के बाद कांग्रेस ने इसे लेकर सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि यह सब भोपाल में बैठे फूफा जी के इशारे पर किया गया है। उनके इस बयान के सामने आने के बाद नीमच की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 सितंबर को नीमच के दौरे पर पहुंचे थे। उनके दौरे से पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती के घर पुलिस की निगरानी और उन्हें नजरबंद किए जाने की खबरें भी सामने आई थीं।

अब पुतला दहन मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक टकराव का नया मुद्दा सामने आ गया है। कांग्रेस जहां इसे राजनीतिक कार्रवाई के तौर पर देख रही है, वहीं पुलिस की कार्रवाई का आधार एफआईआर में दर्ज आरोपों और संबंधित कानूनी प्रावधानों से स्पष्ट होगा।

मामले ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि राजनीतिक विरोध और प्रदर्शन की सीमा कहां तक हो तथा राजनीतिक प्रतीकों के जरिए विरोध करने पर कानून-व्यवस्था की कार्रवाई किस आधार पर की जाए। फिलहाल एफआईआर के बाद नीमच की सियासत में बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

शेयर बाजार में हाहाकार: सेंसेक्स 1,200 अंक टूटा, निवेशकों के डूबे 4.33 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को एक बार फिर भारी बिकवाली का दौर देखने को मिला। बाजार में चौतरफा दबाव के चलते सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान निफ्टी 50 फिसलकर 23,200 के स्तर के पास आ गया, वहीं सेंसेक्स में भी 1,200 अंकों से ज्यादा की भारी गिरावट देखी गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप घटकर लगभग 480.68 लाख करोड़ रह गया, जो पिछले सत्र में 485.01 लाख करोड़ था। इस तरह महज एक ही दिन में निवेशकों के करीब 4.33 लाख करोड़ स्वाहा हो गए।

गिरावट का सबसे बड़ा कारण अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड का बढ़ना रहा। अमेरिका में 10 साल की बॉन्ड यील्ड बढ़कर करीब 5.11% तक पहुंच गई, जो 2007 के बाद का उच्चतम स्तर है। जब अमेरिका जैसे सुरक्षित बाजार में सरकारी बॉन्ड पर ज्यादा रिटर्न मिलने लगता है, तो विदेशी निवेशक भारत जैसे उभरते और जोखिम वाले बाजारों से पैसा निकालकर वहां निवेश करने लगते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) बड़ी चिंता बन गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें एक बार फिर $100 प्रति बैरल के आंकड़े को पार कर $102-$106 के दायरे में पहुंच गईं।

चक्रवात अर्नब के कारण ओडिशा-आंध्र प्रदेश में भारी बारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से बना अर्नब चक्रवात उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तट से देर रात 11 से 1 बजे के बीच टकरा गया। इसके असर से दोनों राज्यों के तटीय जिलों में भारी बारिश हो रही है।

दक्षिण ओडिशा के 10 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करीब 5 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। मलकानगिरी में चार पुल डूब जाने से ट्रैफिक बंद हो गया है। सुरक्षा कारणों से नेशनल हाईवे भी बंद कर दिया गया है। वहीं, राउरकेला में तूफान से सिविल टाउनशिप में बना 150 फुट ऊंचा गणेश पंडाल ढह गया। आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के कलिंगपट्टनम के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ 75 किमी प्रति घंटे तक की हवाएं चलीं। विजयवाड़ा में निचले इलाकों में पानी भर गया है। शहर के कई स्कूलों में लगातार दूसरे दिन छुट्टी कर दी गई है।

नोएडा में चलती स्लीपर बस में आग, 9 यात्री जिंदा जले

यात्री बोले- सिगरेट पी रहे थे ड्राइवर-क्लीनर, आग भड़की तब भी बस नहीं रोकी

एजेंसी ▸▸ नोएडा

नोएडा में बुधवार रात यमुना एक्सप्रेस-वे पर चलती स्लीपर एसी बस में आग लगने से 9 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें 8 पुरुष और एक महिला है।


बस में कुल 35 यात्री सवार थे। 20 को रेस्क्यू किया गया, जबकि कुछ लोग खिड़कियां तोड़कर निकले। अंदर फंसे लोग बुरी तरह जल गए। उनके शव तक की पहचान नहीं हो पाई। बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से रात 9.30 बजे महोबा के लिए निकली थी। करीब 11.30 बजे जेवर एयरपोर्ट से 500 मीटर आगे इसमें आग लग गई। बस में सफर कर रहे सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर-क्लीनर सिगरेट पी रहे थे। यात्रियों ने विरोध किया तो दोनों हंसने लगे। बस में जलने की गंध भी आ रही थी, कुछ देर बाद उसमें आग लग गई। आग के बावजूद ड्राइवर ने तुरंत बस नहीं रोकी। यात्रियों के शीशे तोड़ने के बाद ही उसे रोका गया।

बस मध्य प्रदेश की, 19 चालान 1.75 लाख जुर्माना हो चुका

पुलिस ने बताया कि बस मध्य प्रदेश के राज कल्पना ट्रैवल्स की है। इसके 19 चालान हो चुके हैं और 1.75 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस ने दो ड्राइवर पवन, विनोद और कंडक्टर योगेश को गिरफ्तार किया है।

- **बस का पिछला हिस्सा काटकर पहुंचे फायर फाइटर्स-** फायर ऑफिसर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने 45 मिनट में आग बुझाई। फायर फाइटर्स बस का पिछला हिस्सा काटकर अंदर पहुंचे, तब एक-एक करके शव बाहर निकाले गए। रेस्क्यू करीब 2 घंटे चला।
- **शुरुआती जांच में एसी में ब्लास्ट से आग लगने की आशंका-** नोएडा के चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार के मुताबिक शुरुआती जांच में एसी में स्पार्क या ब्लास्ट से इंजन में आग लगने की आशंका है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

मौसम विपरीत, लक्ष्य बड़ा और काम छोटे

पर्यावरण के लिए जिम्मेदारी वैसे तो किसी एक की नहीं हम सभी की है। इसके निर्वहन के लिए सभी को आगे आकर जिम्मेदारी लेना चाहिए। शहर की संस्था ने महाभियान में 10 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य लिया है। खास यह है कि मौसम एवं प्रकृति इस दौरान पूरी तरह से विपरीत ही कही जाएगी। 10 लाख से अधिक पौधारोपण के लिए लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण भी किया जाना है। ऐसे में विपरित हालातों में रोपित किए जाने वाले पौधों का हश्र क्या होगा यह सामान्य विचार का प्रश्न बनता है। जिले के साथ शहर में वर्षा की स्थिति काफी कमजोर ही कही जाएगी जबकि करीब आधी बारिश ही हुई है। शहरी क्षेत्र में जमीनों की स्थिति यह है कि उसकी नमी देखने में ही नहीं आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों को वैज्ञानिक एवं संबंधित विभाग कम पानी वाली फसल रबि के दौरान लेने की अभी से सलाह दे रहे हैं। ऐसे में अगर मात्र लक्ष्य पूर्ति के लिए पौधों का रोपण कर भी दिया गया तो उनकी उन्नति को लेकर संशय में रहना तय ही है। यही नहीं लक्ष्य चाहे कितना भी हो उसका प्रतिफल मात्र अंश में ही सामने आना तय है। अनुकुल प्राकृतिक परिस्थिति में जरूर इस लक्ष्य का भरपूर प्रतिफल मिलता। अब जबकि वर्षा की विदाई की स्थिति तय हो चुकी है ऐसे में सिर्फ लक्ष्य के मान से नहीं पौधों की चेतन्यता को लेकर भी विचार किया जाना वास्तविकता से ओतप्रोत होकर काम करने जैसा होगा। खुसूर-फुसूर है कि आंकडों की स्थिति में तो जंगल विभाग पहले ही बेजोड़ है और जंगल विहिन जिले में उसने रेकार्ड तोड आंकडों को कागजों में तय किया हुआ है। पंचक्रोशी मार्ग ऐसे ही हालातों में न जाने कितनी बार दस्तावेजों में हरा-भरा और धरातल पर उजाड कर दिया गया है। लक्ष्य जंगल विभाग के कामों से प्रतिस्पर्धा का न रखते हुए वास्तविक प्रतिफल को लेकर किया जाए तो इससे पौधों के नष्ट होने का खतरा भी नहीं रहेगा और धरातल पर शहरी क्षेत्र हराभरा भी परिणाम के रूप में दिखाई देने लगेगा।

नैनो न्यूज

- श्री भूतेश्वर महादेव भक्त मंडल ने की गणेशजी की महाआरती, मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करने का दिलाया संकल्प
- छात्रों की गूंजह्न कार्यक्रम में सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन कराने पर वसीम मोहम्मद दिल्ली में सम्मानित
- राज्य स्तरीय बैडमिंटन में गोल्ड जीतकर उज्जैन के अभिराम नेशनल के लिए चयनित, भोपाल की सीआईएससीई प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन, अब तमिलनाडु में दिखाएंगे हुनर
- संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से हरि हरानंद शौर्य कला सांस्कृतिक सामाजिक शिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित 50 दिवसीय अखाड़ा कार्यशाला का समापन समारोह आज 21 सितंबर को आयोजित किया गया।
- गुजराती रामी माली समाज युवा संगठन की मालवा प्रांत कार्यकारिणी घोषित, उज्जैन के लेखराज चौहान बने नगर अध्यक्ष, सूर्य और आशीष को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी
- सृष्टि के निर्माण के साथ ही आयुर्वेद हमें विरासत में मिला है- ओम जैन, राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर संगोष्ठी का शुभारंभ

ट्रेंडिंग



देवी के आंगन मे दुर्लभ गणेश, चौसठ योगिनी मंदिर में अद्भुत गणेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकालेश्वर को कालों के काल कहा जाता है। जिस धरा पर स्वयं काल को थामनेवाला हो वहां तंत्र साधना सफल होने की पूरी संभावना मानी जाती है अतः प्राचीन काल से ही उज्जयिनी तंत्र साधना स्थली रही है। इस प्राचीन तपोभूमि का विस्तार महाकाल वन से भैरवगढ़ तक माना जाता है। इसी क्षेत्र में अतिप्राचीन मंदिर विद्यमान हैं। उज्जैन एकमात्र ऐसा शहर है जहां शिव के साथ शक्ति भी हैं। देवी के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों मे यहां हरसिद्धि माता मंदिर, गढ़कालिका मंदिर व चौसठ योगिनी मंदिर हैं। पुरानी बस्ती नयापुरा की गली में स्थित चौसठ योगिनी मंदिर तो तंत्र की दृष्टि से बड़ा ही महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। मंदिर में दूर-दूर से साधक व तंत्र के ज्ञाता नवरात्रि के दौरान आते रहते हैं। चौसठ योगिनी मंदिर के अंदर वर्तमान में देवी के सिर्फ आठ विग्रह ही दिखते हैं।



मंदिर के पार्श्व मे गणेश- चौसठ योगिनी की परिक्रमा करने मे देवी की पीठ पर गणेशजी की अति दुर्लभ मूर्ति के दर्शन होते हैं। गणेशजी की खड़ी मुद्रा की मूर्ति मे उनकी पांच सूंड व दस हाथ हैं। सभी हाथों में अलग अलग आयुध हैं। आश्चर्य तो तब होता है जब गणेशजी का मुख तो एक ही नजर आता है किन्तु सूंड पांच हैं। मध्यवाली सूंड की दोनो तरफ दो-दो सूंड हैं। कालेज पाषाण से निर्मित गणेशजी की ये दुर्लभ मूर्ति सभी को आकर्षित व रोमांचित करती है।

तंत्र मे गणेश महत्वपूर्ण

प्रथम पूज्य देव गणेश ही हैं। प्रथमेश की आराधना के बगैर कोई भी वैदिक अनुष्ठान या साधना पूरी नहीं हो सकती इसलिए गणेशजी की पूजन सर्वप्रथम की जाती है। तंत्र की सफलता आसान नहीं और प्रत्येक तांत्रिक की इच्छा होती है कि साधना सफल हो। अनुमान ये लगाया जा रहा है कि चौसठ योगिनी का आह्वान करने से पूर्व तांत्रिक गणेशजी के हेरम्ब रूप की पूजन करते रहे हों ताकि उन्हें अभिष्ट की प्राप्ति हो। शायद इसी प्रयोजन से देवी चौसठ योगिनी के पार्श्व मे गणेशजी का हेरम्ब रूप है। मंदिर के पुजारी पं मनीष व्यास का कहना है कि गणेशजी के इस रूप के विषय मे कोई ठोस जानकारी तो नहीं है किन्तु मंदिर अतिप्राचीन है और तंत्र नगरी मे चौसठ योगिनी तंत्र साधना का केन्द्र पुराने समय से रहा है तो ये गणेश तांत्रिक गणेश ही हैं। पुरातत्वविद् विष्णु वाकणकर भी इस गणेश मूर्ति से काफी रोमांचित हुए थे किन्तु वे भी इसके काल की गणना नहीं कर पाए क्योंकि मूर्ति मंदिर की दीवार में लगी हुई है। पुरातन शहर मे विद्यमान ऐसी दुर्लभ मूर्तियां सभी को रोमांचित करती हैं।

हेरम्ब गणपति से काफी मिलती - जुलती

पौराणिक ग्रंथों में गणेशजी के 32 विविध रूप बताए गए हैं। ध्यान व श्लोकों मे भी गणेश के 32 नामों का वर्णन है। इसमें ग्यारहवे क्रम के गणेश का हेरम्ब नाम है। हेरम्ब गणपति की पांच सूंड हैं और दस हाथ हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि शिल्पी ने हेरम्ब गणपति के स्वरूप में ही इस मूर्ति को बनाया है।

हीरामिल कुंड में गणेश प्रतिमा विसर्जन निषेध

मूर्तियां संग्रहित कर केडी पैलेस के पीछे ले जाई जाएंगी, शिप्रा में होगा ससम्मान विसर्जन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन ने इस बार नई व्यवस्था लागू की है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ वर्षों से जीरो पाइंट ब्रिज के समीप हीरामिल कम्पाउंड स्थित कुंड में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा।

नगर निगम झोन क्रमांक-5 के प्रभारी रवि वास्कले के अनुसार, श्रद्धालुओं द्वारा लाई जाने वाली गणेश प्रतिमाओं को कुंड के समीप बनाए गए काउंटर पर एकत्र किया जाएगा। इसके बाद नगर निगम का अमला आयशर और ट्रकों के माध्यम से प्रतिमाओं को कालियादेह पैलेस के पीछे ले जाएगा, जहां गणेश प्रतिमाओं का शिप्रा नदी में ससम्मान विसर्जन किया जाएगा। अनंत चतुर्दशी से एक दिन पूर्व ही नगर निगम का अमला व्यवस्था को लेकर सक्रिय नजर आया। हीरामिल कुंड की चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है, ताकि विसर्जन के लिए आने वाले लोगों के कुंड में उतरने से किसी तरह की दुर्घटना न हो। कुंड के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी की गई है। प्रतिमाओं को रखने के लिए कुंड के समीप तख्त लगाए गए हैं।



रामघाट, भूखी माता, के.डी. पैलेस, त्रिवेणी, हीरामिल की चाल सहित अन्य प्रमुख घाटों पर होमगार्ड के लगभग 150 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। जवानों द्वारा घाटों पर लगातार निगरानी रखी जायेगी तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल रेस्क्यू की कार्रवाई की जाएगी। गणेश विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों केडी पैलेस एवं हीरामिल की चाल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा घाटों पर भी गणेश प्रतिमाओं को एकत्रित करने हेतु नगर निगम के वाहन उपलब्ध रहेंगे, जिनमें एकत्रिम गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बाद में पूर्व से निर्धारित स्थानों पर किया जा सके। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही करें।

एक दिन पहले ही करते रहे विसर्जन

अनंत चतुर्दशी पर प्रशासन द्वारा की गई सख्ती को देखते हुए कई श्रद्धालुओं ने एक दिन पहले ही गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया। नदी और विभिन्न कुंडों के अलावा हीरामिल कुंड में भी महिलाएं और युवा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते नजर आए। ऐसे में अनंत चतुर्दशी के दिन प्रशासन द्वारा तय की गई नई विसर्जन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना भी चुनौती रहेगा।

गणेश उत्सव की धूम



हरसिद्धि मंदिर के समीप व्यापारी एसोसिएशन द्वारा गणेश जी की सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है यहां विराजित गणेश जी मां हरसिद्धि के लाल के नाम से जाने जाते हैं।



रामघाट मार्ग शीतला माता की गली में श्री अष्टविनायक ग्रुप द्वारा गणेश जी की सुंदर व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है यहां विराजित गणेश प्रतिमा 18 फीट की है तथा सवा लाख रुपए में बुरहानपुर से मंगवाकर विराजित की है।



मालीपुरा आर्य- समाज रोड पर बाल गणेश मित्र मंडली द्वारा पंडाल सजाकर गणेश जी की सुंदर व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित की है मंडल के अध्यक्ष शुभ बारोड और जयदीप चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतिदिन सुबह शाम आरती के पश्चात लड्डू प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरित की जा रही है।



कहारवाड़ी के लाल- चौबीस खंबा मार्ग कहारवाड़ी क्षेत्र में गणेश उत्सव नवयुवक मंडल द्वारा गणेश जी की सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है यहां विराजित गणेश जी पंचमुखी है और यहां विराजित गणेश जी कहारवाड़ी के युवराज के नाम से जाने जाते हैं।



रेलवे स्टेशन के राजा- रेलवे स्टेशन के बाहर गेट नंबर एक के समीप अर्जुन ठाकुर मित्र मंडल द्वारा 1 लाख 81 हजार रुपए कीमत की 27 फीट ऊंची आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित की है। अध्यक्ष सरकार सिंह राजपूत ने बताया कि प्रतिमा 1100 किलोमीटर दूर हैदराबाद से यहां मंगवाकर विराजित की है।

जर्जर देवास गेट बस स्टैंड, हादसे का खतरा

छत से गिर रहा प्लास्टर, टूटा फर्श, बंद पंखे-लाइट और अव्यवस्थाओं से यात्री परेशान





महिलाओं के लिए भी सुरक्षित बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में एक ओर बड़े पैमाने पर निर्माण और विकास कार्य चल रहे हैं, वहीं शहर का प्रमुख देवास गेट बस स्टैंड बदहाली और अनदेखी का शिकार नजर आ रहा है। बस स्टैंड की जर्जर इमारत, जगह-जगह से निकलता प्लास्टर, उखड़ता फर्श और बंद पंखे-लाइट यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने समय रहते मरम्मत और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी तरह की दुर्घटना को टाला जा सके।

कई जगह जर्जर भवन, प्लास्टर गिरने का खतरा- देवास गेट बस स्टैंड पर भवन की छत और दीवारों से कई जगह प्लास्टर निकल चुका है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ दिन पूर्व भी यहां एक दुर्घटना होते-होते बची। ऐसे में यात्रियों की आवाजाही के बीच जर्जर हिस्सों को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की स्थिति को देखते हुए संबंधित विभाग को इसकी तकनीकी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत करानी चाहिए।

टूटे फर्श से यात्रियों को ठोकर का खतरा

बस स्टैंड परिसर में कुछ स्थानों पर फर्श की पट्टियां उखड़ी हुई हैं। इससे यात्रियों के ठोकर खाकर गिरने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय दुकानदार विमल कुमार खंडेलवाल ने बताया कि सिंहस्थ को देखते हुए शहर में व्यवस्थाएं सुधारी जा रही हैं, ऐसे में बस स्टैंड जैसे प्रमुख यात्री केंद्र की भी मरम्मत जरूरी है। उन्होंने पानी, नाली की सफाई और शौचालय सहित अन्य सुविधाओं को व्यवस्थित करने की मांग की।

महिलाओं के लिए बैठने की व्यवस्था पर भी सवाल

स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए निर्धारित बैठने की जगह पर कई बार असामाजिक तत्व और नशेड़ी बैठे रहते हैं। इसके चलते महिला यात्रियों को नीचे फर्श पर बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।



पंखे-लाइट बंद यात्रियों को परेशानी

बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए पंखों में से कई बंद बताए जा रहे हैं। वहीं कुछ स्थानों पर लाइट व्यवस्था भी ठीक नहीं होने की शिकायत है। यात्रियों का कहना है कि गर्मी और उमस के बीच बस का इंतजार करना मुश्किल हो जाता है। मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी की आवश्यकता बताई जा रही है।



रोजाना बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही- स्थानीय लोगों के मुताबिक देवास गेट बस स्टैंड पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है। सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए अभी से व्यवस्थाएं सुधारने की मांग उठ रही है। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड शहर के प्रमुख प्रवेश और यात्री केंद्रों में से एक है, इसलिए यहां सुरक्षा और सुविधाओं में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जर्जर हिस्सों की जल्द मरम्मत जरूरी- बस स्टैंड पर मौजूद अंकित खत्री ने कहा कि सिंहस्थ को लेकर शहर में बड़े निर्माण कार्य हो रहे हैं, लेकिन देवास गेट बस स्टैंड की स्थिति पर भी ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने जर्जर भवन की जल्द मरम्मत और यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं आशीष उपाध्याय ने कहा कि बारिश के दौरान भी यात्रियों को परेशानी होती है। उन्होंने जर्जर छत, बंद पंखे और लाइट व्यवस्था को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि बड़ी संख्या में यात्री यहां मौजूद रहते हैं, ऐसे में किसी तरह की दुर्घटना होने से पहले प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

सिंहस्थ से पहले व्यवस्था सुधारने की मांग- सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर उज्जैन में यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की चुनौती बढ़ रही है। स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों का कहना है कि देवास गेट बस स्टैंड की इमारत की मरम्मत, फर्श दुरुस्ती, पेयजल, शौचालय, सफाई, प्रकाश और पंखों की व्यवस्था के साथ महिलाओं के लिए सुरक्षित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही रात के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस की नियमित निगरानी की जाए।

गणेश उत्सव में श्री यादव ने सहभागिता की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मालीपुरा में श्री कृष्णा युवा ग्रुप, कंगालपुरा-मालीपुरा एकदंत परिवार दूधतलाई, जूनियर ग्रुप मित्र मंडली मालीपुरा, मालीपुर इंटरनेशनल चौराहा श्री खेड़ापति सरकार जिद्दी ग्रुप बहादुरगंज मां ज्ञानेश्वरी ग्रुप श्री शीतला माता मंदिर समिति श्री कृष्णा नवयुवक मंडल ब्राह्मणगली जागेश्वर युवा ग्रुप द्वारा आयोजित गणेश उत्सव में सहभागिता कर भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं आरती की। इस दौरान समाजसेवी अभय यादव का स्वागत किया गया। इस अवसर पर रोहीत पटेल, ऋतिक चौहान, प्रिंस डोडिया, प्रतीक डोडिया, लक्ष्य परमार, शुभम चौहान, सौरभ परमार, विशु गेहलोत, अंश सोलंकी, सूरज चौहान, कृष्णा चौहान, हर्षित चौहान सभी ने स्वागत अभिनन्दन किया।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 25 सितंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

साइन लैंग्वेज दिवस पर निकाली गई रैली

इंदौर। श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के प्रति सामाज में जागरूकता लाने की दृष्टि से आज अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह प्रारंभ हुआ। सप्ताह के दौरान बधिर लोगों के मानवाधिकारों की घोषणा थीम पर विभिन्न आयोजन किये जाएंगे। इसी सिलसिले में आज अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। कलेक्टर कार्यालय से लालबाग तक निकाली गई रैली में अशासकीय संस्था आनंद सर्विस सोसायटी इन्दौर, मूक बधिर संगठन इन्दौर, मूक बधिर एवं अंधशाला एवं संजीवनी सेवा संगम इन्दौर के छात्र/छात्राएँ एवं स्टॉफ उपस्थित हुयें।

सरकारी जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

इंदौर। इंदौर जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण तथा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में आज जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सनावदिया में सरकारी पट्टे की जमीन पर बनी अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम अजय भूषण शुक्ला ने बताया कि तहसील मिचौली हप्सी के सनावदिया गांव में भूमि स्वामी जितेंद्र पिता करण सिंह ने सर्वे नंबर 680/1/1/2/3 और 680/1/1/2/6 की करीब 0.550 हेक्टेयर शासकीय पट्टे की भूमि पर अवैध प्लॉट काटकर बेचना और निर्माण शुरू कर दिया था। सूचना पर एसडीएम श्री अजय भूषण शुक्ला, तहसीलदार श्री अनिल पटेल तथा श्री अजय अहिरवार और राजस्व अमले ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन पक्के निर्माण और सड़कों पर बुलडोजर चलाकर पूरी कॉलोनी को जमींदोज कर दिया।

इंदौर में अवैध कॉलोनी पर प्रशासन का बड़ा प्रहार

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रशासन ने कल बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सनावदिया में सरकारी पट्टे की जमीन पर बनी अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। तहसील मिचौली हप्सी के सनावदिया गांव में भूमि स्वामी जितेंद्र पिता करण सिंह ने सर्वे नंबर 680/1/1/2/3 और 680/1/1/2/6 की करीब 0.550 हेक्टेयर शासकीय पट्टे की भूमि पर अवैध प्लॉट काटकर बेचना और निर्माण शुरू कर दिया था। इसी क्रम में एसडीएम अजय भूषण शुक्ला, तहसीलदार अनिल पटेल, अजय अहिरवार और राजस्व अमले ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन पक्के निर्माण और सड़कों पर बुलडोजर चलाकर पूरी कॉलोनी को जमींदोज कर दिया। बता दें कि इस मामले में आरोपी बने सिंह, चम्पालाल और जितेंद्र पर पहले से ही अवैध कॉलोनी के तहत एफआईआर दर्ज है।

कलेक्टर ने रिकॉर्ड रूम एवं सहायता केंद्र का किया निरीक्षण



इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय स्थित रिकॉर्ड रूम का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां अभिलेखों के रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम में संधारित विभिन्न शासकीय अभिलेखों की स्थिति, उनके व्यवस्थित रख-रखाव तथा रिकॉर्ड की सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि रिकॉर्ड रूम को और अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने महत्वपूर्ण एवं पुराने शासकीय अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त रैक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने रिकॉर्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्गीकृत कर सुरक्षित रखने, अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को नियंत्रित करने तथा रिकॉर्ड की सुरक्षा के लिए आवश्यक निगरानी एवं संरक्षण व्यवस्था प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का सुरक्षित संधारण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए रिकॉर्ड रूम की व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा भी की जाए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में नागरिकों की सुविधा के लिए बनाए गए सहायता केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सहायता केंद्र के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और मार्गदर्शन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सहायता केंद्र पर आए नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं तथा उन्हें मिल रही सहायता के संबंध में फीडबैक भी लिया।

नैनो न्यूज

- **देवास में साइबर ठगी गिरोह पकड़ा-** देवास पुलिस ने साइबर ठगी गिरोह का खुलासा कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। छह मामलों में करीब 10 लाख की ठगी सामने आई।
- **शाजापुर में फीस वृद्धि विरोध-** शाजापुर में एलएलबी की फीस बढ़ाने के विरोध में भीम आर्मी ने चक्काजाम किया। एससी-एसटी विद्यार्थियों की फीस बढ़ोतरी पर आपत्ति जताई।
- **सुसनेर विधायक ने जताई नाराजगी-** सुसनेर विधायक ने संगठन में उपेक्षा को लेकर नाराजगी जताई और पार्टी नेताओं पर संगठन को कमजोर करने संबंधी आरोप लगाए।
- **आगर में किसानों का अनोखा प्रदर्शन-** आगर-मालवा में किसान 37 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर हैं। कलेक्टर कार्यालय के सामने दाल-बाटी बनाकर सोयाबीन बीमा भुगतान की मांग की।
- **रतलाम में मानसून फिर सक्रिय-** मध्यप्रदेश में 24 सितंबर से बारिश का नया दौर शुरू होने के पूर्वानुमान के बीच रतलाम सहित मालवा क्षेत्र में मौसम गतिविधियों पर नजर बनी हुई है।
- **मंदसौर में बाइक चोरी कैमरे में कैद-** पिपलियामंडी में मनासा रोड स्थित दुकान के बाहर खड़ी बाइक तीन बदमाश चुरा ले गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई।

उज्जैन के गयाकोठा तीर्थ की बदहाली: शासन से मिले 4 करोड़ रुपये से पहले चरण में घाट और बुनियादी ढांचे का काम हुआ

सात साल में करोड़ों खर्च, फिर भी श्राद्ध पक्ष में श्रद्धालु होंगे बेहाल

धर्मस्व विभाग ने इसके कायाकल्प के लिए 10.63 करोड़ रुपये की योजना मंजूर की थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्राद्ध पक्ष की शुरूआत होने वाली है और देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु अपने पितरों के तर्पण और पिंडदान के लिए धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचने लगे हैं। लेकिन मंगलनाथ मार्ग स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक गयाकोठा तीर्थ की स्थिति इस वर्ष भी जस की तस बनी हुई है। वर्ष 2018 में स्वीकृत हुए विकास कार्य 7 साल बीत जाने और करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अब तक पूरे नहीं हो सके हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव और अधूरे निर्माण कार्यों के कारण बारिश के बीच आने वाले श्रद्धालुओं को भारी बदहाली और असुविधा का सामना करना पड़ेगा। बताया जाता है कि वर्ष 2018 में तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह की पहल पर गयाकोठा तीर्थ स्थल को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था। धर्मस्व विभाग ने इसके कायाकल्प के लिए 10.63 करोड़ रुपये की योजना मंजूर की थी। निर्माण एजेंसी हाउसिंग बोर्ड ने शुरूआत में तेजी से काम कराया। शासन से मिले 4 करोड़ रुपये से पहले चरण में घाट और बुनियादी ढांचे का काम हुआ, लेकिन शेष राशि नहीं मिलने के कारण काम बंद हो गया। अब 7 साल बाद अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए शासन ने 6.7 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया है।



करोड़ों खर्च, फिर भी सुविधाओं का अभाव

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यहां सुविधाओं का घोर अभाव है। परिसर में फ्लोरिंग का काम अधूरा है। बारिश होने पर दलदल और कीचड़ की स्थिति बन जाती है। मुख्य प्रवेश द्वार, कुंड, छतरी और बाउंड्री वॉल का काम भी अधूरा है। आगमन और निर्गम की उचित व्यवस्था नहीं होने से जाम और अफरातफरी की स्थिति बनती है। कुंड और तालाब में काई जमी है, जबकि पानी से बदबू भी आती है। आसपास झाड़ियां उगी हैं और पिंडदान हॉल की टाइल्स व पत्थर टूटने लगे हैं। स्कंद पुराण के अवंतिका खंड के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने उज्जैन में महर्षि सांदीपनि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण की थी। मान्यता है कि श्रीकृष्ण ने गया जी की फल्गु नदी को गुप्त रूप से इसी स्थान पर प्रकट किया था। यहां विष्णुपद, सप्तऋषि मंदिर और 84 महादेवों में से एक मंदिर स्थित है। पितृपक्ष में विष्णु चरणों पर दुग्ध अर्पित कर तर्पण करने का विशेष धार्मिक महत्व है।

तीर्थ क्षेत्र का विकास तीन चरणों में होना था

खाकचौक स्थित गयाकोठा तीर्थ क्षेत्र का विकास तीन चरणों में कराने के लिए शासन ने साल- 2018 में 22 करोड़ 50 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत की थी। सूत्र बताते हैं निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को शासन से जितनी राशि स्वीकृत हुई थी, उससे निर्माण कार्य करवा लिया है। शेष राशि आवंटित नहीं होने पर यथा स्थिति बनी हुई है। उल्टे अनदेखी के अभाव में जो नवनिर्माण किया गया था वह भी जमींदोज होने लगा है। सबसे अधिक दुर्दशा धार्मिक व पौराणिक महत्व की ऋषि तलाई की है। महीनों से इसकी साफ सफाई नहीं हुई है। तलाई के जल में पड़ी दूध आदि पूजन सामग्री के सड़ने से चारों और दुर्गंध फैल रही है। तीर्थ की बदहाली देख देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना आहत हो रही है।

चना-मूंग-उड़द-मसूर के भाव भी बढ़े, और बढ़ेगा दाम

बिगड़ा रसोई का बजट: एक हफ्ते में तुवर 10 रुपए महंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

त्योहारी सीजन शुरू होते ही दालों की बढ़ती कीमत ने घर का बजट बिगाड़ना शुरू कर दिया है। भोपाल के थोक बाजार में एक सप्ताह में तुवर दाल करीब 10 रुपये किलो महंगी हो गई। 1 सितंबर से अब तक इसके भाव में करीब 19 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ चना, मूंग, उड़द और मसूर के दाम भी ऊपर गए हैं। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री विवेक साहू के अनुसार, अच्छी गुणवत्ता वाली तुवर दाल करीब एक सप्ताह पहले 119 रुपये किलो थी, जो अब 130 रुपये किलो तक पहुंच गई है। 1 सितंबर को इसका भाव करीब 111 रुपये किलो था। दालों में तेजी का असर सिर्फ तुवर तक सीमित नहीं है। सितंबर की शुरूआत की तुलना में चना दाल 76 से बढ़कर 80 रुपये किलो, हरी मूंग 85 से 89 रुपये, मूंग मोगर 91 से 93 रुपये, उड़द मोगर 102 से 105 रुपये और मसूर 76 रुपये किलो तक पहुंच गई है।


त्योहार और शादियों से पहले मांग बढ़ी

व्यापारियों के मुताबिक दालों के दाम बढ़ने की बड़ी वजह मांग और उपलब्धता के बीच अंतर है। गणेश उत्सव के बाद नवरात्रि, दीपावली और फिर शादी का सीजन आने वाला है। इन दिनों दालों की खपत बढ़ती है। इसी को देखते हुए व्यापारी और मिलर्स पहले से स्टॉक जुटा रहे हैं। दूसरी ओर उत्पादक राज्यों से मंडियों में आवक सामान्य से कम रहने और पुराना स्टॉक घटने से बाजार में उपलब्धता पर दबाव बना है। नई फसल की पर्याप्त आवक शुरू होने में अभी समय है। ऐसे में मांग बढ़ने और माल सीमित रहने से कीमतें ऊपर जा रही हैं।

बारिश से लेकर आयात तक, कई कारण डाल रहे असर

विवेक साहू के अनुसार दालों के भाव केवल स्थानीय मांग से तय नहीं हो रहे हैं। दलहन उत्पादक क्षेत्रों में बारिश, मौसम, बुवाई और उत्पादन का अनुमान भी बाजार पर असर डाल रहा है। इसके अलावा भारत की आयात जरूरत के कारण म्यांमार और कनाडा जैसे देशों से आने वाली दालों की कीमत और उपलब्धता भी घरेलू बाजार को प्रभावित करती है। आयातित माल की परिवहन और अन्य लागत बढ़ने पर उसका असर थोक बाजार से होते हुए खुदरा कीमतों तक पहुंचता है। यानी बाजार में आने वाला महंगा माल सीधे उपभोक्ता की जेब पर असर डालता है।

विवेक साहू ने हाल में शक्कर के बाजार में आई तेजी का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकारी हस्तक्षेप और बाजार में उपलब्धता बढ़ने के बाद शक्कर के दाम नीचे आए। उनका कहना है कि दालों में भी यदि पर्याप्त बफर स्टॉक खुले बाजार में उतारा जाए तो कीमतों पर दबाव कम किया जा सकता है। फिलहाल तुवर में एक सप्ताह में 10 रुपये और सितंबर में अब तक 19 रुपये की तेजी ने सबसे ज्यादा असर डाला है। आने वाले दिनों में नई फसल की आवक, बाजार में उपलब्ध स्टॉक और सरकारी कदम यह तय करेंगे कि त्योहारों से पहले दालों के भाव को राहत मिलती है या रसोई का खर्च और बढ़ता है।



प्रशासन ने की अनशन स्थल पर चर्चा, कार्रवाई का भरोसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गांधी प्रतिमा के नीचे पिछले 7 दिन से नागरिक हितों एवं शहर में अवैध बैनर, पोस्टर और होर्डिंग के विरुद्ध जल-अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता प्रह्लाद पांडेय से मंगलवार की शाम को प्रशासनिक अधिकारियों ने मुलाकात की। एसडीएम घनश्याम धनगर, नगर निगम इंदौर के रिमूवल विभाग के अधिकारी बबलू कल्याणे तथा स्वास्थ्य विभाग की महिला चिकित्सक ने इनसे बात की तथा कार्रवाई जारी रखने का विश्वास दिलाया धरना स्थल पर आए एसडीएम ने पांडेय से चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी दी कि निगम द्वारा शहर में नियम-विरुद्ध पाए जा रहे बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इस दौरान श्री बबलू कल्याणे द्वारा नगर निगम की ओर से लगभग 30-40 स्थानों पर की गई कार्रवाई के फोटो भी श्री पांडेय को दिखाए गए। चिकित्सक द्वारा पांडेय के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें ब्लड शुगर काफी कम पाया गया तथा उनकी वर्तमान स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल चिकित्सकीय उपचार एवं अस्पताल में भर्ती किए जाने की सलाह दी गई। एसडीएम ने भी पांडेय से उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जल-अनशन समाप्त कर अस्पताल में उपचार कराने का अनुरोध किया। पांडेय ने अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निगम द्वारा शुरू की गई कार्रवाई का स्वागत किया, साथ ही निवेदन किया कि

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 14 साल बाद निरस्त किया फैसला

वकील की गलती की सजा पक्षकार को नहीं दी जा सकती

अधिवक्ता के जूनियर ने गलती से दूसरे प्रकरण की जानकारी अपनी डायरी में दर्ज कर ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एडवोकेट या उनके साथ काम करने वाले किसी जूनियर एडवोकेट द्वारा की गई मानवीय भूल के संबंध में हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता द्वारा की गई मानवीय भूल का खामियाजा पक्षकार को नहीं भुगताया जा सकता।

हाई कोर्ट ने 14 वर्ष पुराने मामले में जिला कोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति विनय सराफ ने जिला कोर्ट से कहा है कि वह मामले में उसी स्तर से दोबारा सुनवाई करे, जहां वह फैसले के वक्त था। एडवोकेट रेखा श्रीवास्तव ने बताया कि मामला पारसी मोहल्ले के एक मकान से जुड़ा है। रंजीत नारायण हक्सर ने योगेंद्र कुमार चड्ढा के विरुद्ध एक केस दायर किया था। आरोप था कि मकान का निर्माण स्वीकृत नक्शे के विरुद्ध किया गया है। 28 जून 2010 को प्रकरण सुनवाई के लिए नियत था, लेकिन चड्ढा और उनके अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके।

इस पर कोर्ट ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए 29 सितंबर 2010 को उनके विरुद्ध फैसला सुना दिया। चड्ढा के अधिवक्ता को एकपक्षीय फैसले की जानकारी पांच अक्टूबर 2010 को लगी। इसके एक दिन बाद ही छह अक्टूबर को उन्होंने इस फैसले को निरस्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर दिया। कोर्ट को बताया कि 28 जून 2010 को जिला कोर्ट में हक्सर का एक अन्य मामला

मानवीय भूल है

अधिवक्ता के जूनियर ने प्रकरण की तारीख दर्ज करते समय गलती से दूसरे प्रकरण की जानकारी अपनी डायरी में दर्ज कर ली थी। जूनियर वकील ने स्वयं कोर्ट के समक्ष उपस्थित होकर गवाही दी और अपनी गलती की पुष्टि भी की। इसके साथ ही गलती से संबंधित साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए। इसके बावजूद जिला कोर्ट ने आवेदन निरस्त कर दिया। इस पर अपील हाई कोर्ट पहुंची। हाई कोर्ट ने परिस्थितियों और रिकार्ड का परीक्षण करने के बाद माना कि यह जानबूझकर की गई लापरवाही के बजाय सद्भाविक रूप से हुई मानवीय भूल है। कोर्ट ने कहा कि न्याय का उद्देश्य केवल प्रक्रिया का कठोर पालन कराना नहीं, बल्कि पक्षकार को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर देना भी है।

मध्य प्रदेश भाजपा में बड़ा फेरबदल

शिव प्रकाश को प्रदेश प्रभार, चंद्रशेखर संगठन महामंत्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशों पर पार्टी के केंद्रीय कार्यालय द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियों की नई लिस्ट जारी की गई है। इस नए फेरबदल के तहत मध्य प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण सांगठनिक जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और गोवा के साथ-साथ मध्य प्रदेश का दायित्व सौंपा गया है। उनका केंद्र मुंबई रहेगा। शिव प्रकाश के पास मध्य प्रदेश संगठन का लंबा अनुभव रहा है, जिससे राज्य में कार्यकताओं और सत्ता के बीच समन्वय को और मजबूती मिलेगी। संगठन को मैदानी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए सतीश धौंड को मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र (4 प्रदेशों) में 'प्रदेश सह-महामंत्री (संगठन) एवं जनजाति संपर्क' का महत्वपूर्ण प्रभार दिया गया है। उनका केंद्र नागपुर तय किया गया है। इसके साथ ही संगठन को मैदानी स्तर पर मजबूती देने के लिए चंद्रशेखर को मध्य प्रदेश का नया संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया है।

कूनो में 1 अक्टूबर से सफारी का रोमांच, इस सीजन 20 हजार पर्यटकों के आने का अनुमान

पहली बार खुले जंगल में दिखेंगे 16 चीते...

सफारी बुकिंग हुई आसान, श्योपुर में खुलेगा चौथा काउंटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में सफारी का रोमांच इस बार अपने चरम पर होने वाला है। 1 अक्टूबर से शुरू हो रहे नए पर्यटन सत्र में सैलानियों को एक बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। पिछले चार सालों में ऐसा पहली बार होगा जब अक्टूबर की शुरूआत में ही 16 चीते खुले जंगल में घूमते नजर आएंगे। चीतों के इस खुले दीदार से पार्क प्रबंधन को उम्मीद है कि इस बार पर्यटकों की संख्या पिछले साल के मुकाबले दोगुनी हो सकती है।

पिछले सीजन में कूनो में चीतों का दीदार करने करीब 9,117 पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन इस बार खुले जंगल में 16 चीतों की मौजूदगी को देखते हुए प्रबंधन ने करीब 20 हजार पर्यटकों के आने का अनुमान जताया है। सैलानियों की इस संभावित भीड़ से श्योपुर के स्थानीय होटल संचालकों, सफारी वाहनों और गाइडों समेत दर्जनों कारोबारों में जबरदस्त उछाल आने की उम्मीद है।

पर्यटकों की बढ़ती तादाद को देखते हुए सुविधाओं में भी इजाफा किया जा रहा है। अब तक सफारी की ऑफलाइन टिकट सिर्फ टिकटोली, अहेरा और पीपलवाड़ी (विजयपुर) गेट से ही मिलती थी। लेकिन 1 अक्टूबर से श्योपुर जिला मुख्यालय पर स्थित कूनो कार्यालय में भी चौथा बुकिंग काउंटर शुरू हो जाएगा। इस नई व्यवस्था से सैलानियों को सफारी बुकिंग के लिए सीधे पार्क के गेट तक भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

50 करोड़ से बनेगी फोरलेन सड़क

पार्क के प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में 'टिकटोली गेट' को खास तरीके से विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग यहां एक फैसिलिटेशन सेंटर तैयार कर रहा है, जहां पर्यटक आराम करने के साथ-साथ चीतों और श्योपुर की स्थानीय संस्कृति से जुड़ी रोचक जानकारियां ले सकेंगे। इसके अलावा, टिकटोली तक पहुंच को और आसान बनाने के लिए सेसईपुरा रोड को फोरलेन करने का प्लान है, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क में चीतों की कुल संख्या 51 है। इन चीतों को देखने और सफारी का बेहतरीन अनुभव देने के लिए इस बार पार्क के अंदर गाड़ियों और गाइडों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है।

बता दें कि कूनो में 17 सितंबर 2022 को चीता प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई। शुरूआती एक साल में चीते अधिकांशतः बाड़े में ही रहे। इनकी संख्या बढ़ने के साथ ही इन्हें खुले जंगल में छोड़ना शुरू किया गया। वर्तमान में कूनो में शावकों सहित 52 चीते हैं, कूनो के खुले जंगल में इस समय 17 वयस्क चीते हैं, जबकि 35 (19 शावक सहित) बोमा/बाड़े में हैं। कूनो के खुले जंगल में जो चीते हैं, वह श्योपुर के अलावा शिवपुरी, मुरैना, ग्वालियर के अलावा राजस्थान के करौली, बारां तक विचरण कर रहे हैं।

पर्यटकों को जंगल की हरियाली और नदी-झरने भी करेंगे आकर्षित- इस बार भी मानसून के बाद कूनो का जंगल हरियाली से भर गया है। बारिश के बाद जंगल की प्राकृतिक सुंदरता, नदी-नाले और जलस्रोत भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। यही वजह है कि कूनो सफारी में केवल चीते ही नहीं, बल्कि पूरा जंगल पर्यटकों के अनुभव का हिस्सा बनता है। कूनो के आसपास पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से स्थानीय स्तर पर भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं। सफारी वाहनों, गाइड, होटल, रिसोर्ट और छोटे कारोबार से जुड़े लोगों को पर्यटन सत्र शुरू होने का इंतजार रहता है।

उज्जैन-आगर नैरोगेज की कहानी सुना रहा है 111 साल पुराना इंजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज की तेज रफ्तार ट्रेनों के दौर में उज्जैन से आगर के बीच कभी ऐसी ट्रेन दौड़ती थी, जिसकी रफ्तार इतनी धीमी थी कि लोग दौड़कर उसमें सवार हो जाते थे और चलती ट्रेन से उतर भी जाते थे।

सात डिब्बों वाली यह ट्रेन उज्जैन से आगर की करीब 68 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार घंटे से अधिक समय लेती थी। इस नैरोगेज ट्रेन की पहचान उज्जैन के मकोडियाआम स्टेशन से भी जुड़ी थी। स्टेशन के नाम पर ही इस मार्ग पर चलने वाले भाप इंजन को 'मकोडियाआम' नाम दिया गया था।

आज मकोडियाआम स्टेशन और उस दौर की नैरोगेज ट्रेन इतिहास का हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन उस समय का 564 नंबर भाप इंजन वर्तमान में रतलाम स्टेशन के बाहर संरक्षित है। वर्ष 1915 में निर्मित यह इंजन करीब 59 साल तक रेलवे की सेवा में रहा और वर्ष 1974 में सेवा से बाहर हुआ। इसके अंतिम कार्यक्षेत्र के रूप में उज्जैन-आगर नैरोगेज खंड का उल्लेख मिलता है।

68 किलोमीटर की पटरी पर बदल गई थी मालवा की रफ्तार

ग्वालियर स्टेट द्वारा 15 मार्च 1932 को उज्जैन से आगर के बीच नैरोगेज रेल सुविधा शुरू की गई थी। करीब 68 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर मकोडियाआम प्रमुख स्टेशन था। आगर रोड की ओर स्थित इस स्टेशन की पहचान बाद में इस रेलखंड की यादों से गहराई से जुड़ गई। उस समय ट्रेन में एक भाप इंजन और सात डिब्बे होते थे। ट्रेन की रफ्तार बेहद कम थी। यही वजह थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसके धीमे चलने को लेकर कई किस्से-कहानियां प्रचलित थीं। लोग कई बार दौड़कर चलती ट्रेन में चढ़ जाते थे। इसी तरह रास्ते में जरूरत के अनुसार चलती ट्रेन से उतर भी जाते थे।

न्यूज कालम



बाल अपराधों की रोकथाम के लिए बच्चों व अभिभावकों को बताए कानूनी अधिकार

सनावद। बालक-बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम और उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से न्यायालय परिसर सनावद में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति सनावद के निर्देश पर हुए शिविर में बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। न्यायाधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश आकांक्षा गर्ग ने कहा कि बच्चों को मजदूरी जैसे कार्यों से दूर रखा जाए और उनकी गतिविधियों पर अभिभावक ध्यान दें। उन्होंने सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सावधानी बरतने, अनजान लोगों से दोस्ती नहीं करने तथा व्यक्तिगत व पारिवारिक जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही किसी भी प्रकार की निजी तस्वीर या वीडियो साझा करने से बचने के लिए जागरूक किया। एजीपी गोपाल चौहान ने कहा कि बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखते हुए उनके व्यवहार और संगति पर ध्यान देना जरूरी है। अभिभावक बच्चों को अच्छे-बुरे व्यवहार की पहचान के बारे में समझाएं, ताकि वे किसी भी संदिग्ध परिस्थिति में सतर्क रह सकें। उन्होंने बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया का सीमित उपयोग कराने तथा उन्हें ऑफलाइन गतिविधियों में व्यस्त रखने की बात कही। शिविर में न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

लायंस क्लब सनावद स्नेह ने अंजरूद में बच्चों को बांटे स्कूल बैग



सनावद। पढ़ाई के लिए नया बस्ता हाथ में आते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी नजर आई। लायंस क्लब सनावद स्नेह की ओर से सेवा गतिविधि के तहत समीपस्थ ग्राम अंजरूद में स्कूली बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी के ड्रीम प्रोजेक्ट च्चलो गांव की ओरज के तहत ग्रामीण और जरूरतमंद बच्चों तक सेवा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बस्ते मिलने से बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सहयोग मिलेगा और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनीता जैन ने कहा कि बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ही सेवा कार्य की सबसे बड़ी खुशी है। क्लब द्वारा बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए सेवा गतिविधियां आगे भी जारी रखी जाएंगी। प्रथम उपाध्यक्ष ला. विपिन गुप्ता ने कहा कि किसी बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली छोटी-सी पहल भी सेवा को सार्थक बना देती है। कार्यक्रम में डायरेक्टर ला. रेणुका गुप्ता सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधान पाठक रामेश्वर पंचोली ने क्लब का आभार व्यक्त किया।

धर्म के समापन अवसर पर 26 सितंबर को धार्मिक एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा

सनावद। पर्युषण पर्व एवं दस लक्षण धर्म के समापन अवसर पर 26 सितंबर को ओंकारबाग जैन धर्मशाला, मोरटक्का में धार्मिक एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में भगवान जिनेंद्र पूजन, कलश यात्रा, कलशाभिषेक और ध्वजारोहण के साथ निमाड़ के स्वर साधकों को च्च्कासलीवाल स्मृति स्वर साधना सम्मानज्ञ से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1.30 बजे कलश यात्रा से शुरू होगा। इसके बाद संगीतमय पूजन, स्वर साधक सम्मान, कलशाभिषेक, ध्वजारोहण, वात्सल्य भोज एवं मंगल आरती होगी। सम्मानित स्वर साधकों द्वारा भक्ति प्रस्तुति भी दी जाएगी। इस दौरान पर्युषण व दस लक्षण धर्म में सेवा देने वाले विद्वानों, ब्रह्मचारी भैया-दीदी, समाज प्रमुखों एवं विशिष्टजनों को विशेष विद्वत एवं सेवा सम्मान प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति ने समाजजनों से सहभागिता का आग्रह किया है।

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

बड़वानी । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने 29 सितम्बर को जनपद पंचायत निवाली के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 में जनपद सदस्य हेतु 29 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होने वाले मतदान के मद्देनजर ग्राम पंचायत वासवी, सिलदड़, बोरली, खेड़ी की भागौलिक सीमा एवं सीमा से 5 किलोमीटर की परिधि में स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान सेंधवा ए, बी, सी एवं डी तथा ऐम्बी वाइन शाप सेंधवा की दुकानों को मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व अर्थात मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना पूर्ण होने तक बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों की शुरूआत की। क्षेत्र में कुल 28 विकास कार्य करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न पंचायत मे होना हैं। कार्यक्रम के दौरान मातमूर, इटावदी, करोली, आशापुर, मनावर, टेमरिया, उरवाय, मोहना और मेहतवाड़ा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में



सीसी रोड, पुलिया, सुरक्षा दीवार, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, प्राथमिक विद्यालय भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र भवन सहित अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा महेश्वरी नदी पर मेहतवाड़ा से बड़ा मार्ग को जोड़ने वाले पुल निर्माण कार्य भी किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ क्षेत्र की प्रगति का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नए भवनों के निर्माण से ग्रामीणों को पंचायत सेवाएं, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और बच्चों के शिक्षा एवं विकास के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।कार्यक्रम के दौरान विधायक राजकुमार मेव ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, अशोक डावर जनपद अध्यक्ष ,लालसिंह पटेल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अशोक गुर्जर सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्र कला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ठीकरी

बड़वानी ठीकरी नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में च्च्सेवा संकल्प अभियानज्ञ के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद श्री गजेंद्रसिंह पटेल ने सहभागिता कर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर आयोजित सेवा चित्र प्रदर्शनी का सांसद श्री पटेल ने भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं के साथ अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा चित्रों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प, सपनों और आकांक्षाओं को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री गजेंद्रसिंह पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और विकसित भारत के सपनों को अभिव्यक्त करते उनके विचारों एवं चित्रों को देखकर मन अभिभूत हुआ। बच्चों की कल्पनाशीलता और उनके भीतर विकसित भारत के निर्माण की भावना देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के साथ ही उनमें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच को भी सुदृढ़ करते हैं।

एनएफआरके महाप्रबंधक ने बइरबी-सायरंग लाइन का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री आशीष बंसल ने 22 सितंबर, को बइरबी-सायरंग रेल लाइन का निरीक्षण किया और चल रहे विकास कार्यों की स्थिति और प्रगति की समीक्षा की। इस दौरे के दौरान, श्री बंसल ने बदरपुर से सायरंग तक विंडो ट्रेलिंगनिरीक्षण भी किया।

सायरंग में निरीक्षण के दौरान, श्री बंसल ने कोचों के लिए वॉशिंग पिट लाइन के निर्माण कार्य की प्रगति का मुआयना किया। यह विकास कार्य पूर्ण होने पर, पिट लाइन कोचों की बेहतर सफाई, सर्विसिंग और रखरखाव में मदद करेगी, जिससे रखरखाव के मानकों और यात्रियों की सुविधा में सुधार होगा। उन्होंने कोचों के लिए सिक लाइनका भी निरीक्षण



किया, जिसे कोचों की सही जांच, रखरखाव और मरम्मत के लिए बनाया गया है। इन सुविधाओं से परिचालन क्षमता बढ़ने और सुरक्षित व विश्वसनीय ट्रेन परिचालन में मदद मिलने की उम्मीद है।

इस क्षेत्र में पदस्थापित रेल कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। श्री बंसल ने सायरंग में स्टाफ क्वार्टर का निरीक्षण किया, जहाँ रेलवे संचालन और रख रखाव कार्यों में लगे कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाएँ पहले ही बनाई जा चुकी हैं। उन्होंने रेल कर्मचारियों की बढ़ती आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाए जा रहे अतिरिक्त स्टाफ क्वार्टर के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। ये बेहतर आवासीय सुविधाएँ रेल कर्मचारियों को अच्छी सुविधाएँ और रहने के लिए उत्तम माहौल प्रदान करेंगी।

डीजे पर नाचने की बात पर चाकू से युवक की हत्या, एक किशोर घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर

ग्राम देवरा में डोलग्यारस पर कार्यक्रम के दौरान देर रात विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। डीजे पर नाचने की बात को लेकर कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान धारदार हथियार से एक युवक की हत्या कर दी गई। वहीं एक किशोर भी घायल हुआ है। विवाद के चलते में अफरा-तफरी मच गई। घायल किशोर को . बड़वानी रेफर किया गया है।

घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम अवल्दामान निवासी प्रभांश उर्फ बिट्टू पिता लालसिंह डोडवे अपने दोस्त विकास पिता विजय किराड़े सावन पिता शंकर धार्वे तथा कान्हा पिता मोहन चौहान के साथ मंगलवार रात ग्राम देवरा में डोला देखने पहुंचे थे। कार्यक्रम में डीजे पर कुछ युवक नाच रहे थे। रात्रि करीब डेढ़ बजे के लगभग कुछ युवकों के बीच कहासुनी और विवाद हो गया। इसी दौरान एक युवक उस तरफ भागा, जहां पहले से विकास खड़ा था। इसी दौरान विकास अचानक जमीन पर गिर गया। साथियों ने उसके पास

जाकर देखा तो उसके पेट से खून निकल रहा था। जांच करने पर पता चला कि उसके पेट पर चाकू से वार किया। उनके साथ मौजूद सावन की पीठ पर भी चोट के निशान मिले।

घटना की सूचना मिलने पर मनावर पुलिस ने मौके से जुड़े लोगों से जानकारी जुटाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है।ॉ घोषितः घटना के बाद घायल विकास और सावन की सांसे चल रही थी। घायल हालत में दोनों को दोस्त मोटरसाइकिल से सिविल अस्पताल मनावर लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने विकास को मृत घ्नोषित कर दिया। घायल सावन का उपचार करने के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बड़वानी रेफर किया गया।

थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि देवरा में डोल ग्यारस कार्यक्रम के दौरान विवाद में विकास किराड़े की मौत हुई है तथा सावन धार्वे घायल हुआ है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी की पहचान कर जल्द नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

लर्निंग कार्यशाला में युवाओं को मिला तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण

बड़वानी । जिला प्रशासन बड़वानी के सौजन्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं और विद्यार्थियों को तेजी से विकसित हो रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक की मूल अवधारणाओं, व्यावहारिक उपयोग, रोजगार एवं नवाचार की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य तथा गणमान्यजन श्री अजय यादव ने उद्बोधन दिया। विशेषज्ञ प्रशिक्षक के रूप में एसजीएसआईटीएस, इंदौर के डॉ. उपेंद्र सिंह ने लगभग दो घंटे तक एआई एवं मशीन लर्निंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस अवसर संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। आयोजन व्यवस्था स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा की गई। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को अपने व्यक्तिगत क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए निरंतर अपने कौशल का विकास करना होगा।

अनंत चतुर्दशी पर आज रात मंदसौर में निकलेगा 16 भव्य झांकियों का कारवां

मंदसौर। अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर आज शुक्रवार रात्रि 9 बजे से नगर में केंद्रीय गणेशोत्सव समिति के तत्वाधान में 62वां गणपति विसर्जन चल समारोह धूमधाम से निकाला जाएगा। समारोह में 16 आकर्षक झांकियों के साथ 7 अखाड़ों के पहलवान अपने दुर्लभ और हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। गणपति चौक स्थित श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर पर कलेक्टर दिव्यांक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह का औपचारिक शुभारंभ होगा। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि झांकियों का यह कारवां महाराणा प्रताप चौराहा से प्रारंभ होकर श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगा। रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक नगर के विभिन्न मार्गों पर झांकियों की नयनाभिराम छटा देखने को मिलेगी। इसके अलावा मार्ग में 10 प्रमुख स्थानों पर भगवान गणेश की विशाल प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु विराजित रहेंगी। सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिहाज से मार्ग में वॉच टॉवर, पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मी, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की तैनाती की गई है। नगर पालिका और सामाजिक संगठनों द्वारा पेयजल व स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कॉलेज में उत्कृष्ट स्वयंसेवक सम्मानित हुए

मंदसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस विशेष व्याख्यान, उत्कृष्ट सहभागिता करने वाले स्वयं सेवकों का सम्मान, बी प्रमाण-पत्र वितरण तथा अमृत वाटिका में श्रमदान जैसे विभिन्न आयोजन संपन्न हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार ने कहा कि एनएसएस केवल सेवा कार्य का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता लोधा ने विद्यार्थियों से सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक रहकर रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता करने का आह्वान किया। जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्वयंसेवकों को समाज और महाविद्यालय के बीच एक मजबूत सेतु बताया। कार्यक्रम में आई.क्यू.ए.सी. का प्रतिनिधित्व सुश्री अर्पिता गोराना ने किया। समारोह में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज में 100 से अधिक पंजीयन कराने वाले स्वयंसेवकों मोहम्मद कैफ, विमला पाटीदार, प्रीति पाटीदार एवं खुशबू परिहार को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।

उमंग दिवस आयोजित

मंदसौर। महारानी लक्ष्मीबाई शा. कन्या उ.मा. विद्यालय में किशोर-किशोरियों के जीवन कौशल, आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उमंग दिवस का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य राजेश रत्नावत ने बताया कि उमंग त्रिवेणी के तहत जीवन कौशल, समानता और आत्मरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के तहत उज्जवल पहल के माध्यम से लड़कों को जेंडर चैंपियन बनाने और सशक्त पहल के जरिए छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए गए।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
ई- निविदा सूचना
निविदा संख्या: 83266851 • **दिनांक:** 22.09.2026 • **कार्य का नाम:** हाइड्रोलिक रेल टेंसर, नॉन-इनफ्रिंजिंग टाइप, 70 टन क्षमता, RDSO स्पेसिफिकेशन नंबर TM/SM/32 दिनांक 20.12.1991 (फर्स्ट रिविज़न 2020) के अनुसार या निविदा खोलने की तारीख तक लागू नवीनतम स्पेसिफिकेशन के अनुसार। **वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख से 30 महीने। **इंस्पेक्शन एजेंसी:** TPI **स्टेज इंस्पेक्शन:** नहीं। स्टेज: 01। **UVAM लिंकिंग:** आइटम नंबर 3100532, हाइड्रोलिक रेल टेंसर (नॉन-इनफ्रिंजिंग), 70 टन क्षमता। **आइटम प्रकार:** गुड्स (सप्लाई)। • **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹52,56,900.00/- • **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** ₹0 (शून्य) • **बयाना राशि (EMD):** ₹1,05,140.00/- • **ऑफर की वैधता दिन:** उसके बाद 90 दिनों के अंदर • **ई-निविदा दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 26-अक्टूबर-2026, 11:00 बजे • **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 26-अक्टूबर-2026, 11:30 • **बजेवेबसाइट विवरण:** निविदा को ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई-निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना है। V/0266
Like us on: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
ई- निविदा सूचना स्टोर विभाग
बिड नंबर: GEM/2026/B/8018556 **तारीख:** 22/09/2026 **कार्य का नाम:** इंडस्ट्रियल ग्रेड एम्बेडेड PC (फैन लेस) **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹82,83,600.00/- **बिड दस्तावेज की लागत:** ₹0 (शून्य) **बयाना राशि (EMD):** ₹1,65,672/- **समापन अवधि:** निविदा खुलने के बाद 45 दिनों के भीतर **बिड दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 12-10-2026, 12:00:00 बजे **बिड खोलने की तिथि एवं समय:** 13-10-2026, 12:00:00 बजे **ऑफर की वैधता (दिन):** 90 दिन **वेबसाइट विवरण:** निविदा को Gem पोर्टल **https://gem.gov.in/** पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी Gem पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। V/0267
Like us on: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे द्वारा इंदौर ⇌ खडक़ी के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाएंगे

ट्रेन संख्या	से	तक	सेवा का दिन	विस्तारित सेवा तक
09324	इंदौर	खड़की	बुधवार	25/11/2026
09323	खड़की	इंदौर	गुरुवार	26/11/2026

ठहराव, हॉल्ट के समय एवं ट्रेन की संरचना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ।

ट्रेन संख्या 09324 के विस्तारित फेरों के लिए बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू हो गई है।
उपरोक्त ट्रेन स्पेशल किराए पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

न्यूज -कॉलम

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर एसपी ने ली बैठक



उज्जैन। धार्मिक नगरी में सिंहस्थ महाकुंभ 2028 में आयोजित किया जायेगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बार सिंहस्थ में देशभर से 10 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस विभाग की होगी। जिसको लेकर पिछले छह माह से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अब तक बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा को लेकर शुक्रवार दोपहर एसपी प्रदीप शर्मा ने अधिनस्थ अधिकारियों की बैठक आयोजित की। पूर्व में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की और आयोजन को पूरी तरह से सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिये। गौरतलब हो कि पुलिस की कार्ययोजना में प्रमुख भीड़ का प्रभावी प्रबंधन, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, ड्रोन के माध्यम से निगरानी तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा शामिल है। पुलिस विभाग द्वारा लगातार प्रदेशभर से पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों को फील्ड का अवलोकन कराया जा रहा है और मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा रहे है। ताकि वह अपने जिले में पुलिसकर्मियों को सिंहस्थ की सुरक्षा-व्यवस्था के लिये तैयार कर सके।

ट्रेन में चढ़ते वक्त बदमाशों ने महिला की चेन निकाली

उज्जैन। कुछ दिन पहले महाकाल दर्शन करने भदौही के संत रविदास नगर में रहने वाली रीता पति राजेश कुमार परिवार के साथ आई थी। बुधवार को वापस लौटने के लिये परिवार के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर पहुंची थी। अम्बेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस मेंचढ़ते समय भीड़ के बीच अचानक 4-5 युवक आये और धक्का मुक्की के बीच रीता के गले से 18 ग्राम वजनी चेन झपट ली। रीता ने शोर मचाया लेकिन बदमाश युवक भाग निकले। ट्रेन के रवाना होने का समय हो चुका था, जिसके चलते परिवार कोच में चड़ गया। प्रयागराज पहुंचने पर रीता ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला जांच के लिये उज्जैन पहुंचा। जीआरपी ने प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज देखे तो 4 से 5 युवक भीड़ के बीच से भागते दिखाई दिये। जिनकी पहचान के प्रयास कर पता लगाया जा रहा है। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही जीआरपी ने ट्रेन में चड़ते वक्त महिला यात्रियों के हाथ से सोने के कंगन काटकर चोरी करने वाली गैंग का गिरफ्तार किया था। बावजूद महिला यात्रियों के साथ होने वाली वारदातें कम नहीं हो रही है।

घर में मृत मिले युवक ने खाया था जहरीला पदार्थ

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र की तिरूपति गोल्ड कालोनी में रहने वाला लक्की पिता रमेश राठौर 27 साल घर में मृत अवस्था में पड़ा मिला था। भाई सूरज उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। पहले आशंका जताई गई कि उसे हार्ट अटैक हुआ है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पता चला कि लक्की ने जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम की स्पष्ट रिपोर्ट आने पर घटनाक्रम स्पष्ट हो जायेगा। मृतक के परिजनों का कहना कि था कि लक्की का दो माह पहले पथरी का ऑपरेशन हुआ था। उसके बाद से वह घर में रहता था। उसकी पत्नी प्रायवेट स्कूल में टीचर है। घटना के समय वह स्कूल गई थी। उसकी बेटी कालोनी के पैतृतक मकान में मामा के घर थी। पुलिस का कहना था कि परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

धार में इंदौर के युवक के साथ मिली लापता बालिका

उज्जैन। झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम गैलाखेड़ी से 11 सितंबर को नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। 13 दिन बाद तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग को धार से दस्तयाब किया गया। उसके साथ इंदौर का रहने वाला रोहित पिता संतोष आदिवाल 20 साल निवासी विश्वधाम कालोनी खजराना इंदौर था। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ के लिये झारड़ा लेकर आई। नाबालिग के बयान दर्ज करने पर उसके साथ गलत होना सामने आया। पुलिस ने अपहरण की धारा के साथ मामले में पास्को एक्ट की धारा का इजाफ कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग की पूर्व में रोहित से सगाई हुई थी। दोनों एक समाज के है, लेकिन दोनों के परिवारों में मनमुटाव होने पर रिश्ता तोड़ दिया गया था, बावजूद रोहित नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था और उसका शरीरिक शोषण किया।

दिन	235-0	140-5
मेन बाजार	156-2	127-0
कल्याण नाइट	378-8	147-2
मिलन डे	668-0	470-1
मिलन नाइट	280-0	130-4
मधुर डे	244-0	167-4
मधुर नाइट	339-5	559-9
शुभांक	5 9	7

रात में करते थे वारदात, चप्पल से मिला सुराग.....

नाबालिगों की गैंग चुराती थी खेतों से पनडुब्बी मोटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खेतों में लगी पनडुब्बी मोटर चुराने वाला का सुराग चप्पल से पुलिस ने खोज निकाला। नाबालिगों की गैंग रात में वारदात करती थी। तीन को हिरासत में लेने के बाद 1 लाख कीमत की मोटरे बरामद की गई है।

घट्टिया तहसील में कुछ दिनों से खेतों में लगी पनडुब्बी मोटर चोरी होने के मामले सामने आ रहे थे। उज्जैन के अग्रसेन नगर में रहने वाले सिद्धार्थ कटियार के घट्टिया स्थित खेत से 3 मोटर चोरी हो गई थी। उसके द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने सिद्धार्थ कटियार के खेत पहुंचकर जांच शुरू की। जहां विशेष प्रकार की चप्पल मिलना सामने आया। शंका जताई गई कि चोरी के दौरान उक्त चप्पल छूटी है। पुलिस ने चप्पल को आधार मानकर पड़ताल शुरू की। सुराग मिलते ही चक नाला क्षेत्र के रहने वाले युवक को पकड़ा गया, वह नाबालिग था। उसे पूछताछ के लिये थाने लाया गया उसने अपने 2 नाबालिग साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। दोनों नाबालिगों को पुलिस ने कस्डटी में लिया और उनकी निशानदेही पर 1 लाख कीमत की 3 पनडुब्बी मोटरे बरामद कर ली।

वाट्सएप ग्रुप पर शेयर किया था फोटो

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि उक्त चप्पल बड़े शहरों में पहनी जाती है। गांवों में स्लीपर पहने का चलन है। चप्पल का फोटो वाट्सएप ग्रुप पर ग्राम सेवकों के साथ शेयर किया गया। एक ग्राम सेवक ने बताया कि उक्त चप्पल उसने सोशल मीडिया पर तहसील के एक युवक के पैर में देखी थी। उक्त रील को इंस्टाग्राम पर खंगाला गया। रील सामने आते ही उक्त नाबालिग युवक की जानकारी सामने आ गई। तीनों नाबालिगों ने उज्जैन-आगर मार्ग स्थित सूनसान स्थान पर एक खाई से पनडुब्बी मोटरें छुपाकर रखी थी। जिसे बेचने की फिराक में थे।

शौक पूरे करने के लिये करते थे वारदात



तीनों नाबालिगों से पूछताछ में पता चला कि उनका परिवार खेती किसानी करता है। एक के पिता प्रायवेट जॉब भी करते है। पढाई छोड़ने के बाद शौक पूरे करने के लिये उन्होने चोरी का रास्ता अपना लिया था। दिन में बाइक से घूमते थे और रात में चोरी करने पहुंच जाते थे। पुलिस के अनुसार तीनों के नाबालिग होने पर प्रकरण दर्ज करने के बाद नोटिस तामिल कराकर रिहा किया गया है। तीनों के खिलाफ अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

इनकी रही भूमिका

थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि चप्पल से पनडुब्बी मोटर चोरी करने वालो का सुराग तलाशने में ग्राम सेवकों के साथ एएसआई बाबूलाल मालवीय, प्रधान आरक्षक शांतिलाल जाट, वीरपाल सिंह, आरक्षक तहसीलदार सिंह, सैनिक कमल सहयोग रहा।

अजगर ने जंगली जानवर निगला, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

स्वास्थ्य परीक्षण के बाद खिवनी के जंगल में छोडा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले के बड़नगर तहसील अंतर्गत धूरेरी गांव के नाले के पास से वन विभाग के दल ने 12 फीट के राक पायथन का रेस्क्यू किया है। अजगर ने किसी वन्यजीव को निगल रखा था वैसी स्थिति में ही उसका रेस्क्यू दल ने किया। पर्याप्त चिकित्सकीय जांच में उसके पूर्ण स्वस्थ होने की पुष्टि होने के उपरांत अजगर को देवास जिला के खिवनी वन्य जीव अभ्यारण्य में छोड दिया गया है।

अजगर को सबसे पहले चरवाहों ने देख कर इसकी सूचना बडनगर वन रक्षक संजय तिवारी को दी थी। इसके बाद वन्यजीव रेस्क्यू दल प्रभारी मदन मौरे दल के साथ स्थल पर पहुंचे और उन्होने दल के 5 अन्य सदस्यों की मदद से भारी भरकम अजगर का रेस्क्यू किया। श्री मौरे ने बताया कि उज्जैन से 18 किलोमीटर दूर इंगोरिया टप्पा के पास धूरेरी गांव में अजगर की सूचना वनरक्षक संजय तिवारी से मिली थी। अजगर चंबल नदी से मिलने वाले नाले में देखा गया था। उसने किसी जानवर को निगल रखा था जिससे उसके चलने फिरने में सामान्य स्थिति नहीं थी। गांव एवं चरवाहों से जानकारी लेने पर सामने आया कि उनका कोई मवेशी गायब नहीं है ऐसे में पूरी संभावना है कि अजगर ने आसपास मौजूद नीलगाय के बच्चे या फिर जंगली सुअर जैसा शिकार किया हो। अजगर का स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर उसे खिवनी रेस्ट हाउस के पीछे के जंगल



में छोडा गया है।

पूर्ण स्वस्थ एवं व्यस्क था अजगर-

अजगर का स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले पशु चिकित्सक मुकेश जैन के अनुसार करीब 12 फीट लंबाई का अजगर उनके पास वन विभाग का रेस्क्यू दल लेकर गुरूवार को पूर्वान्ह में शासकीय अस्पताल में लेकर पहुंचा था। स्वास्थ्य परीक्षण में नर अजगर पूर्ण व्यस्क स्थिति का होना सामने आया था। उसका वजन 95 किलो से अधिक सामने आया । उसके शरीर का बारिकी से चोंट को लेकर परीक्षण किया गया था जिसमें उसे कोई चोंट और खरोच के निशान नहीं मिले । पूर्ण स्वस्थ की स्थिति सामने आने पर उसे तत्काल ही जंगल में छोडने का प्रमाणीकरण जारी किया गया था। अजगर ने किसी वन्य जीव का ही शिकार किया हुआ था।

युवक के पास मिली 3 लाख की एमडी ड्रग्स

पूर्व में भी पकड़ाया था, रिमांड पर पूछताछ



उज्जैन। मंगलनाथ मार्ग पर बुधवार-गुरूवार रात मादक पदार्थ लेकर युवक के आने की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। संदेह के आधार पर युवक को पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई। उसमें पास से 3 लाख कीमत की ड्रग्स बरामद हो गई।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि मुखबीर सूचना मिली थी कि एक युवक मादक पदार्थ लेकर अंगारेश्वर मंदिर के पास आने वाला है। पुलिस ने नाकाबंदी की और युवक को पकड़ने की योजना बनाई। रात के अंधेरे में पैदल युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से 61.50 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। उसे थाने लाया गया, जहां उसका नाम अशफाक उर्फ कटोरी पिता अब्दुल्ला 19 वर्ष, निवासी गली नं. 9 राज रॉयल कॉलोनी बताया। उससे बरामद ड्रग्स 3 लाख कीमत की पाई गई। मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया। उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर ड्रग्स लाने की जानकारी जुटाई जा रही है। वह ड्रग्स किसे देने वाला था, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

तैयारियों का महापौर ने किया निरीक्षण

उज्जैन। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को शहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख विसर्जन स्थलों एवं घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल ने हीरामिल कुंड पहुंचकर गणेश प्रतिमाओं के एकत्रीकरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। हीरामिल कुंड पर इस वर्ष गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाएगा। यहां श्रद्धालुओं द्वारा लाई जाने वाली प्रतिमाओं को सुव्यवस्थित रूप से एकत्रित किया जाएगा तथा इसके पश्चात नगर निगम के सुसज्जित वाहनों के माध्यम से निर्धारित विसर्जन स्थल तक पहुंचाकर विधिवत विसर्जन कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था की गई है।

मंदिर से बाहर निकले पर गायब मिले मंगलसूत्र-चेन

तेजादशमी पर हुई 3 वारदातों में दर्ज हुआ केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तेजाजी मंदिर में भीड़ के बीच दर्शन करने पहुंची महिलाओं के गले से चेन मंगलसूत्र चोरी हो गये। पुलिस ने मामले में शुक्रवार को प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

चिमनगंज थाना पुलिस ने प्रीति उपाध्याय निवासी इंदिरानगर की शिकायत पर सोने का मंगलसूत्र और कमला चावड़ा निवासी गणेश नगर की चेन के साथ इंद्रानगर में रहने वाली मोहनबाई चौहान का मंगलसूत्र चोरी होने का प्रकरण दर्ज किया है। तीनों महिलाओं ने बताया कि वह आगररोड स्थित खिलचीपुर में तेजाजी मंदिर दर्शन करने गई थी। वापस मंदिर से बाहर आई तो उनके लगे से मंगलसूत्र-चेन गायब थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। मंदिर के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। मंदिर में भीड़ अधिक होने पर कुछ स्पष्ट सामने नहीं आ रहा है। पुलिस के अनुसार मामले में मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया है। विदित हो कि शहर में बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं के साथ वारदात होना लगातार सामने आ रहा है। सावन-भादौ माह में भी सैकड़ो श्रद्धालुओं के मोबाइल, पर्स, चेन, मंगलसूत्र चोरी की वारदातें सामने आई थी। पुलिस ने कुछ श्रद्धालुओं के मोबाइल और चेन चोरी करने वालों को पकड़ा था। वारदात करने वाले बाहर से आना सामने आये थे। तेजा दशमी पर हुई वारदात में भी बाहरी बदमाशों के शामिल होने की आशंका है।

कैमरे में चेन उठाता दिखाई दिया आटो चालक

पुलिस ने चंद घंटे में श्रद्धालुओं को लौटाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल दर्शन के लिये उज्जैन आ रहा परिवार नागदा में होटल पर नाश्ता करने रूका, इस दौरान साढे तीन तोला वजनी सोने की चेन गिर गई। पुलिस ने कैमरों के फुटेज देख आधे घंटे में आटो चालक से चेन लेकर श्रद्धालुओं को लौटा दी।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि गुजरात का परिवार कार से महाकाल दर्शन करने उज्जैन जा रहा था। थाना क्षेत्र के रंगोली होटल पर नाश्ता करने रूका। इस दौरान परिवार की साढे तीन तोला वजनी चेन गिर गई। मामले की सूचना परिवार के चंदन माली ने डायल 112 पर दी। आरक्षक राजू कुशवाह मौके पर पहुंचा और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें एक आटो चालक जमीन पर पड़ी चेन उठाता दिखाई दिया। पुलिस ने उसकी आटो का नम्बर ट्रेस किया और आधे घंटे में चालक से चेन वापस लेकर श्रद्धालु परिवार को सौंप दी। आटो चालक का कहना था कि उसने चुराई नहीं थी सड़क पर पड़ी मिली थी।

उसका मकसद चोरी का नहीं था। पुलिस ने आटो चालक द्वारा चेन मिलना और कैमरे में साफ दिखाई देना सामने आने पर आटो चालक को छोड़ दिया। कम समय में परिवार को गुम हुई लाखों की चेन मिलने पर उन्होने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी गवरी ने बताया कि उज्जैन पुलिस सुरक्षा, सहायता और आमजन की सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

आज शाम 6 बजे बदल जायेगी शहर की यातायात व्यवस्था

रात 10 बजे से अनंत चतुदर्शी का चल सामारोह, 6 मार्गो पर वाहन रहेगें प्रतिबंधित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज गणपति बप्पा का विदाई चल समारोह चामुंडा माता चौराहा से रात 10 बजे शुरू होगा। इससे पहले शाम 6 बजे बाद शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन कर दिया जायेगा। रात 8 बजे बाद 6 मार्गो पर वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित होगें।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि गणपति बप्पा का विदाई चल समारोह (अनंत चतुदर्शी) में शामिल होने वाली झांकियां रात 8 बजे से चामुंडा माता चौराहा पर एकत्रित होना शुरू हो जायेगी। रात 10 बजे चल समारोह की शुरूआत होगी। चामुंडा माता चौराहा से चल समारोह देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कंठाल होते हुए निकलेगा। कुछ गणेश प्रतिमाएं मंगलनाथ की ओर विसर्जन के लिये जाएंगी, शेष जुलूस सतीगेट, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, महाकाल घाटी होते हुए बेगमबाग की ओर रवाना होगा। शेष झांकियां बक्शी बाजार, पानदरीबा, गणगौर दरवाजा, रामानुजकोट होते हुए क्षिप्रा नदी स्थित रामघाट और सुनहरी घाट पहुंचकर विसर्जन के साथ समाप्त होंगी। इस दौरान यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने और चल समारोह में शामिल होने वालों को कोई परेशानी ना हो इसको लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। जो इस प्रकार रहेगा।

रात 8 बजे यहां वाहनों होगें प्रतिबंधित

रात 8 बजे चामुंडा माता चौराहा पर झांकियां एकत्रित होना शुरू होगी। उस दौरान हनुमानदास पेट्रोल पंप से चामुंडा माता चौराहा, सुभाष मार्ग (चरक अस्पताल) से चामुंडा माता चौराहा, प्रेमछाया से चामुंडा माता चौराहा, देवासगेट चौराहा से चामुंडा माता चौराहा, दौलतगंज चौराहा से देवासगेट चौराहा, सुदामा नगर से चामुंडा माता चौराहा की ओर वाहन पूर्णरूप से प्रतिबंधित रहेगें।

प्रमुख चौराहों से भी यातायात डायवर्ट

चल समारोह के चलते शहर के प्रमुख चौराहा में शामिल कोयला फाटक चौराहा, नया मार्ग, मंडीगेट चौराहा, इंदौरगेट तिराहा, मदारगेट, क्षीर सागर टर्निंग, कंठाल चौराहा, नरेन्द्र टॉकीज, तेलीवाड़ा चौराहा, टंकी चौक,कमरी मार्ग, गुजरी चौराहा, दानीगेट, गणगौर दरवाजा, पानदरीबा, हरसिद्धि पाल, यादव धर्मशाला, बेगमबाग चौराहा, हरिफाटक चौराहा पर वाहनों को डायवर्ट किया जायेगा। चल समारोह के दौरान संपूर्ण चल समारोह मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों, दोपहिया वाहनों सहित, का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उज्जैन पुलिस की आमजन से अपील है कि असुविधा से बचने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित डायवर्शन मार्गों का उपयोग करें।

यहां से वाहनों का किया जायेगा डायवर्ट

शाम 6 बजे से चामुंडा माता चौराहा की ओर जाने वाले यातायात को डायवर्ट किया जायेगा। जिसमें ग्रांड होटल से फ्रीगंज ब्रिज होते हुए चामुंडा माता चौराहा, देवासगेट एवं इंदौरगेट तिराहा की ओर जाने वाले यातायात को हनुमानदास पेट्रोल पंप से देवासगेट बस स्टैंड होते हुए देवासगेट चौराहा और इंदौरगेट की ओर भेजा जाएगा। कोयला फाटक चौराहा से ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, चार पहिया वाहनों को हीरामिल कुंड तिराहा, पाटीदार ब्रिज होते हुए सांदीपनि चौराहा, कंट्रोल रूम से देवास रोड की ओर रवाना किया जायेगा। आगर-तराना से आने वाली बसें, जो देवासगेट बस स्टैंड आती है। उनके लिए मंडी चौराहा से देवासगेट बस स्टैंड की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। बसे मंडी चौराहा पर ही सवारी उतारेगी और वापस बैठाकर रवाना होगी। हरिफाटक चौराहा और हरिफाटक टी से देवासगेट चौराहा होते हुए चामुंडा माता चौराहा से मंडी चौराहा, आगर रोड की ओर जाने वाले दोपहिया वाहनों को छोड़कर शेष यातायात को हरिफाटक चौराहा से शांति पैलेस, इंजीनियरिंग कॉलेज तिराहा, पाइप फैक्ट्री, विक्रम नगर, पांड्याखेड़ी चौराहा होते हुए मंडी चौराहा से आगर रोड की ओर भेजा जाएगा।

सम्मान समारोह आयोजित हुआ

उज्जैन। नगर निगम में नियुक्त 08 नाम निर्दिष्ट पार्षद (एल्डरमैन) के शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित परिषद हाल में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा एवं निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और समारोह के दौरान नवनियुक्त नाम निर्दिष्ट पार्षद एल्डरमैन का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त एल्डरमैन को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए नगर विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य श्री जितेंद्र कुवाल, श्री कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्री प्रकाश शर्मा, जोन अध्यक्ष श्री सुरेंद्र मेहर, श्री पुरुषोत्तम मालवीय, श्री संग्राम सिंह भाटिया, पार्षद श्री दिलीप परमार, श्री गजेंद्र हिरवे, मंडल अध्यक्ष श्री गजेंद्र खत्री, श्री मुकेश पोरवाल, राकेश पंडिया श्री कल्याण शिवहरे श्री ऋषि वर्मा उपस्थित रहें।

अध्ययन-मनन में जीवन



हमें बहुत चिंतन-मनन से जीवन जीना चाहिए। बताया जाता है कि समाजवादी चिंतक राममनोहर लोहिया एक बार आइंस्टीन से मिलने गए, तो पूछा, जो अनुसंधान आपने किया, क्या उससे संतुष्?ट हैं? तब आइंस्टीन की आंखें भर गईं, उन्होंने कहा, मुझे मालूम होता कि मेरे अनुसंधान से जो प्रयोग होगा, उससे लाखों लोगों की बलि हो जाएगी, प्राण पखेरू उड़ जाएंगे, तो मैं वैज्ञानिक बनना पसंद नहीं करता। ऐसे ही कपड़े का एक टुकड़ा पहनकर हाथ में छड़ी लेकर जीवनयापन कर लेता। मैं एक मनुष्य नहीं बना सकता, एक वृक्ष विकसित नहीं कर सकता, किंतु वहां कितने लोग राख हो गए। अभिप्राय यह कि आदमी को यह चिंतन करना चाहिए कि ये जो जीवन हम जी रहे हैं, वह कहां जा रहा है या तो पढ़ें शास्त्रों को, सुने अच्छे लोगों को, सही मार्ग वालों को सुनें। ऐसा नहीं कि जब गाड़ी स्टार्ट हुई, तो सही चलावें और बाद में छोड़ दें। कदम-कदम पर सावधानी आवश्यक है। तत्परता आवश्यक है। कई लोगों को देखकर लगता है कि देवपुरुष हैं, किंतु उनके ज्ञान की दुर्बलता ने, अभ्यास की दुर्बलता ने, उन्हें गलत आदमी बना दिया। वेदों में लिखा है कि स्वाध्याय और प्रवचन से कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए। स्वाध्याय कहते हैं कल्याणकारी शास्त्रों को पढ़ने को। मोक्ष शास्त्र पढ़ें, अध्यात्म पढ़ें और पालन करें, मनन करें, उसके अर्थ को अपने मन से जोड़ें। निरंतरता की आवश्यकता है, भोजन निरंतर, कपड़ा निरंतर, तो श्रद्धा-प्रवचन निरंतर क्यों नहीं? जैसे हम निरंतर धन कमाना चाहते हैं, भोग कमाना चाहते हैं, ठीक उसी तरह से हमें निरंतर स्वाध्याय और प्रवचन की आवश्यकता है।

यह क्रम चलता रहना चाहिए। लोग जवानी में भी बिगड़ रहे हैं और बुढ़ापे में भी बिगड़ रहे हैं। प्रेरणा, विचार, भाव में मंदी आ गई। विचार प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए यह ध्यान में हमें रखना होगा कि जो प्रारंभिक काल में शिक्षा दी गई थी, जीवन की परम सार्थकता के लिए, वह बंद नहीं होनी है। बड़े होने पर भी उस शिक्षा को नवीन करते रहना है, अपने साथ जोड़े रखना है। भोजन बंद नहीं, स्नान बंद नहीं, तो शिक्षा कैसे बंद हो जाए? श्रेष्ठ कर्म कभी बंद नहीं होने चाहिए। बंद हो जाएंगे, तो आदमी राक्षस ही हो जाएगा। आज इसीलिए समाज बिगड़ रहा है, क्योंकि लोग पढ़ते नहीं हैं और पढ़ते हैं, तो वेदों को नहीं पढ़ते। यदि पैसे हैं और यज्ञ में उपयोग नहीं हो रहा है, दान में नहीं हो रहा है, मानव सेवा में नहीं हो रहा है, तो वह कौन-सा पैसा? ऐसा पैसा नहीं चलेगा। पैसे का सदुपयोग हो। यदि हमारे शरीर में बल है और लोगों को सताने के लिए उसका उपयोग करते हैं, तो शरीर नहीं चलेगा। यह दुर्लभ मानव शरीर सदुपयोग के लिए मिला है और यह सत्कर्मों में ही खर्च होना चाहिए।

सम्पादकीय

नए सहयोग का समय

यह सुखद और स्वागतयोग्य है कि भारत दुनिया की महाशक्तियों से परे एक अलग मजबूत बहुदेशीय आवाज बनाने की कोशिश करता दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र के दौरान ही भारत, लैटिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई देशों के समूह (सीईएलएसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई है। इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोटूक कहा है कि ग्लोबल साउथ को वैश्विक व्यवस्था का भविष्य तय करने में मजबूत आवाज हासिल होनी चाहिए। यह कहने में हर्ज नहीं कि ग्लोबल साउथ अर्थात दुनिया के गरीब व विकासशील देशों को परस्पर तालमेल रखते हुए साझा हित देखना ही चाहिए। आज बड़ी शक्तियां किसी की सुनने को तैयार नहीं हैं। खासकर अमेरिका जिस ढंग से दुनिया के हालात बदलने की कोशिश कर रहा है, उसमें गरीब और विकासशील देशों पर सर्वाधिक मार पड़ रही है। यह मार दोहरी है। अव्वल तो आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है, विकास के लिए मिलने वाले धन में कमी आई है, तो दूसरी ओर, इन देशों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अमेरिका टैरिफ की एक ही तलवार हर तरफ भांज रहा है। साथ ही, ज्यादातर देशों में ऊर्जा संकट और महंगाई बढ़ाने में लगा है।

ऐसे में, जरूरी है कि उपेक्षित हो रहे देशों की एक संगठित आवाज बने। भारत स्वाभाविक ही सीईएलएसी को समावेशी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में एक अहम भागीदार के रूप में देख रहा है। लैटिन अमेरिकी देश हों या कैरेबियाई देश, इन सभी की पीड़ा कमोबेश भारत के समान है। ये देश एक-दूसरे से सीख सकते हैं, एक-दूसरे के सहयोगी बन सकते हैं और अगर ये मिल जाएं, तो इनकी सुनवाई के रास्ते खुलना तय है। लैटिन और कैरेबियाई देशों के इस समूह की बैठक न्यूयॉर्क में हुई है, जहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के लिए तमाम देशों के प्रतिनिधि जुटे हैं। इस समूह में 30 देश शामिल हैं और इनकी अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर और उरुग्वे के विदेश मंत्री मारियो लुबेटकिन ने की है। इस समूह में बेचैनी है, तभी इसकी बैठक में इतने देश शामिल हुए हैं। न्यूयॉर्क में जो गंभीरता दिखी है, उससे उम्मीदें बहुत बढ़ गई हैं। इन देशों को मिलकर एक ठोस रोडमैप तैयार करना चाहिए। भारत को इस दिशा में ज्यादा प्रयास करने की जरूरत है। 1950 के दशक में जब गुटनिरपेक्ष आंदोलन जोर-शोर से शुरू हुआ था, तब उसमें भारत की बड़ी भूमिका थी। बाद में गुटनिरपेक्षता में दरार पड़ी और सब देश अपनी-अपनी राह चल पड़े। बीच में एक ऐसा समय आया, जब बड़े युद्ध की कोई आशंका नहीं थी और महाशक्तियां स्वयं आगे बढ़कर गरीब व विकासशील देशों की मदद करती थीं। बीते दशक में कुछ आला वैश्विक नेताओं की वजह से मदद की वह जरूरी कड़ी टूट गई है और अब जरूरतमंद देशों को नई मजबूत कड़ी का इंतजार है।

गणनायक के विसर्जन में व्यस्त मुम्बई

लालबाग के राजा के दर्शन के साथ देखी मुंबई की चमक-दमक

मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ अरब सागर के किनारे स्थित देश का प्रमुख शहर है। बरसो से मुंबई के बारे में तरह-तरह के विचार और बातें लिखी गयी। फिल्मी गीतों के माध्यम से बॉम्बे, बंबई और मुंबई को समझाया गया। जो मुंबई आ नहीं बाते उन्हें गीतों से मुंबई को समझना पड़ता है। यात्रा के दौरान हम अपनी कार में गाना सुन रहे थे। 'मुंबई शहर हादसों का शहर है, यहाँ रोज-रोज किसी मोड़-मोड़ पर होता है, कोई न कोई हादसा' यह 1983 की फिल्म हादसा का गीत है, 2026 का मुंबई अधिक आधुनिक और चमकदार हो चूका है। मुंबई की हमारी ताजी यात्रा 19 सितम्बर 26 को हुई। रात तीन बजे हम कोस्टल रोड की टनल से गुजरे, यह टनल मरीन ड्राइव को वर्ली से जोड़ती है। इस टनल की लम्बाई 2.07 किमी है। जिसका एक हिस्सा अरब सागर और मलाबार हिल के निचे से गुजरता है। समुद्र के निचे टनल विज्ञान का चमत्कार है। किंतु इसी रात कोस्टल रोड पर एक तेज गति बीएमडब्लू कार कोस्टल रोड पर भयानक रूप से दुर्घटना ग्रस्त हो गयी जिसमे सवार तीन युवाओं को जान से हाथ धोना पड़ा। एक गंभीर रूप से घायल हो गया।



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

हमारी मुंबई यात्रा का प्रमुख उद्देश्य लालबाग के राजा के दर्शन करना था। जिसे हमने शनिवार दिन को लम्बी, घुमाओदार यात्रा के बाद दो घंटे में अंजाम तक पहुंचा दिया था। लालबागचा राजा दर्शन के लिए दिन भर में लाखों की संख्या में देशभर से लोग आते है। यहाँ कार लेकर जाना काफी मशक्कत भरा है। अधिकृत पार्किंग में जगह नहीं मिलने पर अनाधिकृत स्थानों पर अपना वाहन खड़ा करना पड़ता है, जिसमे ट्रैफिक पुलिस की कार्यवाही का भय बना रहता है। खैर हमें अनाधिकृत स्थान का सहारा लेना पड़ा। दो घंटे की लाइन में लगकर लालबाग के राजा का वैभव देखकर थकान जाती रही। यहाँ बैठे स्वयं सेवक से लालबाग सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडल द्वारा विराजित श्री गणेश की महत्ता जानने का प्रयास किया तो उन्होंने बताया। पहली बार 1934 में लालबाग के राजा की स्थापना की गयी थी। जिसके पीछे का मुख्य कारण 1932 में यहाँ स्थित पेरू की चाल बाजार बंद हो जाने के बाद स्थानीय व्यापारियों, मछुआरो ने स्थाई बाजार के लिए भगवान गणेश से मनोकामना की, मन्नत पूरी होने पर आभार व्यक्त किया एवं 1934 में यहाँ लालबाग के राजा की मूर्ति स्थापित की गयी, जो जबसे अब तक 92 सालो से निरंतर क्रम जारी है। समय के साथ लालबाग के राजा सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडल द्वारा पांडाल को आकर्षक एवं सोने चांदी की साज सज्जा से चमकदार और आकर्षक रूप प्रदान किया जाता रहा है। मान्यता है, लालबागचा राजा के सामने पवित्र मन से मांगी मन्नत पूर्ण होती है।

मुंबई में गणेश उत्सव का जूनून सवार है, हर कोई गणेश उत्सव की मस्ती में मस्त दिखाई दे रहा था। यहाँ परिवारों द्वारा डेढ़ दिन, तीन दिन, पांच दिन, सात दिन में गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जित किये जाने की परम्परा है। गणेश प्रतिमा के विसर्जन का क्रम जारी था। ढ़ोल ताशों के साथ महिला पुरुष धूमधाम से गणनायक के विसर्जन में व्यस्त दिखाई दिए।

हमारी मुंबई यात्रा में रात में मुंबई की चमक दमक देखने की ललक भी शामिल थी। रात की मुंबई का एक स्याहा चेहरा भी दिखाई दिया। स्थानीय रहवासी ने बताया यहाँ हुक्का बार और डांस बार का चलन आम है। पाश्चात संस्कृति से प्रभावित युवक, युवतियाँ देर रात इन क्लबो डांस बार में समय बिताते है। खैर अपना विषय सिर्फ जानना था, वहाँ जाना नहीं। मुंबई की चमचमाती सड़को पर समुद्र पर बने सी लिंक पर रफ़्तार से गुजरते हुए मुंबई की आलिशान ईमारतें जो विधुत तारो सी जगमगा रही थी। इनका फोटो विडिओ बनाने के लिए अपने साइड की खिड़की को खोलकर मोबाइल को हाथ में मजबूती से थामने की आवश्यकता होती है। हर दृश्य को कैमरे में कैद करने का मन करता है। सी लिंक की का निर्माण भी आधुनिक इंजिनियरिंग का कमाल ही जाना चाहिए। देर रात घूमते हुए हमने ताज के सामने स्थित अरब सागर के दर्शन किये जैसा की हमारी संस्कृति में सागर को देवता मानने की परम्परा है तो समुद्र देव को नमन किया। यहाँ गेटवे ऑफ इण्डिया पर कुछ लोग ही थै, बताता गया की गेटवे ऑफ इण्डिया पर नौका विहार बंद होने के कारण रात की अपेक्षा दिन में अधिक जन समूह दिखाई देता है। यहीं गेटवे ऑफ इण्डिया के सामने मुंबई का प्रसिद्ध ताज महल प्लेस होटल स्थित है। ताज महल प्लेस की अपनी कहानी है। इसका निर्माण 16 दिसम्बर 1903 में उद्योगपती जमशेदजी टाटा द्वारा करवाया गया था. इसके पीछे यह कहानी प्रचलित है की जमशेदजी टाटा को ब्रिटिश काल में होटल वाटसन में प्रवेश करने से रोक दिया था, क्योंकि उसमे केवल गोरे अंग्रेजो को जाने की अनुमति थी। ताज महल प्लेस होटल की शान भी देखते बनती है। भारत की शान वाह ताज देखते हुए हम मरीन ड्रॉइव पहुँचे यहाँ रात के चार बजे खडे रहने की जगह नहीं थी। इसका कारण यह बताया गया की शनिवार रविवार-अवकाश होना है। एक मुंबई के रहवासी से भीड़ का कारण पूछने पर उसने बताया की मुंबई में लोग सप्ताह में 6 दिन बदन तोड़ मेहनत करते है। शनिवार और रविवार परिवार के साथ बिताते है। अवकाश और गणेश उत्सव दोनों ही मरीन ड्राइव की भीड़ का कारण बताए गए। मरीन ड्राइव पर तीन से चार किमी समुद्र की पाल पर लोगो का जमावड़ा बना हुआ था। यहाँ आसपास खाने पिने की दुकानों पर इतनी भीड़ की नम्बर लगने में आधा घंटे से अधिक समय लग रहा था।

मुंबई बहुत बड़ा है, इसे देखने और समझने में महीनों लग जाते है। 1956 की एक फिल्म है, सीआईडी इस फिल्म का बहु चर्चित गाना है,'ऐ दिल मुश्किल जीना यहाँ, जरा हट के जरा बच के ये है बॉम्बे मेरी जा। गीत के आगे की कढ़ी कहीं बिल्डिंग कहीं ट्रामें कहीं मोटर कहीं मिल, मिलता है यहाँ सबकुछ इक मिलता नहीं दिल। फिल्म का गीत है मुंबई के उस दौर के चित्र को प्रस्तुत कर रहा है। मुंबई को समझने के लिए एक दो दिन नहीं एक दो बरस भी कम है। किंतु गायकों, लेखकों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से मुंबई के जिस चित्र को उकेरा है। लालबाग के राजा के दर्शन के बहाने जैसी मुंबई दिखी बताने की कोशिश की है। भारत का प्रमुख शहर मुंबई फिल्म क्लाकारों के बिना अधूरा है जिसका मैंने कोई जिक्र नहीं किया है, अगली मुंबई यात्रा फिल्म सिटी और कलाकारों को देखने समझने की कोशिश में लगाने होंगे।

सूत की तकली

खादी ग्रामोद्योग आयोग के संभागीय दफ़्तर के बाहर लगे पुराने नीम के चबूतरे पर पचहत्तर साल के मगन भाई हर शनिवार सुबह ठीक दस बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में लकड़ी के एक पुराने टूटे हुए चरखे की छोटी सी तकली होती थी जिस पर कच्चा सूत पूरी तरह खत्म हो चुका था और सिर्फ एक जंग लगी लोहे की तीली बची थी। दफ़्तर का नया चपरासी जब भी उन्हें धूप में बैठा देखता तो चाय की केतली संभालते हुए ठहाका लगाकर कहता कि बाबा जब सरकार ने सारे बुनकरों को ऑटोमैटिक सोलर मशीनें बांट दी हैं तो इस पुरानी टूटी तकली को रोज अपनी छाती से लगाकर यहाँ अफसरों के आगे नुमाइश क्यों लगाते हो। मगन भाई अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती के छोर से साफ करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह लोहे की तीली केवल बेजान धातु नहीं है बल्कि इस पूरे महकमे की वो टूटी हुई सांस है जिसे तुम्हारे ये बिजली के पहिये कभी नहीं नाप पाएंगे। आसपास खड़े मुंशी और दलाल उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में बाबा की मति मारी गई है जो बिना सूत की तकली लेकर यहाँ सब्सिडी का हिसाब मांगने चले आते हैं। मगन भाई किसी की बात का तनिक भी बुरा माने बिना उस तकली को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप गाड़ियों के काफिले का इंतजार करते रहते थे।

दफ़्तर के तमाम कर्मचारी मगन भाई की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह वाकिफ थे और उन्हें एक हठी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। आयोग का बड़ा बाबू जब भी फाइलों का पुलिंदा लेकर निदेशक के केबिन की तरफ बढ़ता तो मगन भाई बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि बाबू जी क्या आज उस पारंपरिक बुनकर प्रोत्साहन वाले कागज पर साहब के दस्तखत हो गए। बाबू गुस्से में फाइलें पटकते हुए डांटकर कहता कि अरे बाबा जब तक डिजिटल पोर्टल पर आधार लिंक नहीं होगा और ऑनलाइन सत्यापन पूरा नहीं होगा तब तक तुम्हारा अनुदान पास नहीं होगा और तुम इस टूटी तकली को लेकर ताउम्र यहाँ चक्कर काटते रहोगे।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 सितंबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि- चतुर्दशी 22:16उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र- शतभिषा 11:33उपरांत पूवार्भाद्रपद
योग - शूल 16:11उपरांत गण्ड
करण - गर
चन्द्रमा - पूर्ण कुम्भ मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 12तारिख

मेष- आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत रहेगी, संचित धन बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। काम का बोझ अधिक रहेगा, भागदौड़ बनी रहेगी।

वृषभ- कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों का आज बड़ा फल मिलेगा। दोस्तों और लव पार्टनर के साथ बहुत अच्छा समय बीतेगा।

मिथुन- नौकरी-पेशा हैं तो भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, अटके हुए काम पूरे होंगे।

कर्क- व्यापारिक यात्राएं सफल और लाभदायक रहेंगी। लव लाइफ में नयापन आएगा, भरोसा बढ़ेगा।

सिंह- वैवाहिक जीवन और प्रेम संबंध बहुत ही सुखद रहेंगे। आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा।

कन्या- कार्यस्थल पर विरोधियों की चालें नाकाम होंगी। लंबित काम समय पर निपटा लेंगे।

तुला- दबाव कम होगा। लव पार्टनर के साथ ईमानदारी से बात करें। रुका हुआ पैसा मिलेगा, कर्ज में कमी आएगी।

वृश्चिक- कार्यस्थल पर काम की गति धीमी रह सकती है, धैर्य रखें। संपत्ति या वाहन से जुड़े सौदों में जल्दबाजी न करें।

धनु- पारिवारिक माहौल थोड़ा तनावपूर्ण रह सकता है। गैर-जरूरी खर्च बजट बिगाड़ सकते हैं।

मकर- नौकरी-पेशा हैं तो पैसों के मामलों में सतर्कता बरतें। व्यापार में धीमी लेकिन स्थिर गति रहेगी।

कुंभ- परिजनों के साथ बातचीत में विनम्रता रखें। धन संचय के प्रयास सफल होंगे। गले या दांतों में परेशानी हो सकती है।

मीन- उधारी देने से बचें, व्यापार में लेनदेन सोच-समझकर करें। लव लाइफ में तालमेल की कमी आ सकती है।

समसामयिक

इंदौर ने झांकियों की परंपरा को अब तक बनाएं रखा जिसको लोग आनंदपूर्वक निहारते हैं......!

इंदौर की अनंत चतुर्दशी झांकियां इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि यह शहर कैसे अपनी 100 साल पुरानी परंपराओं की आत्मा को संजोए रखते हुए आधुनिक दौर की भव्यता और तकनीक को अपनाना जानता है। समय बदला, दौर बदले, लेकिन इंदौरवासियों का झांकियों के प्रति उत्साह आज भी वैसा ही है। अनंत चतुर्दशी की रात जब ऐतिहासिक राजबाड़ा के सामने से जगमगाती झांकियां गुजरती हैं, तो उन्हें निहारने के लिए उमड़ी लाखों की भीड़ शहर की जीवंत और उत्सवधर्मी संस्कृति का गवाह बनती है।



कपड़ा मिलों से जन्मी भव्य परंपरा

इंदौर में झांकियां निकालने की शुरूआत 1920 के दशक में हुई थी। हुकमचंद मिल, स्वदेशी मिल, मालवा मिल, राजकुमार मिल और भंडारी मिल जैसी कपड़ा मिलों के मजदूरों ने गणेश विसर्जन के अवसर पर झांकियां बनाने की प्रथा शुरू की थी। उस दौर में लकड़ी, बांस, कपड़े और लोहे के गियर-लीवर के दम पर चलने वाली पौराणिक आकृतियां तैयार की जाती थीं। रामायण, महाभारत और शिव लीलाओं पर आधारित ये झांकियां न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र थीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और सामूहिकता का संदेश भी देती थीं। झांकियों के आगे चलने वाले पारंपरिक अखाड़ों में युवा और बुजुर्ग लाठी, तलवारबाजी और पट्टेबाजी के हैरतअंगेज करतब दिखाकर शहर की शौर्य परंपरा को जीवंत करते थे।

नया दौर और बदलता स्वरूप

समय के साथ इंदौर की कपड़ा मिलें बंद हो गईं, लेकिन इंदौर के नागरिकों, नगर निगम और विभिन्न उत्सव समितियों ने इस सांस्कृतिक विरासत की लौ को बुझने नहीं दिया। आज के नए दौर में झांकियों का स्वरूप और अधिक भव्य और आधुनिक हो चुका है। अब पारंपरिक मैकेनिकल गियर की जगह रोबोटिक्स, 3ऊ मैपिंग, हाइड्रोलिक्स और आकर्षक छएऊ लाइटिंग ने ले ली है।

विषय-वस्तु के स्तर पर भी बड़ा बदलाव आया है। अब पौराणिक कथाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, चंद्रयान जैसे राष्ट्रीय अंतरिक्ष अभियान और सामाजिक संदेशों पर आधारित झांकियां बनाई जाती हैं। प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम, उउळश, ड्रोन निगरानी और पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन की व्यवस्था के साथ इस आयोजन को और अधिक सुव्यवस्थित बनाया गया है।




मदन वर्मा (माणिक)
(दैनिक अवन्तिका)

इंदौर की यह झांकी परंपरा केवल अतीत की याद नहीं, बल्कि वर्तमान का गौरव है। यह परंपरा साबित करती है कि इंदौर अपने गौरवशाली इतिहास को सहेजकर आधुनिकता के साथ मुस्कुराते हुए आगे बढ़ना जानता है।

भारत में डेंगू वैक्सीन की दस्तक: बीमारी के खिलाफ नई उम्मीद

भारत में डेंगू लंबे समय से एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। हर वर्ष देश के अलग-अलग हिस्सों में डेंगू के मामले सामने आते हैं और कई लोगों की जान भी चली जाती है। बदलते मौसम, शहरीकरण, जलभराव और मच्छरों के प्रजनन के अनुकूल परिस्थितियों के कारण डेंगू का दायरा लगातार चिंता का विषय बना हुआ है। वहीं इसका आतंक बड़े बड़े शहरों में अधिक है, ऐसे समय में डेंगू के खिलाफ वैक्सीन का भारत में उपलब्ध होने की खबर निश्चित रूप से उम्मीद जगाती है। यदि सब कुछ तय प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ता है तो देश में पहली डेंगू वैक्सीन के रूप में टेकेडा फार्मास्यूटिकल्स की 'क्यूडेंगा आने वाले वर्षों में लोगों के लिए उपलब्ध हो सकती है।



सौरभ वार्ष्णेया
(दैनिक अवन्तिका)

जापानी कंपनी टेकेडा फार्मास्यूटिकल्स और हैदराबाद स्थित डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के बीच हुआ समझौता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समझौते के तहत डॉ. रेड्डीज भारत के निजी बाजार में टेकेडा की क्यूडेंगा वैक्सीन के प्रमोशन और वितरण की जिम्मेदारी निभाएगी। कंपनियों के अनुसार, वैक्सीन को 2027 की पहली छमाही में भारत में लॉन्च किए जाने की संभावना है। हालांकि, इसके लिए आवश्यक स्थानीय नियामकीय और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को पूरा करना अभी बाकी है। डेंगू के खिलाफ वैक्सीन का भारत में प्रवेश इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अब तक इस बीमारी से बचाव का मुख्य आधार मच्छरों की रोकथाम, साफ-सफाई और संक्रमित व्यक्ति की समय पर चिकित्सकीय देखभाल ही रहा है। डेंगू के लिए कोई ऐसी व्यापक रूप से उपलब्ध दवा नहीं है जो संक्रमण को सीधे खत्म कर सके। ऐसे में रोकथाम के लिए वैक्सीन की उपलब्धता सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में एक नया विकल्प जोड़ सकती है।

हालांकि, किसी भी नई वैक्सीन को लेकर उत्साह के साथ-साथ कुछ बुनियादी सवालों पर गंभीरता से विचार करना भी जरूरी है। सबसे पहला सवाल इसकी कीमत का है। फिलहाल क्यूडेंगा की भारत में कीमत को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। टेकेडा के इंटरकॉन्टिनेंटल मार्केट्स के प्रमुख महेंद्र नायक के अनुसार, भारत में मार्केटिंग ऑथराइजेशन की मंजूरी मिलने के बाद अभी स्थानीय प्रक्रियाओं को पूरा करना प्राथमिकता है। इन प्रक्रियाओं के पूरा होने से पहले वैक्सीन की कीमत का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी।

कीमत का सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि डेंगू केवल महानगरों या संपन्न वर्ग की समस्या नहीं है। इसका प्रभाव छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक दिखाई देता है। यदि वैक्सीन निजी बाजार में आती है और इसकी कीमत आम परिवारों की पहुंच से बाहर रहती है, तो इसका लाभ सीमित आबादी तक ही सिमट सकता है। इसलिए वैक्सीन की उपलब्धता जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण उसकी सामर्थ्य भी है।

यहां सरकार की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। कंपनियों ने संकेत दिया है कि क्यूडेंगा को भारत के सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करना एक दीर्घकालिक लक्ष्य है। निजी बाजार में वैक्सीन की उपलब्धता शुरूआती चरण हो सकती है, लेकिन व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव तभी संभव होगा जब जरूरत और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर इसे सरकारी टीकाकरण व्यवस्था में शामिल करने पर विचार किया जाए। किसी वैक्सीन को सार्वजनिक कार्यक्रम का हिस्सा बनाने का निर्णय केवल उसकी उपलब्धता के आधार पर नहीं होता। इसके लिए बीमारी का बोझ, वैक्सीन की प्रभावशीलता, सुरक्षा, अलग-अलग आयु समूहों में उसका प्रदर्शन, लागत-प्रभावशीलता और स्वास्थ्य व्यवस्था पर संभावित प्रभाव जैसे अनेक पहलुओं का मूल्यांकन आवश्यक होता है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।


आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

दीपक की लौ और हमारी सांस्कृतिक संवेदना

आप दीप जलाते हैं या नहीं जलाते, यह आपका व्यक्तिगत निर्णय है। किसी धार्मिक परंपरा को मानना, उससे दूरी रखना या अपने तरीके से उसका पालन करना—लोकतांत्रिक समाज में यह व्यक्ति की स्वतंत्रता का विषय है। लेकिन जब व्यक्तिगत पसंद या राजनीतिक असहमति की अभिव्यक्ति किसी धार्मिक प्रतीक और सांस्कृतिक परंपरा के सार्वजनिक उपहास तक पहुँच जाती है, तब सवाल केवल एक दीपक का नहीं रह जाता। सवाल यह होता है कि असहमति जताते समय हम दूसरों की आस्था और सांस्कृतिक संवेदनाओं का कितना सम्मान करते हैं।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति में दीपक का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। दीपावली का पूरा भाव ही प्रकाश, आशा और अंधकार पर प्रकाश की विजय से जुड़ा है। घर, मंदिर और अनेक शुभ अवसरों पर दीप प्रज्ज्वलित करने की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। संध्या समय दीप जलाने की परंपरा भी अनेक भारतीय परिवारों में आज तक दिखाई देती है। इसलिए किसी के लिए दीप केवल तेल, बाती और मिट्टी से बनी वस्तु नहीं है; वह श्रद्धा, शुभता, ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी है।

इसी भाव को संस्कृत की प्रसिद्ध प्रार्थना में व्यक्त किया गया है— दीपो ज्योतिः परं ब्रह्म, दीपो ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु में पापं, संध्यादीप नमोऽस्तुते॥ अर्थात दीपक की ज्योति को परम प्रकाश के रूप में नमन किया गया है और उससे अज्ञान तथा नकारात्मकता दूर होने की कामना की गई है। यही कारण है कि किसी सनातनी परिवार में दीप प्रज्ज्वलित होना केवल एक सामान्य घरेलू गतिविधि नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से जुड़ा संस्कार हो सकता है।

इसलिए दीप जलाना किसी पर थोपा नहीं जाना चाहिए, लेकिन दीप जलाने वाले व्यक्ति की आस्था का मजाक उड़ाना भी उचित नहीं माना जाना चाहिए। व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी पसंद की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि दूसरे की पसंद और आस्था के सम्मान की जिम्मेदारी भी है। इसी के साथ यह भी महत्वपूर्ण है कि जब किसी धार्मिक प्रतीक को किसी राजनीतिक आयोजन से जोड़ दिया जाता है, तो उस आयोजन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कोई व्यक्ति यह पूछ सकता है कि सार्वजनिक संस्थानों में किसी राजनीतिक कार्यक्रम की भूमिका क्या होनी चाहिए, उसमें भागीदारी स्वैच्छिक है या नहीं और सरकारी संसाधनों का उपयोग किस सीमा तक उचित है।

यहीं राजनीतिक आयोजन की आलोचना और सांस्कृतिक प्रतीक के अपमान के बीच अंतर करना जरूरी हो जाता है। यदि किसी कार्यक्रम में दीप जलाने को लेकर आपत्ति है, तो सवाल कार्यक्रम की राजनीतिक प्रकृति, प्रशासनिक भूमिका, खर्च या सहभागिता के तरीके पर होना चाहिए। स्वयं दीपक, पूजा या सनातन परंपरा को निशाना बनाना बहस को दूसरी दिशा में ले जाता है। इसी तरह, यदि कोई व्यक्ति राजनीतिक आयोजन का विरोध करता है, तो केवल इस आधार पर उसे भारतीय संस्कृति या धर्म-विरोधी कहना भी उचित नहीं होगा।

आज सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का मंच दिया है। इसके साथ एक समस्या भी आई है—व्यंग्य और आलोचना के बीच की सीमा कई बार धुंधली हो जाती है। कुछ शब्द या चित्र कुछ लोगों को सामान्य राजनीतिक व्यंग्य लग सकते हैं, लेकिन वही सामग्री किसी दूसरे व्यक्ति के लिए उसकी आस्था का अपमान महसूस हो सकती है। इसलिए सोशल मीडिया की स्वतंत्रता के साथ सामाजिक संवेदनशीलता भी जरूरी है।

जन्मदिन पर मोमबत्ती बुझाने की परंपरा का उदाहरण भी इसी संदर्भ में सामने आता है। आज जन्मदिन के अवसर पर केक काटना और मोमबत्तियां बुझाना व्यापक रूप से प्रचलित है। दूसरी ओर, भारतीय धार्मिक परंपरा में दीपक को शुभता और प्रकाश का प्रतीक मानने वाले लोग इसे अलग दृष्टि से देखते हैं। दोनों परंपराओं के सांस्कृतिक संदर्भ अलग हैं। इसलिए किसी एक को अपनाने या दूसरे से दूरी रखने को अपने आप में किसी व्यक्ति की देशभक्ति या संस्कृति के प्रति निष्ठा का प्रमाण नहीं बनाया जाना चाहिए।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना-5240, सरसो- 7050-7601, तुवर-4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा-300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,50,000 रवा- 1,49,500 चांदी- टंच- 2,31,500 पाट- 2,31,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।
editor.awantika@gmail.com

यूपीआई को लेकर व्यापारियों का विरोध

देवास। बाजारों में बुधवार को यूपीआई भुगतान को लेकर व्यापारियों के विरोध का असर दिखा। कई दुकानों पर व्यापारियों ने यूपीआई स्कैनर पर काला कपड़ा या काली पट्टी लगाकर ऑनलाइन भुगतान स्वीकार नहीं किया। कुछ दुकानों पर स्कैनर के ऊपर आज हड़ताल पर हूं भी लिखा गया था। इससे बिना नकदी पहुंचे ग्राहकों को खरीदारी में परेशानी हुई। यूपीआई भुगतान बंद होने से कई ग्राहकों को खरीदारी के दौरान परेशानी हुई। कुछ ग्राहक सामान पसंद करने के बाद भी भुगतान नहीं कर पाए और बिना खरीदारी किए लौट गए। कुछ ग्राहकों को घर से कैश मंगवाना पड़ा। वहीं, कुछ ने अपने परिचितों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर उनसे भुगतान कराया। बाजार में दिनभर ग्राहकों और दुकानदारों के बीच भुगतान को लेकर बातचीत होती रही।

फेसबुक पर पाकिस्तान जिंदाबाद पोस्ट करने वाले को जेल

शाजापुर। फेसबुक पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखकर पोस्ट करने और हिंदू देवी-देवताओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को आईपीसी की धारा 153 में दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। धारा 505 और आईटी एक्ट की धारा 67 में भी एक-एक साल की सजा दी गई है। आरोपी को शाजापुर जिला जेल भेज दिया गया। जिला अभियोजन अधिकारी महेंद्र परमार के मुताबिक, 16 फरवरी 2019 को रोहित राठौर ने शाजापुर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी की फेसबुक आईडी पर एक पोस्ट दिखाई दी, जिसमें 'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखा था और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। शिकायत के आधार पर ज्योति नगर, शाजापुर निवासी मोहसिन पिता मुबारिक के खिलाफ आईपीसी की धारा 153, 505 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार सुलतान खां पिता शब्बिर खां निवासी सांवेर तह. सांवेर जिला इंदौर ने अमित, आशिष, अंशु पिता ओमप्रकाश जाति महाजन निवासी बडनगर तह. बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बिसलखेडी तह. बडनगर जिला उज्जैन के सर्वे नं. 115/2 रकबा 2.40 हे0, सर्वे नं. 116 रकबा 2.49 हे0, सर्वे नं. 119 रकबा 0.05 हे०, सर्वे नं. 124 रकबा 0.05 हे०, सर्वे नं. 125 रकबा 0.05 हे०, कुल किता 05 कुल रकबा 5.04 है उक्त भूमि कि चतुर्सीमा पूर्व दिशा सर्वे नं. 115/1 कि भूमि पश्चिम दिशा में सर्वे नं. 116 की भूमि, , उत्तर दिशा में - 106/2 की भूमि तथा दक्षिण दिशा में 155 की भूमि को विक्रय करने का सौदा दिनांक 17.09.2026 को कर बयाना राशी अदा कर दि है तथा उक्त भूमि का विकय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा । सुचित हो
दिनांक 24.09.2026
अंसार पटेल एडव्होकेट
न्यायालय परिसर बडनगर तह.
बडनगर जिला उज्जैन
मो. 9770281664

बारिश में अर्थी ले जाने में होती है परेशानी

आजादी के 80 साल बाद भी श्मशान तक रास्ता नहीं, खेड़ा बोल्दा में ग्रामीणों की पीड़ा

न बैठने की व्यवस्था, न सुगम आवागमन, तीन साल पहले मंत्री के निर्देश के बावजूद सड़क का इंतजार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



देश आजादी के 80 वर्ष पूरे करने की ओर है और गांवों को मूलभूत सुविधाओं से जोड? के दावे किए जा रहे हैं, जनपद पंचायत शुजालपुर अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खेड़ा बोल्दा के ग्रामीण आज भी ऐसी समस्या से जूझ रहे हैं, जो किसी भी गांव के लिए बुनियादी जरूरत मानी जाती है। गांव के श्मशान तक पहुंचने के लिए पक्का और सुगम रास्ता तक नहीं है। बारिश के दिनों में स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को अर्थी लेकर कीचड़ और खराब रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के लिए किसी अपने को अंतिम विदाई देना भी संघर्ष बन जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान स्थल पर बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को मौसम की मार के बीच खुले में खड़ा रहना पड़ता है। बारिश के दौरान परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। श्मशान तक पहुंचने वाला रास्ता खराब होने के कारण अर्थी लेकर चलना भी मुश्किल हो जाता है। इस संबंध में जनपद पंचायत शुजालपुर सीईओ से चर्चा करने का प्रयास किया तो उन्होने मोबाईल रिसिव नहीं किया।

ग्रामीणों की पीड़ा इस बात से समझी जा सकती है कि बारिश के दौरान अंतिम यात्रा निकालना भी चुनौती बन जाता है। ग्रामीणों के अनुसार कीचड़ और खराब रास्ते के कारण अर्थी को श्मशान तक ले जाने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक ग्रामीण ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि देश आजाद हुए इतने वर्ष हो गए, लेकिन गांव आज भी मूलभूत समस्याओं से आजाद नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि श्मशान तक सड़क निर्माण के साथ वहां बैठने और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी कराई जाए, ताकि अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को कम से कम अंतिम विदाई के समय इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अब देखना यह है कि तीन साल पहले दिए गए निदेशों के बाद भी लंबित इस सड़क का काम कब शुरू होता है और ग्रामीणों को कब इस मूलभूत सुविधा से राहत मिलती है।

तीन साल पहले लिखा था पत्र, फिर भी नहीं बनी सड़क

ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत खेड़ा बोल्दा की ओर से प्रधानमंत्री सड़क से श्मशान तक करीब एक किलोमीटर ग्रेवल सड़क निर्माण की मांग की गई थी। इस संबंध में विधायक शुजालपुर एवं तत्कालीन स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार ने 2 जनवरी 2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाजापुर को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पत्र में ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री सड़क से श्मशान तक ग्रेवल सड़क निर्माण कराने की बात स्पष्ट रूप से कही गई थी। इसके बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी श्मशान तक सुगम रास्ता नहीं बन पाया है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन के निदेशों के बाद भी ग्रामीणों की यह मूलभूत समस्या आखिर किस स्तर पर अटकी हुई है।



आयुर्वेद दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

शुजालपुर। 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के तहत स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुजालपुर मंडी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बोथम के निर्देशन में आयोजित शिविर में नागरिकों को आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष बबीता बेनी प्रसाद परमार ने भगवान धन्वंतरी की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ रोगों से बचाव और दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने की जानकारी दी गई। शिविर में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. शारदा रामसरिया, डॉ. रामसलोने मिश्रा, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. जान्हवी मिश्रा, डॉ. कृति डांगरा, दवासाज सतीश कुल्मी, योग प्रशिक्षक देवेंद्र सिंह परमार एवं योग सहायक अजय राठौर का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के आयोजन का उद्देश्य भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा रोगों की रोकथाम में आयुर्वेद की भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

स्वस्थ बचपन, सुनहरे भविष्य की नींव

सुनेरा हाईस्कूल में 168 बच्चों ने सीखे निरोगी रहने के गुर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। नौनिहालों को बचपन से ही उनकी सेहत और योग के प्रति जागरूक करने के इसी उत्कृष्ट उद्देश्य के साथ सुनेरा में एक अनूठी पहल की गई।

मौका था 11वें आयुर्वेद दिवस का, जहां स्कूली बच्चों ने किताबी ज्ञान के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का पाठ भी पढ़ा। 11वें आयुर्वेद दिवस के विशेष उपलक्ष्य में शासकीय होम्योपैथी औषधालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुनेरा के तत्वावधान में स्थानीय शासकीय हाई स्कूल में जिला अधिकारी गिर्राज बाथम के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के 168 छात्र-छात्राओं का बारीकी से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव और खान-पान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इसके साथ ही, बच्चों को शारीरिक रूप से चुस्त और मानसिक रूप से एकाग्र बनाने के लिए विशेष योग अभ्यास भी कराया गया।

इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस जन-कल्याणकारी और जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. दिव्या दुबे, प्रियंका खंडेलवाल, योगाचार्य रोडसिंह राठौड़ और संजय कुमार की विशेष उपस्थिति रही। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें नित्य योग करने और जंक फूड से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

मां तुलजा भवानी को 21 किलो का खड़क अर्पित

विधायक गायत्री राजे पवार ने की पूजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में माता टेकरी पर बुधवार को मां तुलजा भवानी को पहली बार 21 किलो का खड़क अर्पित किया गया। इस दौरान विधायक गायत्री राजे पवार भी माता टेकरी पहुंचीं और मां तुलजा भवानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

विधायक गायत्री राजे पवार ने खड़क का पूजन किया। अध्यक्ष अशोक नाथ पुजारी की अध्यक्षता में हुए विशेष पूजन के दौरान मां भवानी को यह खड़क चढ़ाया गया।

विधायक गायत्री राजे पवार ने बताया कि आज का दिन खास रहा। भक्तों ने मां तुलजा भवानी को खड़क अर्पित किया, जिसमें शामिल होकर उन्होंने भी पूजा की और मां का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने यह भी कहा कि आने वाली नवरात्रि की तैयारियों को लेकर जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी। इस बैठक में व्यवस्थाओं सहित अन्य जरूरी बातों पर चर्चा होगी। नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं, इसलिए भक्तों को कोई परेशानी न हो, इसका खास ध्यान रखा जाएगा।

इस मौके पर पुजारी परिवार से महंत विनय गोपाल नाथ पुजारी, महंत सुरेश नाथ पुजारी, महंत महेश नाथ पुजारी, महंत संदीप नाथ पुजारी, महंत कृष्णनाथ पुजारी, महंत आर्यन नाथ पुजारी और महंत विशाल नाथ पुजारी मौजूद रहे।

विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओं को बताए कानूनी अधिकार जिज्ञासाओं का समाधान भी किया



शुजालपुर। पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि शुजालपुर मंडी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन, दुर्गा सोलंकी एवं एसडीएम अंकिता पाटकर ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के साथ बाल संरक्षण, पॉक्सो एक्ट और कैरियर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। अतिथियों ने छात्राओं को कानून के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपलब्ध विधिक सहायता का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने भी विभिन्न विषयों पर सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन विधि नेमा एवं लीना जैन ने किया। संचालन ी प्रीति चौहान ने किया। संस्था प्राचार्य अल्पना राणा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को दी गई उपयोगी जानकारी और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में अंकुश मेवाडा रहे प्रथम

शुजालपुर। संकुल केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में सेवा संकल्प अभियान के तहत संकुल स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद बैंक के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह खींची एवं बार एसोसिएशन शुजालपुर अध्यक्ष अधिवक्ता कैलाश यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था प्रधान तृप्ति पाठक ने अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया तथा विकसित भारत के संकल्प पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में हाईस्कूल अखत्यारपुर के अंकुश मेवाड़ा ने प्रथम, अर्पिता गुर्जर हाई स्कूल रायपुर द्वितीय एवं शिवम शर्मा कडवाला तृतीय रहे। चित्रकलां प्रतियोगिता में प्रिंस जाटव बालक विद्यालय शुजालपुर नगर प्रथम, प्रियांशी हाई स्कूल रायपुर द्वितीय, ऋतु विश्वर्मा हाई स्कूल अख्त्यारपुर तृतीय स्थान पर रही। साथ ही कक्षा 6 से 8 में लक्ष्मी दया प्रथम व अंश जाटव शुजालपुर नगर द्वितीय रहे।



फसल बीमा, ओलावृष्टि मुआवजे की मांगों को लेकर

किसानों ने कलेक्ट्रेट गेट पर दाल-बाटी बनाकर किया प्रदर्शन

अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा



भारतीय किसान संघ का आंदोलन बुधवार देर रात समाप्त हो गया। किसान सोयाबीन फसल की बीमा राशि समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रशासन से लिखित में आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया।

इसके पहले हजारों किसानों ने मंडी से कलेक्ट्रेट तक बड़ी रैली निकाली, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। किसानों ने कलेक्ट्रेट के मेन गेट पर ही डेरा डाल दिया और वहीं चूल्हा जलाकर दाल-बाटी बनाई। देर रात तक चले इस हंगामे के बाद पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने किसान नेताओं से बातचीत शुरू की।

अधिकारियों ने फसल बीमा की शिकायतों की लिस्ट देने, कुंडलिया डैम का पानी गांवों तक पहुंचाने और ओलावृष्टि के नुकसान का मुआवजा दिलवाने का लिखित भरोसा दिया। इसके बाद किसानों ने धरना खत्म किया। हालांकि, किसान संघ ने साफ कहा है कि अगर वादे पूरे नहीं हुए तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा।

श्री गणेश मित्र मंडल ने कराया अखिल भारतीय

हास्य कवि सम्मेलन में कवियों की रचनाओं पर देर रात तक गूंजे ठहाके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद



श्री गणेश मित्र मंडल बस स्टैंड बड़ौद द्वारा दस दिवसीय गणेशोत्सव के अवसर पर बुधवार रात बस स्टैंड परिसर में अखिल भारतीय विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रूप सिंह वैस, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी एवं अंजुमन कमेटी सदर रशीद खान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कवि सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने हास्य-व्यंग्य से भरपूर रचनाओं की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया। प्रख्यात कवि अशोक नागर के संचालन में लाफ्टर कलाकार सुनील समैया, गोपाल धुरंधर, साबिया असर, राजेश लोटपोट, रोहित झन्नाट, नारायण नीडर, मोहन गोस्वामी सहित अन्य कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब तालियां और ठहाके बटोरे। कवियों ने सामाजिक, पारिवारिक एवं समसामयिक विषयों पर हास्य-व्यंग्य की रचनाएं प्रस्तुत कीं। वहीं बेटियों पर प्रस्तुत की गई भावपूर्ण एवं रचनात्मक कविताओं ने श्रोताओं को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में श्रोता अपनी जगह पर जमे रहे और कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लेते नजर आए। इस अवसर पर श्री गणेश मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा मंडल अध्यक्ष रितेश नोलखा का साफा बांधकर सम्मान किया गया। मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभालीं।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राजस्व अभिलेख ग्राम लोहाना तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र मे एक भुमि खाता सर्वे न. 526 रकबा 2.36 हे. जितेंन्द्रसिंह पिता सज्जनसिंह जाति राजपुत के नाम से दर्ज है। तथा सर्वे न. 525/1/1 रकबा 1.00 हे. सोना पति राहुल अजमेरा निवासी 12 महावीर बाग कालोनी एयरपोर्ट रोड इन्दौर कृषक लोहाना तह. बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित है, कों ब्रिकी करने के पूर्ण अधिकार होने से जितेंन्द्रसिंह पिता सज्जनसिंह जाति राजपुत व सोना पति राहुल अजमेरा निवासी 12 महावीर बाग कालोनी एयरपोर्ट रोड इन्दौर कृषक लोहाना तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र के होने से संयुक्त रूप से जों मोके पर दोनो भुमि का रकबा एक चक है को ब्रिकी करने का सोदा सोहन पिता रणछोडलाल जाति अहीर निवासी ग्राम लोहाना तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र की सहमति से मेरे पक्षकार को ब्रिकी करना तय कर बयाना रूपया भी प्राप्त किया है किसी व्यक्ति सस्थां शासकीय, अर्धशासकीय विभाग, बैंक का कोई भी ऋण भार बकाया है या उक्त भुमि मे कोई स्वत्वः अधिकार है या न्यायालीन कायार्वाही विचाराधीन है तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में सात दिवस मे उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें बाद अवधि समाप्त होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र सम्पादित कराया जावेगा उसके बाद कोई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नही होगी सुचित हो।
दिनांकः- 24/09/2026
शिवराजसिंह पण्ड्या, एडव्होकेट
कोर्ट परिसर बडनगर
मोबा 9926701741

In The Court Of II Civil Judge Junior Divison, Mahidpur District Court, Ujjain Presiding Officer:
सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MIC/0000014/2024)
रसुल मोहम्मद------ वादी
Vs
श्यामूबाई-------- प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 09/10/2026

प्रेषिती

(1) किरणबाई पति मुकेश आयु 50 जाति कायस्थ पता- ग्राम घोंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन

(2) संध्या पिता मुकेश आयु 30 जाति कायस्थ पता-गाम घासला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन

यह कि प्रार्थी रसुल मोहम्मद ने आपके विरुद्ध सीवील एम जे सी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मृजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 23 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड,
महिदपुर जिला-उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नईमउद्दीन (NAIMUDDIN) पिता मोईन उद्दीन (MOIN UDDIN) जाति मुसलमान निवासी विक्रमादित्य मार्ग, जयस्तभ चौक के पास, शाहजलाल पुरा, बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम नईम उद्दीन कुरेशी (NAIM UDDIN QURESHI) पिता मोईन उद्दीन कुरेशी (MOIN UDDIN QURESHI) था। चूकि अब मेरा नाम नईमउद्दीन (NAIMUDDIN) पिता मोईन उद्दीन (MOIN UDDIN) हो चुका है।

अतः मेरे सभी कागजों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम नईमउद्दीन (NAIMUDDIN) पिता मोईन उद्दीन (MOIN UDDIN) के नाम से जाना जावें। दिनांक 25.09.2026
नईमउद्दीन पिता मोईन उद्दीन
विक्रमादित्य मार्ग, जयस्तभ चौक के पास, शाहजलालपुरा, बड़नगर
जिला उज्जैन, मोबा 9425495109

विक्रमादित्य नागरिक सह. बैंक मर्यादित

(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत)
विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट, लाला लाजपतराय मार्ग, फाजलपुरा, उज्जैन- 456006

33 वीं वार्षिक साधारण सभा 2025-26 सूचना (एजेंडा)

सम्माननीय सदस्य महानुभाव,

बैंक की 33 वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 26 सितम्बर 2026 वार शनिवार को प्रातः 10:00 बजे महाकाल परिसर, हीरा मील रोड उज्जैन पर आयोजित की गई है, कृपया बैठक मे पधारने का कष्ट करे। यदि निश्चित समय पर गणपूर्ति नही होती है तो बैठक उसी दिनांक व उसी स्थान पर 30 मिनिट पश्चात प्रारम्भ होगी। सभी सदस्यो को डाक द्वारा सूचना भेजी ज चुकी है यदि किसी सदस्य को सूचना नही मिली हो तो इस विज्ञप्ति को सूचना मानकर सभा में उपस्थित होने का कष्ट करे।

संचालक मण्डल की आज्ञा से
(शरद गुप्ता) मुख्य कार्यपालन अधिकारी
विक्रमादित्य नागरिक सह. बैंक मर्या. उज्जैन

नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार को मिली जमानत

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में होने वाले उपचुनाव से पहले नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को जमानत दे दी। गुरुवार को अदालत ने फैसले में कहा कि पुलिस इस मामले में उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकती। कोर्ट ने मिलन प्रधान को चुनाव लड़ने की भी इजाजत दे दी है।कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने मिलन को जमानत देते हुए टिप्पणी की- यह आश्चर्यजनक है कि शिकायत 2007 में दर्ज की गई थी और जांच अधिकारी ने 19 साल बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की है। जस्टिस भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से ऐसा कोई डॉक्यूटमेंट पेश नहीं किया गया, जिससे यह साबित हो कि कोई प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया था। कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी पुलिस थाने में दर्ज साल 2007 के इस केस के सिलसिले में 12 अक्टूबर तक प्रधान के खिलाफ कोई कार्रवाई न करे। इस मामले की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को होगी।

निचली अदालतें उम्रकैद बदल नहीं सकती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हत्या के मामले में किसी आरोपी को दोषी ठहराते समय सेशंस कोर्ट यह आदेश नहीं दे सकता कि दोषी अपनी बाकी बची पूरी जिंदगी जेल में ही बिताएगा। यह फैसला पंजाब के लुधियाना में दिसंबर 2009 में एक महिला और उसकी दो नाबालिग बेटियों की हत्या के मामले में आया। मामला जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच में था।सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि बरकरार रखते हुए दो दोषियों की सजा बदलकर 25 साल की कैद कर दी है।

गाजा में 2 बोरी आटे के बदले बेटी की शादी

गाजा सिटी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने गाजा में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ बढ़ती हिंसा को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि एक पिता ने अपनी 14 साल की बेटी की शादी 2 बोरी आटे के बदले कर दी। गाजा में रेप पीड़िताओं की शादी आरोपियों से कराए जाने के मामले भी सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, परिवार और समाज में बदनामी से बचने और 'इज्जत' बनाए रखने के नाम पर कुछ पीडिताओं की शादी आरोपियों या किसी दूसरे व्यक्ति से करा दी गई। गाजा में बाल और जबरन शादियों के दर्ज मामलों में 123% की बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी गाजा में काम कर रही 10 संस्थाओं से जुटाई है। इसके अलावा, गाजा सिटी और खान यूनिस के विस्थापन शिविरों में रहने वाली 230 महिलाओं से बातचीत की गई।

फिर हमला हुआ तो युद्ध हिंदू महासागर तक फैलेगा

तेहरान। ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिका या इजराइल ने दोबारा हमला किया तो पश्चिम एशिया की जंग हिंद महासागर तक फैल सकती है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के सलाहकार याह्या रहीम सफावी ने कहा कि जंग पहले ही फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट से आगे बढ़कर लाल सागर तक पहुंच चुकी है। दोबारा हमला हुआ तो इसका दायरा और बढ़ सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इसका असर भारत और चीन जैसे बड़े तेल आयातक देशों पर पड़ सकता है। हिंद महासागर पश्चिम एशिया को एशिया से जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है।

एमपी में शुरू होगी सुगम परिवहन सेवा

भोपाल। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत हो रही है। भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में कुल 351 बसें चलेंगी। इससे पहले गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॅरियर कॉलेज के सामने दशहरा मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार को बसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेशवासियों को सौगात देंगे। मुख्यमंत्री ने बीएचईएल दशहरा मैदान, भोपाल में हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए।

बड़नगर में बायोमास पेलेट प्लांट का शुभारंभ हुआ

बड़नगर। बड़नगर में भारत इंडस्ट्रियल एंड रिन्यूएबल्स द्वारा निर्मित महाऊर्जा बायोमास पेलेट प्लांट का भव्य शुभारंभ 24 सितंबर गुरुवार को संपन्न हुआ सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों ने फीता काटकर प्लांट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या नगर के गणमान्यजन , किसान उपस्थित रहे। सांसद फिरोजिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्लांट किसानों के लिए कृषि अवशेषों से अतिरिक्त आय का नया स्रोत बनेगा। पराली और अन्य कृषि कचरे से बनने वाले पेलेट अब उद्योगों में ईंधन के रूप में उपयोग होंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

वार्ड 21 की सुरक्षा व्यवस्था और लंबित शिकायतों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हड्डिमिल पर पुलिस चौकी, पेंडिंग आवेदनों पर कार्यवाही सहित पारदी समुदाय के आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका » गुना



शहर के वार्ड क्रमांक 21 हड्डिमिल जगनपुर अंबेडकर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव ने करीब एक सैकड़ा वार्डवासियों के साथ गुरुवार पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर वार्ड की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा विभिन्न मामलों में लंबित शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। 8 बिंदुओं पर एसपी हितिका वासल को दिए गए ज्ञापन में कुछ स्थानीय पारदी व्यक्तियों पर आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप लगाते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है।

बड़ी संख्या में वार्डवासियों के साथ दिए गए उक्त ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वार्ड में मारपीट, लूट, अवैध शराब निर्माण सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों के कारण लोगों में असुरक्षा का माहौल है। इसमें गब्बू पारदी के विरुद्ध विभिन्न थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज होने तथा पूर्व में जिलाबदर और एनएसए जैसी कार्रवाई किए जाने का उल्लेख भी किया गया है। इन दावों की पुष्टि संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से किया जाना अपेक्षित है।

स्थायी पुलिस चौकी की मांग- वार्डवासियों ने वार्ड क्रमांक 21 में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की। उनका कहना है कि क्षेत्र में तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय होने के कारण यहां आम नागरिकों का लगातार आवागमन रहता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थायी पुलिस चौकी की आवश्यकता है।

क्लिनिक में चोरी सहित अन्य मामलों में कार्रवाई की मांग- ज्ञापन में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक से एसी, कूलर, पंखे एवं पानी की टंकी सहित अन्य सामान चोरी होने का आरोप लगाते हुए संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। वार्डवासियों का कहना है कि उक्त मामले में अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इसके अलावा सहरिया समुदाय के कुछ परिवारों के मकानों पर कथित अवैध कब्जे का मामला उठाते हुए कब्जा हटाकर प्रभावित परिवारों को पुनः स्थापित करने की मांग की गई। वहीं, अहिरवार समाज की बेटियों के विवाह के दौरान बारात एवं दूल्हे के साथ कथित मारपीट तथा फायरिंग की घटनाओं का उल्लेख करते हुए पूर्व मामलों में कार्रवाई और भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

ठगी और मारपीट के मामलों में दर्ज की जाए एफआईआर - ज्ञापन में उल्लेख है कि वार्ड पार्षद रामवीर जाटव के साथ कथित रूप से चार लाख रुपये की ठगी का मामला भी उठाया गया। इसमें म्याना थाना पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। वहीं, 21 सितंबर 2026 को तेजा दशमी के अवसर पर बलवीर सिंह सहरिया के साथ कथित अपहरण, मारपीट, चोटी काटने एवं अमानवीय व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में 14 जुलाई 2026 को आवेदक पर कथित रूप से जान से मारने की नीयत से हमला किए जाने के मामले का भी उल्लेख किया गया है। इसमें कैंट थाने में एफआईआर क्रमांक 0570 दर्ज होने की बात कहते हुए प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 जोड़े जाने की मांग की गई है।

पुलिसकर्मी पर भी लगाए मिलीभगत एवं संरक्षण का आरोप- ज्ञापन में कोतवाली गुना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रंजीत रघुवंशी पर कुछ आरोपियों से मिलीभगत करने तथा गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने के आरोप लगाए गए हैं। वार्डवासियों ने उक्त आरोपों की जांच कर संबंधित पुलिसकर्मी को कोतवाली से हटाकर लाइन अटैच करने की मांग की है। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच किया जाना आवश्यक है। वार्ड पार्षद एवं वार्डवासियों ने पुलिस अधीक्षक से ज्ञापन में उल्लेखित सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर लंबित शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई करने तथा वार्ड में कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन के साथ पुलिस अधीक्षक, कैंट एवं कोतवाली थाना प्रभारियों तथा कलेक्टर को पूर्व में दिए गए आवेदनों की प्रतियां संलग्न किए जाने की जानकारी भी दी गई है। ज्ञापन में मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में मुख्यमंत्री निवास भोपाल का घेराव करने की चेतावनी भी दी गई है।

एकजुट पत्रकारिता ही अधिकारों की असली ताकत-डॉ. अरूण सक्सेना

भोपाल/बदरवास। पत्रकार की कलम सवाल उठा सकती है, व्यवस्था का ध्यान खींच सकती है और समाज की आवाज बन सकती है, लेकिन जब वही कलम सैकड़ों पत्रकारों की एकजुट आवाज के साथ उठती है तो उसकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। पत्रकारों की ताकत उनकी एकजुट आवाज में है और संगठन उस ताकत को दिशा देने का माध्यम है। यह बात जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जंप) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना ने बदरवास में आयोजित प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तात्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सक्सेना ने कहा कि 'संगठन' शब्द 'संघ' और 'गठन' के मेल से बना है। केवल एक स्थान पर एकत्र होना संगठन नहीं है। संगठन तब बनता है, जब समान उद्देश्य के लिए लोग एकजुट होकर जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ते हैं। पत्रकार संगठन की सार्थकता भी तभी है, जब किसी पत्रकार के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा या हित का सवाल सामने आए तो संगठन उसकी आवाज बने और उसके साथ मजबूती से खड़ा दिखाई दे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सामने आज रोजगार, सुरक्षा, सम्मान, सामाजिक संरक्षण और कार्यस्थल से जुड़े अनेक प्रश्न हैं। इन सवालों को व्यक्तिगत शिकायतों तक सीमित रखने के बजाय सामूहिक विमर्श, जागरूकता और संगठित प्रयास में बदलना समय की आवश्यकता है। मजबूत संगठन वही है जिसमें पदाधिकारी से लेकर सामान्य सदस्य तक यह महसूस करे कि संगठन उसके साथ है और वह संगठन के साथ। डॉ. श्री सक्सेना ने पत्रकार साथियों से आह्वान किया कि संगठन को केवल पद और सदस्यता तक सीमित न रखें। संगठन की असली पहचान उसके सदस्यों की सक्रियता, एक-दूसरे के प्रति विश्वास और पत्रकार हितों के लिए खड़े होने की क्षमता से होती है। उन्होंने कहा कि जंप प्रदेश के पत्रकारों को एक ऐसा साझा मंच देने की दिशा में लगातार काम करेगा, जहां पत्रकार अपने अधिकारों और समस्याओं को मजबूती से सामने रख सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मप्र प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी ने कहा कि गो-रक्षक गोमाता की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित हैं, वहीं पत्रकार लोकतंत्र की रक्षा के प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि गो-रक्षकों और पत्रकारों का संयुक्त सम्मान इस आयोजन को विशेष बनाता है। डॉ. जोशी ने पत्रकार साथियों से संकल्प लेने का आग्रह करते हुए कहा कि कलम की ताकत से लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और अपने कर्म से गोमाता की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि यही पत्रकारिता की संवेदना और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

पीडित सरवन ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

गुना। जिले की तहसील बमौरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनोरिया निवासी एक आवेदक सरवन धाकड़ ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उसकी जमीन पर गांव के ही दबंग व्यक्ति कथित रूप से अवैध कब्जा करने की नियत को लेकर आदिवासी व्यक्ति से बार बार शिकायत करवा कर परेशान किया जा रहा है। जबकि घासीलाल सहरिया की जमीन का मोबाइल कोर्ट द्वारा निराकरण किया जा चुका है। आवेदन के अनुसार, विगत दिनों राजस्व टीम ने घासीलाल की जमीन का सीमांकन कर दिया है। श्रवण ने मीडिया को बताया कि पूर्व में शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस कारण वह आए दिन मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ना का शिकार हो रहा है। इस मामले में पीड़ित ने आज पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

26 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध के साथ शुरू होगा पितृ पक्ष

उज्जैन। इस वर्ष पितृ पक्ष 26 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा श्राद्ध के साथ प्रारंभ होगा। खास बात यह है कि इस बार 30 सितंबर को चतुर्थी और पंचमी तिथि एक ही दिन पड़ने का विशेष संयोग बन रहा है। इस कारण 16 श्राद्ध तिथियां 15 दिन में ही पूरी हो जाएंगी। 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ पितृ पक्ष का समापन होगा। श्राद्ध पक्ष के दौरान धर्मनगरी उज्जैन में मोक्षदायिनी क्षिप्रा के तट और सिद्धवट पर तर्पण व पिंडदान के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

ज्योतिर्विद के अनुसार श्राद्ध हमेशा पूर्वजों के निधन की तिथि के अनुसार किया जाता है। यदि किसी पूर्वज की मृत्यु की तिथि ज्ञात न हो, तो सर्वपितृ अमावस्या पर श्राद्ध किया जाता है। इन दिनों पितरों की तृप्ति के लिए तिल व जल से तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोजन के साथ ही गौ, कुत्ते एवं कौवे को अन्न अर्पण करने का विधान है। ज्योतिर्विद के अनुसार श्राद्ध कर्म में कुशा का अत्यधिक महत्व है। विधि-विधान से किए जाने वाले तर्पण में इसका प्रयोग अनिवार्य है। तर्पण के समय कुशा का आसन बिछाया जाता है और दोनों अनामिका उंगलियों में कुशा की पवित्री पहनी जाती है। देवतीर्थ से जल देते समय कुशा का अग्र भाग पूर्व दिशा में और कायतीर्थ से जल गिराते समय उत्तर दिशा में रखा जाता है। जल ऐसे गिराया जाता है कि वह अनिवार्य रूप से कुशा को छूता हुआ जाए। अग्निपुराण के अनुसार हथेली के जिस भाग पर अंगूठा स्थित होता है, उसे पितृ तीर्थ माना जाता है। अंगूठे के माध्यम से अर्पित किया गया जल पितृ तीर्थ से होता हुआ पितरों के लिए बनाए गए पिंडों तक पहुंचता है।

इससे पितृ प्रसन्न होते हैं और उन्हें शांति मिलती है। वहीं, पौराणिक कथाओं के अनुसार प्रजापति दक्ष की पुत्री स्वधा पितृगण की पत्नी थीं। पितरों को हवि देते समय स्वधा का विशेष रूप से उच्चारण किया जाता है। ज्योतिर्विद के अनुसार श्राद्ध तिथियों के अनुसार 26 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध, 27 को प्रतिपदा, 28 को द्वितीया और 29 को तृतीया तिथि का श्राद्ध होगा। 30 सितंबर को चतुर्थी व पंचमी तिथि का श्राद्ध एक साथ किया जाएगा। इसी प्रकार 1 अक्टूबर को षष्ठी, 2 को सप्तमी, 3 को अष्टमी, 4 को नवमी व मातृ नवमी, 5 को दशमी, 6 को एकादशी, 7 को द्वादशी व मघा श्राद्ध, 8 को त्रयोदशी, 9 को चतुर्दशी तथा 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या का श्राद्ध संपन्न होगा।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस लोक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि/भवन स्वामी श्री अनिल जैन, पिता श्री मदनलाल जैन, निवासी 10/1, पार्श्वनाथ परिसर, उज्जैन के साथ एक अनुबंध (इकरारनामा) निष्पादित किया है, इस अनुबंध के अंतर्गत श्री अनिल जैन ने अपने स्वामित्व की निम्नलिखित संपत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय करने का पूर्ण निश्चय किया है संपत्ति का विवरण - सर्वे नंबर 2221 एवं 2222 का भाग भूखंड क्रमांक 10 का पश्चिमी भाग वर्तमान नंबर 14/1 का भाग, वर्तमान पता 10/1, पार्श्वनाथ परिसर, उज्जैन (म.प्र.) उक्त संपत्ति के संबंध में विक्रेता और मेरे पक्षकार के मध्य हुए अनुबंध के अनुसार इस सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के भीतर उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री (विक्रय पत्र) मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित कराई जानी तय हुई है। अतः इस संपत्ति के संबंध में यदि किसी अन्य व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, या किसी अन्य पक्षकार को किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, अधिकार, आपत्ति, भार, लीन, या कोई अन्य दावा हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर अपने दावों से संबंधित वैध दस्तावेजी प्रमाणों के साथ अधोहस्ताक्षरी (नीचे दिए गए पते पर) से संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। उक्त समयावधि (7 दिन) समाप्त होने के पश्चात किसी भी आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति पूर्णतः भारमुक्त और विवादरहित है। तदुपरांत मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा लेंगे, जिसके लिए वे पूर्णतः स्वतंत्र रहेंगे।

हेमंत जायसवाल अधिवक्ता
ऑफिस नंबर 1 विजवर्गीय टावर आंबेडकर प्रतिमा के पीछे टावर चौक
फ्रीगंज उज्जैन मो. 75098-05782

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी मनीष शर्मा पिता श्री गोकुलप्रसाद जी शर्मा, निवासी- 75, हनुमान मंदिर मोहल्ला ग्राम निपान्याखुर्द तहसील कालीपीपल जिला शाजापुर के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 28 वर्तमान नंबर 49 एंव म्यु गृह क्रमांक 1/1/2 का भाग स्थित एकता नगर (झु.झो.) के पास उज्जैन मे है। जिसका कुल क्षेत्रफल 45.53 वर्गमीटर अर्थात 490 वर्गफीट है, जिसकी चतु:सीमा इस प्रकार है, जिसके पूर्व मे अन्य का भूखण्ड पश्चिम मे रास्ता उत्तर मे - अन्य का भूखण्ड दक्षिण मे अन्य का भूखण्ड में है को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है सिर्फ शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराना बाकी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 24-09-2026 स्थान उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,
देवास रोड़ उज्जैन
मो. 99260-68606

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फैंटी जो कि ग्राम पंचायत देहरीगूर्जर तहसील नलखेडा जिला आगर-मालवा म.प्र. मे स्थित भूमी सर्वे नम्बर 331/1/1/1 कुल रकबा 0.73 हेक्टेयर मे स्थित आवासीय केशव नगर कालोनी जो कि मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड नलखेडा शहर वितरण केन्द्र के अन्तर्गत सिथित है, मे विद्युतीकरण कार्य मेरे द्वारा करवाया जा रहा है। आवासीय केशव नगर कालोनी मे विद्युतीकरण कार्य मे किसी भी प्रकार से कोई आपत्ती हो तो स्वयं की आपत्ती मेरे अथवा विद्युत वितरण कम्पनी के नलखेडा शहर वितरण केन्द कार्यालय मे लिखित रुप से विज्ञप्ती जारी होने की दिनांक सात दिवस मे प्रस्तुत कर सकते है तत्पश्चात आपत्ती स्वीकार नही होगी।

दिनांक 24/09/2026

राधेश्याम पाटीदार पिता श्री प्रभुलाल पाटीदार
108 श्रीराम मोहल्ला ग्राम मोड़ी पोस्ट मोड़ी तहसील सुसनेर

Akme Fintrade (India) Ltd.

Branch:- Head Office: Akme Business Center (ABC), 4-5, Subcity Centre, Savina Circle, Opp. Krishi Upaz Mandi, Udaipur-313001 (Raj.), Ph.:- 0294-2489501-02, Email:- bc@akmefintrade.com

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन निविदा द्वारा सार्वजनिक विक्रय सूचना

चूंकि निम्न ऋणी/जमानती को उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत उनके सामने अंकित बकाया राशि की वसूली के हेतु नोटिस जारी किये गये थे। तत्पश्चात् अधोपदनामित द्वारा जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणियों/जमानती की बंधक सम्पत्ति को कब्जे में लेकर "जैसी हैं-जहाँ है", "जैसी है-जो भी हैं" तथा "जो कुछ भी हैं" के आधार पर ऋण वसूली हेतु विक्रय के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

ऋणियों, सहऋणियों एवं जमानतियों के नाम ऋणी/जमानतदार :	मांग पत्र तिथि एवं बकाया राशि (रू.)	बंधक रखी गई सम्पत्तियों का विवरण	नीलामी तिथि, समय एवं स्थान	(अ) आरक्षित मूल्य एवं (ब) धरोहर राशि (रू.)
(1) श्री गिरिराज पाटीदार पुत्र श्री घासी राम पाटीदार (2) श्रीमती अवंति बाई पत्नी श्री गिरिराज पाटीदार, पता- हनुमान पाठी, भैंसोदा, तहसील नलखेडा, जिला अगर मालवा (म.प्र.)-465445 (3) श्री नरेन्द्र पाटीदार पुत्र श्री कैलाश पाटीदार, पता - मकान नं. 193, वार्ड नं. 07, हनुमान मोहल्ला, भैंसोदा, तहसील नलखेड़ा, जिला अगर मालवा (म.प्र.)-465445	10.08.2021 रूपये 1,53,36,375/- (अक्षरे रूपये एक करोड तिरेपन लाख छत्तीस हजार तीन सौ पिचहत्तर मात्र) दिनांक 03.08.2021 तक तथा इसके पश्चात् के ब्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त।	डायवर्सन भूमि (परिवर्तित भूमि) एवं उस पर निर्माण खसरा क्रमांक 355, पटवारी हल्का क्रमांक -23, ग्राम भैंसोदा, तहसील नलखेड़ा, जिला आगर मालवा (म.प्र.) -465445 में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 50,000 वर्गफीट है जो कि श्री गिरिराज पाटीदार पुत्र श्री घासी राम पाटीदार के नाम से है। चतुर्सीमाएं :- पूर्व- गिरिराज पटीदार की भूमि, पश्चिम - अवंति बाई पाटीदार की भूमि, उत्तर- रामकरण जी की भूमि, दक्षिण- कैलाश जी की भूमि।	दिनांक 03.11.2026 समय दोपहर 1.00 बजे एवं स्थान शाखा परिसर उदयपुर	(अ) आरक्षित मूल्य रू. 40,50,000/- (ब) धरोहर राशि रू. 4,05,000/-

नीलामी की शर्तें :- 1. उपरोक्त सम्पत्ति को उक्त अंकित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा। इच्छुक निविदादाताओं को **एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड, उदयपुर** के पक्ष में देय पे-आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में उक्त अंकित धरोहर राशि जमा करानी होगी। सफल बोलीदाता के मामले में कथित जमा राशि समायोजित कर ली जाएगी अन्यथा निविदा प्रक्रिया के पूर्ण होने पर वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. मुहरबंद निविदाएं धरोहर राशि सहित सीलबंद लिफाफे में जिस पर उपरोक्त सम्पत्ति जिस हेतु निविदा दी गई है का विवरण लिखा हो, **प्राधिकृत अधिकारी, एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड, उदयपुर** को दिनांक 02.11.2026 (अंतिम तिथि) सायं 5.00 बजे तक जमा कराई जा सकती हैं। 3. अंतिम तिथि के बाद/बिना धरोहर राशि के/अधूरा/किसी भी प्रकार की शर्तों सहित होने पर निविदा अमान्य होगी, निविदाएं दिनांक 03.11.2026 को प्राधिकृत अधिकारी एवं उपस्थित निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दोपहर 1.00 बजे विचारार्थ खोली जाएगी तथा निविदाकर्ताओं के मध्य आपस में बोली बढ़ाने के लिए अवसर दिया जाएगा और अधिकतम बोली को स्वीकार किया जाएगा। 4. अनुसूचित सम्पत्ति का निरीक्षण सम्पत्ति स्थल पर किया जा सकता है। 5. सफल बोलीदाता को बोली छूटने के 24 घंटे के अन्दर बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि समायोजित करते हुए) जमा करानी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। क्रेता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीलामी पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के अन्दर या अधोपदनामित के स्वविवेकानुसार दिए गये समय में शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। 6. प्राधिकृत अधिकारी सर्वोच्च ऑफर अथवा किसी/समस्त ऑफर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह बिना कारण बताए उसे अस्वीकार कर सकते हैं। 7. विधि अनुसार यथा प्रयोज्य हस्तान्तरण खर्च जैसे-स्टाम्प शुल्क पंजीकरण फीस इत्यादि हेतु देय प्रभार/शुल्क सफल बोलीदाता वहन करेगा। 8. सम्पत्ति "जैसी है-जहां है, "जैसी है-जो भी हैं" तथा "जो कुछ भी हैं" के आधार पर बेची जाएगी तथा अधोपदनामित के ज्ञानानुसार सम्पत्ति पर कोई बकाया नहीं है फिर भी यदि कोई बकाया होता हैं तो निविदाकार/खरीददार को जमा कराना होगा। 9. प्रति बोली बढ़ोतरी राशि रूपये 10,000/- या इसके गुणक में होगी। 10. बिक्री अधीन सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के प्रभार, लियन, भारग्रसता, सम्पत्ति कर अथवा सरकार व किसी अन्य को देय कोई प्रभार के लिये प्राधिकृत अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जायेगा। 10. बिक्री प्रमाण-पत्र निविदाकार के नाम से ही दिया जाएगा। 11. उक्त सम्पत्ति के लिए इच्छुक क्रेता नहीं आने पर या बोली स्वीकार नहीं करने के कारण सम्पत्ति को नियम 8(5) में वर्णित अन्य शक्तियों का उपयोग करते हुए बेचा जा सकेगा। 12. यह प्रकाशन उपरोक्त सभी ऋणियों/जमानतदारों को 30 दिन का विक्रय नोटिस भी है।

नोटः- एतद् द्वारा ऋणियों और जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि यदि आपके पास कोई उचित मूल्य देने वाले क्रेता उपलब्ध हो तो निविदा तिथि तक प्राधिकृत अधिकारी को सम्पर्क करें और सम्पत्ति उचित मूल्य पर शांतिपूर्वक विक्रय में सकारात्मक सहयोग देवें।

दिनांक : 24.09.2026, स्थान : उदयपुर **प्राधिकृत अधिकारी,** एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शब्बीर इब्राहीम तांबावाल पिता इब्राहीम तांबावाला निवासी साउत होम प्लांट नंबर 19 कांवेंट ऐवेन्यू सातांकुज वेस्ट मुंबई से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखड कमांक 55 कमरी मार्ग पथ कमाक 1 उज्जैन मे स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 225.56 वर्गमीटर है को क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि भी उन्हे अदा कर दी है व शेष राशि अदा कर शीघ्र ही अनुबंधीत भूखंड के विक्रय पत्र का संपादन करवाने जा रहे है। उक्त भूखंड पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखंड के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 24-09-2026 उज्जैन

संजय बसंल एडवोकेट
सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र
आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन समय
सुबह 11.00 से 07.00 बजे मो. 9827792292

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने तनवीर एहमद पिता जमील एहमद निवासी 8/2 गोंसा दरवाजा उज्जैन से उनके स्वामित्व एक आधिपत्य का भूखड कमांक 08 का भाग कमरी मार्ग उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 2196.72 वर्गफीट है को क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि भी उन्हे अदा कर दी है व शेष राशि अदा कर शीघ्र ही अनुबंधीत भूखंड के विक्रय पत्र का संपादन करवाने जा रहे है। उक्त भूखंड पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखंड के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 24-09-2026 उज्जैन

संजय बसंल एडवोकेट
सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र
आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन
समय सुबह 11.00 से 07.00 बजे
मोबाइल 9827792292

न्यूज-कॉलम

हनुमान नगर में धूमधाम से निकली गणेश जी की बरात

नीमच। हनुमान नगर कॉलोनी बधाना में हनुमान नगर कॉलोनी विकास समिति द्वारा श्री गणेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को श्री गणेशजी की बारात बड़ी धूमधाम से निकाली। कॉलोनी में जगह-जगह बारात का पुष्पवर्षा द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही कॉलोनीवासियों द्वारा बारात में श्री गणेश, शंकर भगवान, राधा कृष्ण, मीराबाई, रुक्मणी, नारद, आदि रूपों में सुंदर-सुंदर स्वरूप धारणकर बारात में भाग लिया। बारात का संचालन श्रीमती ज्योतिजी गोयल ने किया। साथ ही दस दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन के गेम्स, तंबोला, सुंदरकांड, पजन संध्या, छप्पन भोग लगाया द्यभगवान से खुशहाली हेतु पूजा- की गई।

निगम परिषद करेगी झांकी व अखाड़े के उस्तादों का सम्मान

रतलाम । अनंत चतुर्दशी पर्व पर रात्रि में निकलने वाली झांकियों व अखाड़ों के उस्तादों के खलिफाओं का सम्मान महापौर प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद व एल्डरमेन के द्वारा लोकेन्द्र टॉकिज चौराहे पर स्वागत मंच से किया जायेगा।

40 ग्राम स्मैक और 1.5 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दलौदा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ग्राम स्मैक और 1.5 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निदेर्शों पर थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी की टीम ने यह सफलता हासिल की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भावगढ़-दलौदा रोड पर ग्राम एलची के पास घेराबंदी कर एक मोटरसाइकिल सवार को रोका। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आरिफ पिता इशाक अजमेरी निवासी बादाखेड़ी बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 4 लाख रु. मूल्य की 40 ग्राम स्मैक और 3 हजार रु. मूल्य का 1.5 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मोटरसाइकिल और मोबाइल जब्त कर लिया है तथा मामले की आगे की विवेचना जारी है।

जिला पुलिस जन सुनवाई शिकायत शिविर में एस.पी ने 17 शिकायतों का किया निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा दिये गये निदेर्शों के पालन में दिनांक 22 सितम्बर को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री राजेश व्यास के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री राजेश व्यास द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की 17 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 74 फरियादियों द्वारा एसपी श्री राजेश व्यास के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री राजेश व्यास द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल, प्रशिक्षु उपुअ सुश्री दिव्या चन्द्रवंशी, प्रभारी रीडर टू पुलिस अधीक्षक, प्रभारी शिकायत शाखा, प्रभारी साइबर सेल सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट स्वयंसेवक हुए सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी



पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महा विद्यालय, पिपलियामंडी में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस उत्साह, सेवा भावना एवं सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम की तैयारियों से लेकर आयोजन एवं प्रस्तुतियों तक में एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वयं सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.सी. बोरीवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैयालाल लोहार के साथ मंच पर डॉ. चंद्रकला चौहान एवं प्रो. राधेश्याम कटारा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत प्रस्तुत किया गया। गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सेवा, सहयोग एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैयालाल लोहार ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उसके उद्देश्य एवं विद्यार्थियों के जीवन में एनएसएस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज से जोड़ना, उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना तथा सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है।

उन्होंने एनएसएस के आदर्श वाक्य च्च्हशह्ल रूद्ग क्रह्वह्ल ह्लशह्वह्ज्ज अर्थात मैं नहीं, आप की भावना को स्पष्ट करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का मूल उद्देश्य व्यक्तिगत हित से आगे बढ़कर समाज के हित में कार्य करना है।

एनएसएस विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने और सामाजिक समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है। इसके बाद विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने व्याख्यान एवं कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से एनएसएस के आदर्श वाक्यको प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



जन विश्वास अभियान अंतर्गत विधायक व कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सीतामऊ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में विधायक डंग और कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया। समय सीमा वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए।

दौरे के दौरान अधिकारियों ने ग्राम केलूखेड़ी में बायोग्रीन प्लांट का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता और संचालन की स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात ग्राम बिशनिया में सहकारी संस्था तथा उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर राशन के स्टॉक व वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। दल ने ग्राम मोतीपुरा में प्रधानमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र और पीएम श्री स्कूल का जायजा लेते हुए शैक्षणिक तथा अन्य व्यवस्थाओं को देखा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एसडीएम शिवानी गर्ग सहित जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनंत चतुर्दशी चल समारोह में पुलिस की रहेगी पैनी नजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

आगामी अनंत चतुर्दशी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए रतलाम पुलिस पूर्णतः अलर्ट मोड पर है।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिलेभर में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। पर्व के दौरान निकलने वाले चल समारोहों और विभिन्न आयोजनों की सुरक्षा के लिए मैदानी स्तर पर तगड़ा पुलिस बल तैनात रहेगा।

मैदानी सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस का सोशल मीडिया सेल भी पूरी तरह सक्रिय है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित होने वाले पोस्ट, वीडियो और कमेंट्स पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जा रही है।

किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है।

गांधीसागर डेम खानखेड़ी जीरो पॉइंट पर अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई

नीमच,। मनासा क्षेत्र के गांधीसागर डेम के डूब क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन की प्राप्त शिकायतों पर जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। दिनांक 23 सितंबर की रात्रि में जिला खनिज अधिकारी श्री जगनसिंह भिड़े, प्रभारी खनिज निरीक्षक श्री सुनील जाधव एवं टीम द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम खनाखेड़ी स्थित जीरो पॉइंट पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम खनाखेड़ी के पास गांधीसागर डेम के बैकवाटर में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए चार नावें जब्त की गईं। नावों को रखने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें मौके पर ही पानी में डुबो दिया गया।

न्यूज कालम



कलेक्टर एवं एसपी ने किया गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण

नीमच, । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित स्थलों ग्राम चल्दू नदी, बोरखेड़ी नदी एवं संजीवनी घाट जलाशय का निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन की व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने विसर्जन स्थलों पर क्रेन, नाव, गोताखोर, एसडीआरएफ टीम, चिकित्सा दल एवं एम्बुलेंस सहित की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीआरएफ एवं होमगार्ड की टीम को विसर्जन के दौरान सतर्क एवं अलर्ट रहने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक संसाधन एवं बचाव दल मौके पर उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल,एसडीएम श्री पराग जैन,सीएसपी श्रीमती किरण चौहान,तहसीलदार श्री संतोष कुमार सहित संबंधित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल, स्थानीय सरपंच एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, एसडीआरएफ, होमगार्ड तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

संजा बनाओ प्रतियोगिता 3 अक्टूबर को

नीमच। हमारी लोक संस्कृति को प्रदर्शित करती संजा को पुनः स्थापित करने के लिए नगर की अग्रणी संस्था कृति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा 3 अक्टूबर को संजा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कृति की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती आशा सांभर ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन गायत्री शक्ति पीठ के पास स्थित पुराने महिला वसति गृह के प्रांगण में अपरान्ह 4 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। सभी प्रतियोगियों को अपरान्ह 3.30 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पर संजा बनाने की सामग्री के साथ आना आवश्यक होगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ माधुरी चौरसिया ने नगर की संजा प्रेमी युवतियों और महिलाओं से संजा बनाओ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। प्रतियोगिता में सफल प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

सरस्वती स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प



मंदसौर। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा जिले में स्वदेशी सप्ताह की शुरूआत सरस्वती स्कूल से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत पूर्णकालिक हेमंत रावत ने किया। इस दौरान विभाग संयोजक अंकुश पालीवाल, पर्यावरण प्रमुख दिलीप व्यास और जिला संयोजक दिलीप चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता हेमंत रावत ने विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के महत्व, स्थानीय उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन और स्वदेशी शपथ का वाचन तहसील संयोजक अभिजीत सिंह चौहान ने किया।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- ज्योति पति सीताराम माने क्रेता- सीताराम पति विट्ठल माने वार्ड क्रं. 56 पता- 172/4 नई जीवन की फैल इन्दौर पिन- 1004527725 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- रमेश पिता भेरुलाल बामनिया क्रेता- पूजा परमार पति दीपक परमार पता- 456 शिवकंड नगर इन्दौर पिन- 1001295527 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनिल पिता श्री बाबूराम कटियार क्रेता- 1- शिवलाल यादव, 2- अनिकेत, 3- पिंकी पता- 185/3 गोविन्द नगर खारया गली नं.3 उज्जैन रोड इन्दौर पिन- 2000412309 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनिल पिता श्री बाबूराम कटियार क्रेता- श्रीमती स्वाती लोधी पति धर्मेन्द्र लोधी पता- 185 गोविन्द नगर खारया इन्दौर पिन- 2000412309 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनिल पिता श्री बाबूराम कटियार क्रेता- विवेक कर्मा पति राजेन्द्र कर्मा पता- 185 गोविन्द नगर खारया इन्दौर पिन- 2000412309 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनिल पिता श्री बाबूराम कटियार क्रेता- श्रीमती प्रभा साहू पति मनोहर साहू पता- 185 गोविन्द नगर खारया इन्दौर पिन- 2000412309 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-14
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- दिलीप लिखार पिता बालकिशन लिखार क्रेता- सुनीताबाई कोरडे पति गंगाधर कोरडे वार्ड क्रं. 85 पता- 667-बी-डी प्रजापत नगर इन्दौर पिन- 1001222748 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 14 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-14 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- अमित लालवानी पता- 2/2 हरसिद्धि मेनरोड इन्दौर पिन- 1001123428 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- दीपक गुलाब चंदानी, राजेश गुलाब चंदानी, अशोक गुलाब चंदानी पता-114 आर खातीवाला टैंक अभिषेक अपार्टमेंट एफ-2 इन्दौर पिन- 1001116996 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-18
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- कल्पक पिता हिम्मतभाई गांधी क्रेता- ममता पति पंकज गुप्ता वार्ड क्र. 63 पता- सर्वे क्रमांक 6/2, 6/5 प्र. 202-बी ओरेंज ओ.डी.सी. ब्लाक-बी नवलखा चितावद इन्दौर पिन- 1001303861 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-18
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- हरिओम पिता रामसिंह सिसोदिया क्रेता- अनुप पिता रमेशचंद्र, सनुप पिता रमेशचंद्र वार्ड क्र. 51 पता- 116, 115 उत्तर दिशा अभिषेक नगर मुसाखेड़ी इन्दौर पिन- 1004370389 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- मंजू जैन श्री पदम जैन वार्ड नं. 76 पता- 14 ऐरन वुण्डलेण्ड कालोनी इन्दौर पिन- 1004582393 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- लताबाई पति माखनलाल गौर क्रेता- 1- कुबरा पति अनवर हुसैन, 2- अनवर हुसैन पता- 3 (पुराना) नया 257 ममता कालोनी इन्दौर पिन- 1001060834 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नम: महामंत्र- पंडित नागर

तराना। केवल भगवान के ऊपर भरोसा रखें,भगवान से ऊपर किसी पर भी भरोसा ना रखें।श्रीमद् भागवत का सार भगवत गीता है, रामचरितमानस का सार सुंदरकांड है तथा सुंदरकांड का सार प्रभु की शरणागति है जो विभीषण ने प्राप्त की थी।सेवा परम धर्म है मंदिर में दिया जलाने से ज्यादा महत्व मंदिर में साफ सफाई का है।सेवा कार्य ही भगवान की सबसे बड़ी पूजा है उपरोक्त विचार प्रभु जी नागर ने स्थानीय तेजाजी चौक में आयोजित मालवा की द्वारका में भगवान द्वारकाधीश मंदिर के प्रांगण में कथा के चतुर्थ दिवस बुधवार को उपस्थित भक्त जनों के समक्ष व्यक्त किए।

मंडी सचिव चौधरी ने ली अनाज व्यापारियों की बैठक

महिदपुर रोड। मंगलवार को कृषि उपज मंडी सचिव प्रीतम सिंह चौधरी ने नगर में स्थित उप मंडी में अपनी उपज को बेचने आये किसानों की कृषि उपज खरीदने की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले अनुज्ञप्तिधारी अनाज व्यापारियों की बैठक लेकर किसानों उप मंडी व्यापारियों से चर्चा कर किसानों के हित में निर्णय लिये। उप मंडी प्रभारी चंदरलाल परमार ने बताया मंडी में नीलामी का समय सुबह 11 से 12:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली 2 बजे से तय किया गया। भावांतर भुगतान योजना 2026-27 के संबंध में जानकारी दी गई। तथा खरीफ सीजन शुरू होने से पहले सभी व्यापारियों को नाप तौल विभाग से अपने इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों का सत्यापन करवाकर उसकी एक कॉपी मंडी कार्यालय में जमा करने के बारे में मंडी व्यापारियों को बताया गया। बैठक में अविनाश जैन, राजकुमार चौधरी, निर्मल अरोरा , आशीष पोरवाल, महेंद्र अरोरा आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह को बड़ी जिम्मेदारी

सुसनेर। सुसनेर के पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह उर्फ गुड्डू भैया को भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने उन्हें जिला आगर की कोर कमेटी में सदस्य नियुक्त किया है। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा जारी नियुक्ति पत्र जिला अध्यक्ष ओम मालवीय को भेजा गया है। नियुक्ति की खबर से सुसनेर सहित पूरे जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है। कार्यकर्ताओं ने इसे सुसनेर क्षेत्र के लिए सम्मान बताया। गौरतलब है कि राणा विक्रम सिंह सुसनेर विधानसभा से विधायक रह चुके हैं और क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। कोर कमेटी में शामिल होने से जिले में पार्टी की रणनीति और संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

यूपीआई के माध्यम से भुगतान नहीं किया स्वीकार

महिदपुर रोड। बुधवार को नो यूपीआई डे मनाने के व्यापारी संघ के प्रांतीय निकाय के आव्हान पर नगर के किराना व्यापारियों सहित नमकीन विक्रेताओं गारमेंट्स विक्रेता तथा सब्जी व्यापारियों ने भी जो यूपीआई डे मना कर शासन की नई पॉलिसी का विरोध किया । दुकानों पर खरीदी करने आये ग्राहकों से यूपीआई के माध्यम से पेमेंट स्वीकार नहीं किया

छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाएं

जगोटी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के दिशा निर्देश के अनुसार राज्य सरकार द्वारा छात्र संघ चुनावों को लेकर प्रक्रिया संबंधी निर्णय लिया जाना है ऐसे में छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली के आधार पर किए जाने की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एन एस यू आइ द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरू को ज्ञापन दिया है। छात्र संघ चुनाव को लेकर दिए ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचन होने से छात्र शक्ति सीधे सीधे लोकतंत्रिय गतिविधियों से जुड पाएंगे।

नगर में आकर्षक झाकियां डोल ग्यारस पर्व पर निकली

खाचरोद। नगर में आकर्षक झाकियों का कारवां रातभर चला डोल ग्यारस पर्व आमजन ने खूब निहारा। भंडारे , फलाहारी खिचढ़ी, पानी , पोहे, जलेबी भुजिया, छाछ आदि खाद्य सामग्री निःशुल्क डोल ग्यारस पर भक्तों को वितरण किया गया।

नाबालिग सहित आरोपियों की भूमिका सामने आई, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त

व्यापारी से 1.49 लाख रुपये की चोरी का खुलासा, 4 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

उक्त निदेर्शों के पालन में थाना प्रभारी खुजनेर निरीक्षक रवि ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने व्यापारी से हुई 1,49,000 रु की चोरी का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गई 1,49,000 रु की संपूर्ण राशि बरामद करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की है। फरियादी रामचंद उर्फ चंदू पिता बिहारीलाल यादव 70 वर्ष, निवासी कृष्णपुरम मार्ग वार्ड क्रमांक 11 सिटी ब्यावरा ने थाना खुजनेर में रिपोर्ट की कि वह सेल्समैन का कार्य करता है। खुजनेर में सामान की सप्लाई करने एवं दुकानदारों से नगदी राशि लेने आया था। उसके पास एक थैला था, जिसमें दुकानदारों से प्राप्त करीब 1,49,000 रु नगद रखे हुए थे। शाम करीब 4:30 बजे वह गांधी ब्रदर्स की दुकान के सामने राजगढ़ चौराहा खुजनेर पहुंचा। इसी दौरान उसे महसूस हुआ कि उसके कुर्ता-पायजामा पर पीछे से लाल रंग का कोई तरल पदार्थ डाला गया है। वह दुकान से पानी लेकर अपने कपड़े साफ करने लगा तथा नगदी से भरा थैला गांधी ब्रदर्स की दुकान के बाहर



रखी बोरी पर रख दिया।

कुछ देर बाद उसने देखा कि बोरी पर रखा हुआ थैला वहां नहीं था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा थैला चोरी कर लिया गया था, जिसमें करीब 1,49,000 रु नगद रखे हुए थे।

फरियादी की रिपोर्ट पर घटना की गंभीरता को देखते हुए खुजनेर पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के सूक्ष्म विश्लेषण के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों एवं घटना से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए। प्राप्त सुरागों के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान एवं तलाश प्रारंभ की। तकनीकी एवं मैदानी जांच के दौरान पुलिस टीम आरोपियों तक पहुंची।

नाबालिग की भूमिका सामने आई

पूछताछ एवं विवेचना में घटना में एक नाबालिग बालक एवं आरोपी बादल पुत्र कृष्णा सिसोदिया 22 गुलखेड़ी थाना बोड़ा की सक्रिय भूमिका सामने आई तथा अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आने पर उन्हें प्रकरण में आरोपी बनाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गई 1,49,000 रु की पूरी राशि बरामद कर ली गई तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। सीसीटीवी फुटेज एवं विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर बादल की घटना में सक्रिय भूमिका सामने आई। बादल ने नाबालिग बालक के साथ मिलकर व्यापारी का ध्यान भटकाने एवं नगदी से भरा थैला चोरी करने की वारदात में भूमिका निभाई गई।

उमंग है तो जिंदगी में रंग है, चुनौतियों से लड़कर सकारात्मकता से गढ़ेंगे भविष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नकारात्मकता के भाव को कम करने तथा उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से 22 सितंबर को शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर में उमंग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मूल थीम उमंग है तो जिंदगी में रंग है, चुनौतियों से लड़कर सकारात्मकता से गढ़ेंगे भविष्य रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोहर बारेकर, जेल अधीक्षक उपजेल महिदपुर, डॉ. ज्योति मीणा, आरबीएसके चिकित्सक, महिदपुर तथा गोपाल सिंह राजपूत, उमंग काउंसलर, सिविल अस्पताल, महिदपुर उपस्थित



रहे। विद्यालय के प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशोर कुमार परमार द्वारा अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उमंग गीत एवं गायन से हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए लघु नाटिका, उमंग क्विज सहित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी रहने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

अतिथि उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन करने, उमंग एवं उत्साह के साथ जीवन जीने तथा तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अतिथि परिचय वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना अंतर्गत

सहायक उपकरण वितरण शिविर 28 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ **महिदपुर**

वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना अंतर्गत सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर दिनांक 28 सितंबर 2026, सोमवार को जनपद पंचायत परिसर महिदपुर में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए आधार कार्ड एवं आय प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा। पात्र हितग्राही की मासिक आय 15,000/- से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी प्रकार एडिप योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए यूडीआईडी कार्ड (न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता), आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, नामित प्रतिनिधि/जनप्रतिनिधि एवं स्व-प्रमाणित प्रमाण-पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज साथ लाना होगा। नगरपालिका महिदपुर क्षेत्र के समस्त पात्र वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ प्राप्त करें। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा उक्त शिविर की जानकारी अधिकाधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने हेतु जनसामान्य से अपील की गई।

29 सितंबर को होगा उप निर्वाचन

कलेक्टर-एसपी ने स्ट्रांग रूम सहित मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आगामी 29 सितंबर को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने सुसनेर पहुंचकर निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर एवं एसपी ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सुसनेर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था देखी तथा मास्टर ट्रेनर्स की देखरेख में चल रही ईवीएम की कमिश्निंग एवं अन्य तैयारियों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों से तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं देखीं

कलेक्टर डॉ. मीना एवं एसपी सोनी ने सुसनेर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 11 तथा संतोष कैथोलिक स्कूल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 7 एवं 8 का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

सेवा समर्पण अभियान अन्तर्गत

25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वां जन्मदिवस के अवसर पर सेवा समर्पण अभियान जो कि पूरे भारत भर में 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में तराना नगर के मास्टरमाइंड इंटरनेशन स्कूल में 25 करोड़ बच्चो के सपने का भारत कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल कार्यक्रम संयोजक सत्यनारायण पाटीदार विशेष अतिथि मंडल महामंत्री दीपक सोमानी नरेन्द्र सोलंकी,कार्यक्रम सह संयोजक सचिन बोड़ाना एवं विद्यालय के प्राचार्य आशीष पाटीदार थे।

मुख्य वक्ता जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुवे कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नही है बल्कि उस युवा पीढ़ी के प्रति एक विश्वास का संदेश है जो 2047 में विकसित भारत की कमान संभालेगी।इसके जरिये देश के 25 करोड़ बच्चो ओर छात्रों को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा ओर देश के विकास की यात्रा से जोड़ना है। महामंत्री दीपक सोमानी एवं कार्यक्रम सह संयोजक सचिन बोड़ाना ने भी अपनी बात रखी।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा 25 करोड़ बच्चो के सपनो के भारत पर अपने विचार व्यक्त किये एवं चित्रकला के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना अपने चित्रों के माध्यम से व्यक्त की गई। चित्रों का अवलोकन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अतिथियों को करवाया गया। संचालन सलमान सर एवं कु प्रिया जायसवाल द्वारा किया गया। अन्त में आभार विद्यालय संचालक सत्यनारायण पाटीदार ने माना।

नृत्य और भजनों के साथ जलझूलनी ग्यारस पर निकले डोल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के सभी समाज द्वारा जल झूलनी ग्यारस पर डोल निकाले गए इस दौरान कुमावत, यादव, बलाई, ब्राह्मण, माली, ठाकुर, गोस्वामी, महाजन के साथ आदि समाजों के डोल नगर के स्थानीय मंदिरों से प्रारंभ हुए जो नाग के एक निजी स्कूल के प्रांगण कचहरी में एकत्रित हुए ।

वर्षो की परंपरा के अनुसार नगर वसूली पटेल जसवंतसिंह राजपूत क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा द्वारा सभी डोल में विराजित भगवान लड्डुगोपाल जी की पूजा अर्चना की गई उसके बाद सभी डोल अपने निर्धारित मार्ग पर निकले इस दौरान कचहरी में एकत्रित हुए सभी डोल के समाज के मुखियाओं का नगर परिषद की ओर से अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,



मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद पालीवाल मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद्र सेठी अग्रवाल एल्डरमैन प्रदीप मंत्री मुकेश कुमावत मुरारी लाल लोधी द्वारा साफा बांध कर स्वागत किया गया उसके पश्चात उपस्थित सभी वरिष्ठो का भी स्वागत किया

इस दौरान विधायक डॉ सोनकर ने कहा कि जल झूलनी ग्यारस पर भगवान श्री कृष्ण डोल में सवार अपने भक्तों को दर्शन देकर आशीर्वाद देते हैं उक्त परंपरा या हमारी वर्षों पुरानी है इसमें धार्मिक एवं सामाजिक समरसता की एकता होती है जो की हमारे आगे आने वाली पीढ़ी को धार्मिक और सनातनी पर्व की पहचान हो और साथ ही नगर व क्षेत्र वासियों को जल झूलनी ग्यारस की शुभकामनाएं दी।

खरसौदकलां

डोल ग्यारस के पर्व पर मंगलवार को नगर में आस्था और उत्साह का नजारा देखने को मिला। विभिन्न समाजों की ओर से भगवान श्रीकृष्ण के झूले और आकर्षक झांकियां सजाकर चल समारोह निकाला गया। झिलमिलाती विद्युत सज्जा से सजे झूले, आकर्षक झांकियां और ढोल-नगाड़ों की गूंज के



बीच निकले चल समारोह ने नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया। जगह-जगह लोगों ने झांकियों का स्वागत किया और भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

नगर में आधा दर्जन से अधिक झूले और झांकियां शामिल हुईं। पाटीदार समाज के कृष्ण मंदिर, निमोर्ही समाज के चारभुजा मंदिर, यादव समाज के कृष्ण मंदिर, हनुमान दरवाजा स्थित राम मंदिर, अग्निहोत्री समाज के पहलवान , तथा व्यास परिवार के राम मंदिर झूले प्रमुख आकर्षण रहे। प्रत्येक झूले को समाजजनों ने अपनी-अपनी परंपरा और श्रद्धा के अनुरूप आकर्षक रूप से सजाया था।

रास्तेभर दिखाए अखाड़े के करतब

चल समारोह में झांकियों के साथ अखाड़े के कलाकार भी शामिल हुए। कलाकारों ने रास्तेभर विभिन्न शारीरिक करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित किया। युवाओं ने अखाड़े के प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करतब देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा रही। बच्चों में झूलों और झांकियों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।



तेजादशमी पर किटीया में लगा मेला

महिदपुर। ग्राम किटिया स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक नागकालेश्वर एवं तेजाजी मंदिर में तेजादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली सर्वप्रथम भगवान नागकालेश्वर एवं तेजाजी महाराज का विशेष श्रंगार कर अंगी रचना की गई इसके बाद हवन पूजन विधि विधान से यज्ञकर्ता पंडित दयानन्द शर्मा, सुंदरलाल अग्निहोत्री समेत पांच पंडितों के सानिध्य में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत पूरी होने पर सैकड़ो की संख्या में आस्था के निशान चढ़ाए गए दोपहर पश्चात पंडाजी गुमानसिंहजी सोलंकी द्वारा वार्षिक भविष्यवाणी की गई भविष्यवाणी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे। आरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण हुआ। इस दौरान किटीया में एक दिवसीय मेले का आयोजन भी हुआ। जानकारी मुकेश चौधरी द्वारा दी गई।

आयुर्वेद दिवस पर चिकित्सा शिविर का आयोजन



जगोटी सनातन काल से आयुर्वेद मानव जीवन का आधार रहा है वर्तमान समय में प्रदूषित वातावरण, आहार व व्यस्ततम जीवन शैली ने लोगों को अनेक प्रकार की व्याधियों से घेर लिया है ऐसे में आयुर्वेद एकमात्र ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम हम स्वस्थ जीवन यापन कर सकते हैं। आयुर्वेद के साथ यदि योग भी जीवन शैली का हिस्सा बन जाए तो अनेक प्रकार के रोगों से छुटकारा मिल सकता है। उक्त उद्गार राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद औषधालय जगोटी में आयोजित चिकित्सा शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा प्रिया पान्टेल ने व्यक्त किए। अतिथि सरपंच राहुल मुकाती ने भगवान श्री धन्वंतरी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। डा पान्टेल व डा टीना सेंगर ने ग्रामीणों व महिलाओं की बीपी, शुगर व होमोग्लोबिन की जांच कर निशुल्क औषधि वितरण किया। इस अवसर पर औषधालय के होशियार सिंह चौहान, विमला पाल, सुमित शर्मा, पंचायत सचिव पप्पू शर्मा, शा कन्या मा विधालय की प्रभारी भारती सक्सेना, आशा बैरागी, मनीषा राठोड़, शंकरलाल यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद थे।

चुनावी तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर हुई चर्चा



सुसनेर। नगर परिषद सुसनेर अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर भाजपा की चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। उपचुनाव कार्यालय में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं आगर जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान तथा उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान आगामी चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों और चुनावी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में सक्रियता के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और मतदाताओं से संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। भाजपा नेताओं ने संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को चुनावी तैयारियों का महत्वपूर्ण आधार बताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिंतामण राठौर, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिना प्रेम का ज्ञान कोरा ज्ञान है- पांचवें दिन की कथा में बोले पंडित व्यास



महिदपुर रोड। पोरवाल समाज के मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस की कथा के दौरान उद्धव प्रसंग को सुनते हुए भागवत कथा प्रवक्ता पं सुनिल कृष्ण व्यास ने कहा व्यक्ति ज्ञानवान बने यह ठीक है, लेकिन ज्ञान के साथ प्रेम का होना बहुत जरूरी है बिना प्रेम वाला व्यक्ति ज्ञान का अभिमानी हो जाता है। भगवान श्री कृष्ण ने प्रेम का पाठ पढ़ने के लिये जान बूझकर ब्रज में गोपियों के सामने भेजा ताकि प्रेम की पराकाष्ठा रूपी गोपी के जीवन में प्रेम का ऐसा पाठ पढ़ा कि ज्ञान वाला उद्धव प्रेमी बन जाये।अपने कथा में रास कीमहिमा को कहते हुए बताया जीवन के हर रस को पूर्ण कर देती है रास की कथा। आज की कथा में भगवान श्री कृष्ण के द्वारा द्वारिका का निर्माण हुआ और इस द्वारिका में भगवान का पहला विवाह रुक्मणी जी के साथ हुआ। कथा में विधायक दिनेश जैन बोस, कान्हा गुर्जर ने पंडित व्यास का आशीर्वाद लियापोरवाल समाज अध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया कथा एवं आरती के यजमान शिवनारायण गोवर्धन लाल काला (ताल वाले) व उनके परिजन रहे।



बैडस... अब सीजन 2 ला रहे आर्यन

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने पिछले साल वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ द बॉलीवुड' से निर्देशक के तौर पर अपना करियर शुरू किया। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया था। साल की सबसे लोकप्रिय सीरीज में से एक रही इस कहानी में फिल्मी दुनिया की वास्तविकता के साथ फैमिली ड्रामा दिखाया गया था। सीरीज के अंत में इसके असली टाइटल का भी पता चल गया था। खैर, आर्यन खान अब इस सीरीज का सीजन 2 लेकर आने वाले हैं। ताजा रिपोर्टस की मानें तो शूटिंग आने वाले मार्च में शुरू हो जाएगी। अभिनेता लक्ष्य, सहर बंबा, बॉबी देओल, राघव जुयाल, रजत बेदी, मोना सिंह और मनोज पाहवा समेत सभी कलाकार अपने पुराने किरदारों में वापसी करने वाले हैं। सीजन 2 में कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था।



रश्मिका का खूंखार रुप

रश्मिका मंदाना अपनी अगली फिल्म 'मैसा' में बड़े ही खूंखार अवतार में नजर आएंगी। इस फिल्म को भारत की पहली फीमेल लीड पैन-इंडिया फिल्मों में से एक बताया जा रहा है। अब तक रिलीज हुए पोस्टर से फिल्म के प्रति दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। इसे एक लेवल आगे बढ़ाते हुए मेकर्स ने नया पोस्टर जारी किया है। इसके साथ फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हुआ है। यह फिल्म इसी साल 27 नवंबर को दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। निमार्ताओं ने रश्मिका के किरदार का परिचय कराते हुए लिखा कि वह स्वभाव से बेहद सहनशील, अपनी पसंद से निडर और आत्मा से अटूट हैं। पोस्टर में रश्मिका हाथ में भाला लिए खून से लथपथ नजर आ रही हैं।



6 साल से हो रही साइबर निगरानी

मंदाना करीमी इसी साल मई में भारत छोड़कर दुबई में बस चुकी हैं। अपनी ताजा इंस्टाग्राम पोस्ट में एक्ट्रेस एक्ट्रेस ने ने कहा कि सुरक्षा कारणों और नई शुरूआत करने के चलते उन्होंने इस साल भारत छोड़ दिया था, लेकिन खौफ अभी भी खत्म नहीं हुआ है। कोई अज्ञात व्यक्ति लगातार उनकी निगरानी कर रहा है और उनका नाम खराब कर रहा है। मंदाना ने लिखा, ₹मैं इस वक्त छुट्टी पर हूं और ये सब फिर से शुरू हो गया है। पिछले 6 साल से मैं इस साइबर निगरानी (स्टॉकिंग) का सामना कर रही हूं। एक नकली अकाउंट से मेरे निमार्ताओं और सह-कलाकारों से पैसे मांगने और मेरे बारे में गलत बातें फैलाने वाले ईमेल भेजे जा रहे हैं। भारतीय पुलिस भी इस मामले में कुछ नहीं कर पाई है। मुझे समझ नहीं आता कि कौन मुझसे इतनी नफरत करता है कि मेरा काम, पैसे और दोस्त सब छीनना चाहता है।



ऋचा ने बताई लंबे ब्रेक की दास्तां

डिलीवरी में बह गया था बहुत ज्यादा खून

ऋचा चड्ढा आखिरी बार लगभग ढाई साल पहले संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आई थीं। इसके बाद जुलाई 2024 में उन्होंने अपनी बेटी जुनैरा इदा फजल को जन्म दिया और ब्रेक पर चली गईं। ऋचा अब वापसी की तैयारी कर रही हैं। वह 'मुसाफिरी' नाम का एक नॉन-फिक्शन शो लेकर आ रही हैं, जिसे वह खुद होस्ट करने वाली हैं। इस शो की राइटर और प्रोड्यूसर भी वह खुद ही हैं। ऋचा ने अब अपने लंबे ब्रेक की एक खास वजह बताई। उन्होंने कहा कि बेटी को जन्म देने से उनकी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ा था। उन्होंने कहा, मेरी नॉर्मल डिलीवरी हुई थी और खून बहुत ज्यादा बह गया था। इसका मेरे शरीर पर बहुत असर हुआ। मुझे आराम करना पड़ा। विटामिन लेने पड़े। इसलिए मैं काम नहीं कर पाई। सेहतमंद होने में मुझे बहुत समय लगा। मेरा दिमाग भी थका-थका सा रहता था। ऋचा अब दोबारा एक्टिंग की दुनिया में भी लौटने वाली हैं। उन्होंने बताया कि वह एक नई फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली हैं और आगे लगातार काम करती नजर आएंगी।

फेमिनिज्म को लेकर है बड़ी ही गलत धारणा...

फातिमा सना शेख वेब सीरीज 'हुंकारः द रोर' में एक जांबाज पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने हाल ही में 'फेमिनिज्म' यानी कि नारीवाद पर बात की, जिसे लेकर उनके मुताबिक आज भी कई लोगों के बीच गलत धारणा है। प्रियंका चोपड़ा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि खुद को फेमिनिस्ट कहना किसी कलाकार की लोकप्रियता को कम नहीं करता है। फातिमा ने कहा, ₹फेमिनिज्म को बहुत से लोग एक बुरे शब्द की तरह देखते हैं। यह देखकर हैरानी होती है कि कुछ अभिनेत्रियां भी खुद को फेमिनिस्ट नहीं कहती हैं। फेमिनिस्ट होने का मतलब यह नहीं है कि मैं किसी पुरुष के अधिकार छीन रही हूं। मैं तो सिर्फ अपने लिए बराबरी के अधिकार मांग रही हूं। खुद को फेमिनिस्ट कहने से दर्शकों का प्यार कम नहीं होता है। प्रियंका खुद को फेमिनिस्ट कहती हैं, जबकि उनकी फैन फॉलोइंग में पुरुषों की संख्या बहुत अधिक है



Sport

2 घरेलू सीजन के अधिकार मिले; करीब 35 इंटरनेशनल मैचों पर दिखेगा ब्लू मुथूट

भारतीय क्रिकेट का नया स्पॉन्सर बना मुथूट फिनकॉर्प

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय क्रिकेट के अगले दो घरेलू सीजन के लिए मुथूट फिनकॉर्प नया टाइटल स्पॉन्सर बन गया है। कंपनी को भारत में होने वाले इंटरनेशनल और घरेलू मैचों के टाइटल स्पॉन्सरशिप राइट्स 31 मार्च 2028 तक मिले हैं। इस दौरान करीब 35 घरेलू इंटरनेशनल मैच होंगे।

इस स्पॉन्सरशिप को ब्लू मुथूट नाम से पेश किया जाएगा। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, डील की बातचीत 4.85 करोड़ रुपए प्रति मैच के बेस प्राइस पर हुई है। हालांकि इउक के ऑफिशियल स्टेटमेंट के बाद ही बेस प्राइस की स्थिति साफ होगी। इस दौरान भारत में 10 टेस्ट, 12 वनडे और 13 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। यह डील तुरंत प्रभावी होगी। इसका असर 27 सितंबर से शुरू होने वाली वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में दिखाई देगा। खास बात यह है कि सीरीज का पहला मैच मुथूट के गृह राज्य केरल में खेला जाएगा। पहला वनडे 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में होगा।1997 में स्थापित हुई मुथूट फिनकॉर्प, कोच्चि के मुथूट परिवार की कंपनी है।



नए टाइटल स्पॉन्सर की घोषणा में देरी हुई थी। इसकी एक वजह अधिकारों के लिए गंभीर बोलीदाताओं की कमी बताई गई। ऊंची बेस कीमत भी इसकी वजह रही।

बीसीसीआई के आईटीटी के मुताबिक, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए टाइटल स्पॉन्सर का फैसला 13 अगस्त को होना था। हालांकि, कोई बोलीदाता सामने नहीं आया। इसके बाद बीसीसीआई ने संभावित कंपनियों से सीधे बातचीत शुरू की।

संजू को हटाकर वैभव को खिलाने पर बोले गंभीर

भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने संजू सैमसन को हटाकर वैभव सूर्यवंशी को खिलाने के फैसले को मुश्किल बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद वे पूरी रात सो नहीं सके।

इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में खेली गई 5 मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के पहले मुकाबले के बाद सैमसन को टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी जगह वैभव को मौका मिला और उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया। हालांकि, वैभव के डेब्यू वाले मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा। भारत यह सीरीज 4-0 से हारा था। गंभीर ने कहा कि वैभव शानदार फॉर्म में थे और भारत को सीरीज जीतनी थी। इसी वजह से सैमसन की जगह वैभव को खिलाने का फैसला लिया गया। गंभीर ने जियोस्टार से भारत के वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीजन से पहले बातचीत की। उन्होंने कहा कि सैमसन भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। जो खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहा हो, उसे तीन या चार मैचों के बाद बाहर करना आसान नहीं था।

अफगानिस्तान ने जापान को 48 रन से हराया

नई दिल्ली। अफगानिस्तान ने एशियन गेम्स की मेंस क्रिकेट में जीत के साथ अभियान शुरू किया। ग्रुप-ए के मुकाबले में अफगानिस्तान ने जापान को 48 रन से हराया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 129 रन बनाए। जवाब में जापान की टीम 19.3 ओवर में 81 रन पर ऑलआउट हो गई।

दुकान बेचना है

प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट

मोबाइल
8518800456
9981310034

आवश्यकता

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

वधु चाहिए

क्षत्रिय युवक 49, 6 फीट हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं, विधवा मान्य। शीघ्र विवाह।

संपर्क करें
9754109866

किराए से देना है

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

खरीदना / किराए से चाहीए

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

जमीन बेचना है

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।

संपर्क करें
940 6801069

मकान बेचना है

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

बेचना है

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

किराए से देना है

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी

संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

आवश्यकता है

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715,
9425094114

रद्दी बेचना है

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

प्रॉपर्टी बेचना है

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

प्रवेश प्रारंभ

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **पुणे को मिली विश्व चैंपियनशिप-** पुणे को 2032 यूसीआई साइक्लिंग रोड वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी मिली। यूसीआई कांग्रेस में भारत की उम्मीदवारी को मंजूरी दी गई।
- **सिंधु के सामने कड़ी चुनौती-** एशियन गेम्स बैडमिंटन में पीवी सिंधु पदक की दौड़ में बनी हैं। अगले मुकाबले में उन्हें चीन की चेन यूफेई की चुनौती मिलेगी।
- **लक्ष्य सेन का अहम मुकाबला-** एशियन गेम्स में लक्ष्य सेन को अगले मुकाबले में लोह कीन यू की चुनौती मिलेगी। भारतीय खिलाड़ी की नजर अगले दौर में जगह बनाने पर है।
- **सात्विक-चिराग फिर एक्शन में-** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी एशियन गेम्स में अगले मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरेगी।
- **शतरंज में भारत की शानदार जीत-** प्रज्ञानानंद और डी गुकेश की जीत से भारत ने इंग्लैंड को 2.5-1.5 से हराया। भारतीय टीम खिताबी दौड़ में बनी हुई है।
- **महिला शतरंज टीम मजबूत स्थिति-** भारतीय महिला शतरंज टीम ने जर्मनी को हराकर खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत रखी। सविता श्री ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया।
- **गंभीर ने हार्दिक को चेताया-** गौतम गंभीर ने चोट से वापसी कर रहे हार्दिक पंड्या को पर्याप्त मैच अभ्यास के बाद ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटने की सलाह दी।

मेंस टीम ने 8-2 से हराया, अभिषेक और दिलप्रीत ने 2-2 गोल किए

भारत की एशियाड में साउथ कोरिया पर बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸ मुंबई



भारत ने एशियन गेम्स के ग्रुप स्टेज के तीसरे मुकाबले में साउथ कोरिया को 8-2 से हरा दिया। चार बार की चैंपियन साउथ कोरिया के खिलाफ यह भारत की एशियन गेम्स में सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ भारतीय मेंस हॉकी टीम ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

भारत की ओर से अभिषेक और दिलप्रीत सिंह ने दो-दो गोल किए। भारतीय टीम ने मैच की शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और साउथ कोरिया पर दबाव बनाए रखा। भारत ने पहले क्वार्टर के चौथे मिनट में ही बढ़त बना ली। शिलानंद लाकड़ा ने गोल करके टीम का खाता खोला। सुखजीत सिंह ने नौवें मिनट में गोल किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में गेंद गोलपोस्ट में पहुंचाई।

इससे भारत ने शुरूआती 11 मिनट में 3-0 की बढ़त बना ली। साउथ कोरिया को संभलने का मौका नहीं मिला। 14वें मिनट में अभिषेक ने भारत के लिए चौथा गोल दागा। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में ही मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने दबदबा बनाए रखा। दिलप्रीत सिंह ने 26वें मिनट में गोल कर- के भारत की बढ़त 5-0 कर दी। तीसरे क्वार्टर में 32वें मिनट में दिलप्रीत ने अपना दूसरा गोल दागा। अभिषेक ने 38वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इससे भारतीय टीम को 7-0 की मजबूत बढ़त मिल गई। सात गोल से पिछड़ने के बाद साउथ कोरिया ने वापसी की कोशिश की।

न्यूज कॉलम

धार हाईवे पर चलती कार में अचानक लगी आग

धार। अमझेरा थाना क्षेत्र में इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर हातोद के पास गुरुवार को चलती कार में अचानक आग लग गई। कार राजगढ़ से इंदौर की ओर जा रही थी। आग लगते ही कार में सवार पुलिस सब इंस्पेक्टर ने वाहन रोककर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने की जानकारी आसपास मौजूद लोगों ने डायल-112 को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया था।


अवैध शराब परिवहन पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले में अवैध शराब के परिवहन को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। कांग्रेस नेता और आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस और आबकारी विभाग के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धार जिले के कुक्षी निवासी सरकारी कर्मचारी राधेश्याम गढ़वाल आलीराजपुर जिले में अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं। पटेल ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में पुलिस, आबकारी विभाग और जिला प्रशासन की मिलीभगत है।

48.7% कम बारिश, धार जिले को सूखा घोषित करने की मांग

धार। जिले में पिछले कुछ दिनों से बारिश थम गई है। तेज धूप के साथ गर्मी बढ़ने लगी है। किसान अब बारिश की उम्मीद छोड़कर रबी सीजन की फसलों को लेकर चिंता में हैं। किसानों का कहना है कि इस साल पिछले साल की तुलना में करीब आधी बारिश हुई है। उन्होंने प्रशासन से बारिश, फसल और जलस्रोतों की स्थिति का सर्वे कराकर धार जिले को सूखा घोषित करने की मांग की है। 24 सितंबर 2025 तक धार जिले में 1266.2 मिमी (करीब 49.85 इंच) बारिश दर्ज हुई थी। वहीं, 24 सितंबर 2026 तक इस साल जिले में सिर्फ 649.2 मिमी (करीब 25.56 इंच) बारिश हुई है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पत्थरबाजी



कार का शीशा टूटा, गुजरात से आ रहे राहगीर पर बदमाशों का हमला; जीतू पटवारी ने ट्वीट कर सरकार को घेरा

झाबुआ। दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर बुधवार रात वडोदरा के लखन जाट की कार पर पत्थर फेंका गया। पत्थर लगने से कार का पिछला शीशा टूट गया। लखन जाट ने धामनोद टोल प्लाजा पहुंचकर घटना की शिकायत की। घटना के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लखन जाट बुधवार रात कार से एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उनकी कार पर पत्थर फेंका। पत्थर लगने से कार का पिछला शीशा टूट गया। घटना में किसी बड़े हादसे की जानकारी नहीं है। घटना के बाद लखन जाट धामनोद टोल प्लाजा पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। एक्सप्रेस-वे के इस हिस्से में पहले भी वाहनों पर पथराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पथराव की घटनाओं को देखते हुए रतलाम और झाबुआ पुलिस ने संयुक्त निगरानी और गश्त की योजना बनाई है।

नैनो न्यूज

- **मंडी में चने के भाव बदले-** इंदौर मंडी में 23 सितंबर को चने का भाव 6,040 रु. से 6,750 क्विंटल रहा, गुणवत्ता के अनुसार कारोबार में अंतर दिखा।
- **मिर्च कारोबार में तेजी दिखी-** इंदौर मंडी में लाल मिर्च का मॉडल भाव 18,300 रु. क्विंटल दर्ज हुआ, ऊंचे भाव से कारोबारियों और किसानों की नजरें बाजार पर रहीं।
- **अरहर में भाव नरम पड़े-** इंदौर मंडी में अरहर के भाव 23 सितंबर को 6,900 रु. से 7,645 क्विंटल के बीच रहे, आवक और गुणवत्ता से भाव प्रभावित हुए।
- **गेहूं कारोबार में गतिविधि बढ़ी-** इंदौर कृषि बाजार में गेहूं समेत प्रमुख अनाजों की आवक और बिक्री जारी रही, व्यापारियों ने गुणवत्ता के आधार पर सौदे किए।
- **सब्जी मंडी में आवक जारी-** देवी अहिल्या फल-सब्जी मंडी में रोजाना कारोबार जारी है, स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों से सब्जियों की आवक बाजार गतिविधियों को बनाए रखती है।
- **अनंत चतुर्दशी से कारोबार प्रभावित-** झांकी मार्गों पर 25 सितंबर दोपहर से यातायात प्रतिबंध लागू होंगे। कपड़ा बाजार, राजवाड़ा और जवाहर मार्ग के कारोबार पर आवाजाही का असर पड़ सकता है।
- **बाजारों में वैकल्पिक रूट जरूरी-** अनंत चतुर्दशी पर एमजी रोड, क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार और राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात बदलेगा, व्यापारियों ने ग्राहकों को मार्ग की जानकारी देना शुरू किया।
- **कपड़ा बाजार में खरीदी बढ़ी-** कपड़ा कारोबार से जुड़े बाजारों में त्योहारी खरीदारी को लेकर व्यापारियों को ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है।

अनंत चतुर्दशी पर इंदौर यातायात पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक प्लान

आज दोपहर से झांकी मार्ग पर वाहनों की एंट्री बंद, भारी वाहनों के लिए भी डायवर्जन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अनंत चतुर्दशी पर 25 सितंबर को शहर में निकलने वाले गणेश झांकियों के भव्य चल समारोह को लेकर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। झांकियां शहर के अलग-अलग हिस्सों से निकलकर डीआरपी लाइन चौराहा पहुंचेंगी।

यहां से चिकमंगलूर चौराहा, जेल रोड, एमजी रोड, मृगनयनी, फ्रूट मार्केट, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार और राजवाड़ा होते हुए नगर निगम क्षेत्र से अपने-अपने स्थानों पर जाएंगी। चल समारोह को देखते हुए 25 सितंबर को शाम 3 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। भीड़ और यातायात के दबाव के अनुसार



प्रतिबंध का समय आगे-पीछे किया जा सकता है। नंदलालपुरा, यशवंत रोड, रामलक्ष्मण बाजार, नृसिंह बाजार, गोराकुंड, शक्कर बाजार, सुभाष चौक, राजवाड़ा और कृष्णपुरा पुल समेत झांकी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। इन क्षेत्रों में सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस ने लोगों से पहले से यात्रा की योजना बनाने की अपील की है।

इमरजेंसी वाहनों को छूट

एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस सहित अति आवश्यक सेवा वाले वाहनों को प्रतिबंध से छूट रहेगी। यातायात संबंधी समस्या या जानकारी के लिए नागरिक ट्रैफिक हेल्पलाइन 7049107620 पर संपर्क कर सकते हैं। यातायात संबंधी सुविधाओं के लिए इंदौर ट्रैफिक साथी एप का भी उपयोग किया जा सकता है। यातायात पुलिस ने नागरिकों से 25 सितंबर को अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहन लेकर नहीं जाने और निर्धारित डायवर्जन रूट का इस्तेमाल करने की अपील की है।

भारी वाहनों के लिए भी प्रतिबंध

अनंत चतुर्दशी पर भारी वाहनों की आवाजाही भी कई मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगी। इनमें रीगल-गांधी भवन, वल्लभ नगर-राजकुमार ब्रिज, पत्थर गोदाम-राजकुमार ब्रिज, परदेशीपुरा-भंडारी ब्रिज-डीआरपी लाइन, भागीरथपुरा-शिवालय, मरीमाता-इमली बाजार, बड़ा गणपति-टोरी कॉर्नर, वायरलेस-बड़ा गणपति, चंदन नगर-गंगवाल, पटेल प्रतिमा-संजय सेतु, महूनाका-कलेक्टर और गुलजार चौकी-कलेक्टर मार्ग शामिल हैं। **यहां पार्किंग पर रोक-** नंदलालपुरा, यशवंत रोड, रामलक्ष्मण बाजार, नृसिंह बाजार, जी. सच्चिदानंद, गोराकुंड, शक्कर बाजार, सुभाष चौक, राजवाड़ा और कृष्णपुरा पुल तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

झांकी मार्ग पर इन जगहों से एंट्री बंद

रामबाग, महेश जोशी तिराहा, सुभाष चौक पानी की टंकी, एसीपी कार्यालय मल्हारगंज, बड़वाली चौकी, इतवारिया बाजार, सब्जी मंडी, दरगाह चौराहा, मच्छी बाजार, पंढरीनाथ थाना तिराहा, गौतमपुरा तिराहा और कबूतरखाना चौकी समेत विभिन्न स्थानों से चल समारोह मार्ग की ओर वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

निगम ने लिखित आश्वासन दिया, प्रमुख चौराहों से हटाए जाएंगे पोस्टर-बैनर

सोशल एक्टिविस्ट का 9वें दिन अनशन खत्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सड़कों और चौराहों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टर हटाने की मांग को लेकर सोशल एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय का अनशन गुरुवार को 9वें दिन खत्म हो गया। 16 सितंबर को मरीमाता चौराहे पर अवैध बैनर-पोस्टर का वीडियो बनाने के दौरान मारपीट के बाद पांडेय रीगल चौराहे स्थित गांधी प्रतिमा पर अनशन पर बैठे थे। नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों ने कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद उन्होंने अनशन खत्म किया।

उन्होंने नारियल पानी पीकर अनशन खत्म किया। इस दौरान उन्होंने गांधी प्रतिमा पर फूल भी अर्पित किए। आंदोलन के दौरान अवैध बैनर-पोस्टर और स्वागत द्वार का मुद्दा शहर में चर्चा में रहा। पांडेय की तबीयत बिगड़ने के बाद



प्रशासन और निगम पर भी कार्रवाई को लेकर दबाव बढ़ा। अनशन खत्म करने के बाद पांडेय ने कहा कि बीती रात नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर केशव सिंह ने कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लोग उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे और उनके आग्रह पर उन्होंने अनशन खत्म किया है। पांडेय ने बताया कि उनके साथ मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। अवैध बैनर-पोस्टर नहीं लगें, इसके लिए उन्होंने हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में रिट पिटिशन भी दायर की है।

16 सितंबर को मरीमाता चौराहे पर अवैध बैनर-पोस्टर के वीडियो बनाने के दौरान पांडेय के साथ मारपीट हुई थी। इसके बाद वे रीगल चौराहे स्थित गांधी प्रतिमा पर अनशन पर बैठ गए थे। उन्होंने विधायक गोलू शुक्ला के समर्थक पर मारपीट का आरोप लगाया था।

प्रमुख चौराहों से बैनर-पोस्टर हटाने पर सहमति

एडिशनल तहसीलदार कमलेश कुशवाह ने कहा कि प्रशासन कुछ दिनों से पांडेय के संपर्क में था। उनकी मांग पर आश्वासन दिया गया है। नगर निगम अवैध बैनर-पोस्टर पर कार्रवाई कर रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। निगम उपायुक्त केशव सिंह सगर ने कहा कि पांडेय ने जिन प्रमुख चौराहों पर कार्रवाई की बात कही है, वहां शुक्रवार सुबह बैनर-पोस्टर और स्वागत द्वार हटाने पर सहमति बनी है। बुधवार को भी निगम ने अलग-अलग जगह कार्रवाई की थी।

पत्नी ने भी निगम गेट पर शुरू किया था अनशन

मंगलवार को निगम की जनसुनवाई में पांडेय की पत्नी संगीता ने अवैध बैनर-पोस्टर हटाने का आवेदन दिया था। उन्होंने 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर निगम के गेट पर अनशन की चेतावनी दी थी। कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार को वह निगम के गेट पर अनशन पर बैठ गईं।

विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस को मिली एमडी ड्रग

इंदौर में 55 ग्राम ड्रग के साथ 6 गिरफ्तार राजस्थान का सप्लायर भी हत्थे चढ़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया इलाके में फ्लैट में युवक-युवतियों के विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एमडी ड्रग के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 55 ग्राम से ज्यादा एमडी ड्रग बरामद हुई है।

पूछताछ में सामने आया कि ड्रग राजस्थान के झालावाड़ जिले के बड़ोद से सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने दो आरोपियों की निशानदेही पर राजस्थान के शेख अनस को भी इंदौर बुलाकर गिरफ्तार किया। अनस का 4 दिन बाद चंदन नगर में निकाह होना था और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। एसीपी पराग सैनी के मुताबिक लसूड़िया पुलिस को निरंजनपुर स्थित एक फ्लैट में युवक-युवतियों के विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां मौजूद लोगों के पास एमडी ड्रग मिली। पूछताछ के बाद पुलिस ने हर्ष शर्मा (40), रूपाली रावल (25) और रानी कौशल (33) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने एमडी ड्रग शहजाद चौधरी निवासी मालवीय नगर और मोहम्मद सद्दाम निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी से लेना बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होंने राजस्थान से ड्रग लेने की जानकारी दी। शहजाद और सद्दाम ने पुलिस को बताया कि वे राजस्थान के झालावाड़ जिले के बड़ोद निवासी शेख अनस से एमडी ड्रग लेते हैं।

आरबीएल बैंक के पूर्व मैनेजर पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में आरबीएल बैंक के तत्कालीन मैनेजर पर 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक मैनेजर ने 66 वर्षीय ग्राहक को बैंक की विशेष स्कीम में निवेश का झांसा देकर 15 लाख रुपए का चेक लिया। आरोप है कि रकम अधिकृत स्कीम में जमा कराने के बजाय साथी के बैंक खाते में ट्रांसफर करवा ली गई। शिकायत और जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को पूर्व बैंक मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। टीआई जितेंद्र यादव के मुताबिक, साईं कृपा कॉलोनी निवासी 66 वर्षीय सुनील कुमार देशपांडे की शिकायत पर आरबीएल बैंक, आरएनटी मार्ग के तत्कालीन मैनेजर कुमार मयंक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी कुमार मयंक पुत्र श्रीकृष्ण मिश्रा मूल रूप से बोकारो स्टील प्लांट, झारखंड का रहने वाला है। सुनील कुमार देशपांडे ने पुलिस को बताया कि मई 2020 में उनकी मुलाकात कुमार मयंक से हुई थी। इसके बाद 21 अगस्त 2021 को वे आरबीएल बैंक, ग्राउंड फ्लोर, फॉर्च्यून बिजनेस सेंटर, आरएनटी मार्ग पहुंचे थे। यहां तत्कालीन बैंक मैनेजर मयंक ने उन्हें बैंक की एक विशेष स्कीम में रकम निवेश करने की सलाह दी। मैनेजर की बात पर भरोसा करके देशपांडे ने निवेश के लिए 15 लाख रुपए का चेक दे दिया। इसके बाद वे अपने बेटे के पास कनाडा चले गए।

वर्क फ्रॉम होम जॉब के नाम पर छात्रा से ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वर्क फ्रॉम होम और पार्ट टाइम जॉब के नाम पर साइबर ठगों ने एक छात्रा को निशाना बनाया। इंस्टाग्राम पर नौकरी का विज्ञापन देखकर संपर्क करने वाली छात्रा से आरोपियों ने रजिस्ट्रेशन, लैपटॉप, इंश्योरेंस और इनकम टैक्स क्लियरेंस के नाम पर किस्तों में रुपए जमा करवाए।

ठगी का अहसास होने पर छात्रा ने राजेंद्र नगर थाने में शिकायत की। पुलिस ने बुधवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक सलोनी ने शिकायत में बताया कि 13 सितंबर को वह मोबाइल पर इंस्टाग्राम चला रही थी। इसी दौरान उसे नौकरी का विज्ञापन दिखा। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद उसका मोबाइल नंबर संबंधित एजेंसी तक पहुंच गया। इसके बाद एक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को रिक्रूटर बताया और कहा कि उसका नंबर जॉब के लिए शॉर्टलिस्ट हुआ है। रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर उससे 1500 रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। अगले दिन खुद को नामी एजुकेशनल कंपनी बायजू का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने सलोनी को कॉल किया। उसने नौकरी पक्की होने की बात कहते हुए कंपनी की ओर से लैपटॉप और मोबाइल देने का झांसा दिया। इसके लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर 9600 रुपए जमा करवाए। इसके बाद छह महीने के इंश्योरेंस के नाम पर 4800 रुपए और ले लिए।

सूदखोर महिला की प्रताड़ना से परेशान युवक ने लगाई फांसी

40 हजार का लिया था कर्ज, ब्याज सहित चुकाया, 8 हजार और मांगने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

छत्रीपुरा इलाके में बुधवार को 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने क्षेत्र की एक महिला पर कर्ज और ब्याज के लेन-देन को लेकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मृतक पेंटर और ढोल वादक का काम करता था।

घटना बारा भाई मोहल्ले की है। मृतक की पहचान सुरेंद्र पुत्र सुनील निवासी बारा भाई मोहल्ला के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक सुरेंद्र के बच्चों ने उसे फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्होंने बड़े पिता गणेश को जानकारी दी। सुरेंद्र के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। सुरेंद्र के बड़े भाई गणेश ने पुलिस को बताया कि इलाके की भूरी नाम की महिला ब्याज पर रुपए देने का काम करती है। करीब तीन महीने पहले सुरेंद्र ने उससे 40 हजार रुपए उधार लिए थे। परिवार का दावा है कि सुरेंद्र यह रकम ब्याज सहित वापस कर चुका था, लेकिन महिला का कहना था कि अभी 8 हजार रुपए और देना बाकी है। परिजनों के मुताबिक इसी लेन-देन को लेकर बुधवार को भूरी ने सुरेंद्र को बुलाया था। आरोप है कि वहां उसे अपमानित किया गया और लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

खाद्य तेल के गोदाम पर कार्रवाई

सोना सिक्का ब्रांड का 10,500 लीटर तेल जब्त, लाइसेंस भी नहीं मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खाद्य तेलों में मिलावट और गुणवत्ता की जांच को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने इंदौर में विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत बुधवार को मल्हारगंज और सियागंज में कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य तेल के कुल 11 नमूने जांच के लिए लिए, जबकि मल्हारगंज स्थित एक गोदाम से करीब 10,500 लीटर खाद्य तेल जब्त किया गया।

इसकी अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपए बताई गई है। कार्रवाई के दौरान मल्हारगंज स्थित एक गोदाम में खाद्य लाइसेंस भी उपलब्ध नहीं पाया गया। विभाग ने लिए गए सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब लैब रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यह अभियान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशन और कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इसका फोकस दूसरे राज्यों और मध्यप्रदेश के अन्य जिलों से इंदौर आने वाले खाद्य तेलों की गुणवत्ता की जांच और मिलावट की रोकथाम पर है।



मल्हारगंज के गोदाम से 9 सैंपल लिए, 21 लाख का स्टॉक जब्त

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने श्री श्याम एंड श्याम ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड, मल्हारगंज स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान यहां सोना सिक्का ब्रांड मूंगफली तेल और कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल के अलग-अलग पैकिंग साइज मौजूद मिले। अधिकारियों ने दोनों प्रकार के खाद्य तेलों के कुल 9 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने शंकर महादेव ट्रेडर्स, मेन रोड, सियागंज का भी निरीक्षण किया। यहां से प्रीमियम रिफाइंड ग्राउंडनट ऑयल और गुलाब कोल्ड प्रेस्ड ग्राउंडनट ऑयल के नमूने लिए गए।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com